राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट भी शामिल, आधिकारिक तौर ...

युद्ध में लापता और बंधक बनाए गए लोगों के परिजनों से मिले नेतन्याहू... 12

वर्ष : 11 | अंक : 157 | पटना, मंगलवार , 17 अक्टूबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

शारदीय नवरात्र का तीसरा दिन : मां चंद्रघंटा की पूजा

या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघण्टारूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता प्रसादं तनुते महयं चन्द्रघंटेति विश्रुता।।

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की जाती है। इस बार मां चंद्रघंटा की पूजा 17 अक्टूबर, मंगलवार को की जा रही है। इस दिन मां चंद्रघंटा की पूजा के साथ श्रद्धालु व्रत भी रखते हैं। जगत जननी दुर्गा के तीसरे स्वरूप देवी चंद्रघंटा में त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) तीनों की शक्तियां समाहित हैं। माना जाता है कि, माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना से भक्तों को सभी जन्मों के कष्टों और पापों से मुक्त मिलती है। ऐसा माना जाता है, माता रानी का चंद्रघंटा स्वरूप भक्तों पर कृपा करती है और निर्भय और सौम्य बनाता है। मां के दिव्य स्वरूप के ध्यान से हमारी मानसिक में स्थिरता आती है। यह स्वरूप हमें विनम्रता और सौम्यता का विकास कर संस्कारमय जीवन जीने का संदेश देता है।

मजबूत भारत-वियतनाम साझेदारी बनाएगी स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिन्द-प्रशांत : जयशंकर

विदेश मंत्री ने हनोई में 18वें भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक की

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। विदेश मंत्री वर्तमान में वियतनाम यात्रा पर हैं। उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन दिया। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में आगे विकास के लिए उनका मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। एक मजबूत भारत-वियतनाम साझेदारी स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिन्द-प्रशांत में योगदान देगी। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और उनके समकक्ष बुई थान सोन ने आज हनोई में 18वें भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्री ने बैठक को सार्थक बताया और कहा कि विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच हुई चर्चाओं में राजनीतिक, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, न्यायिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग शामिल था। साथ ही भारत-प्रशांत क्षेत्र, वैश्विक मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और विभिन्न बहुपक्षीय समूहों में हमारे सहयोग पर दृष्टिकोण भी साझा किया गया। विदेश मंत्री ने हिन्द-प्रशांत में भारत विषय पर वियतनाम की डिप्लोमैटिक अकादमी को संबोधित भी किया। उन्होंने हिन्द-प्रशांत निर्माण में सहयोग करने में समाये साझा हितों पर चर्चा की। आसियान की केंद्रीयता के महत्व को रेखांकित किया और क्वाड के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे भारत और वियतनाम अपनी स्वतंत्र सोच के साथ बहुध्रुवीय और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं।

जयशंकर ने वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के बाहरी संबंध आयोग के अध्यक्ष ले होई ट्रुंग के साथ भी विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री ने कहा कि इस दौरान प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत और वियतनाम का एक सा दृष्टिकोण स्पष्ट उभरकर आया है। विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष बुई थान सोन के साथ संयुक्त रूप से भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने वाले स्मारक टिकटों का अनावरण किया। कलारीपयट्टु और वोविनम को दशार्ने वाले टिकट खेल के प्रति दोनों देशों की साझा आत्मीयता को दशार्ते हैं और मजबूत सांस्कृतिक, सामाजिक और लोगों से लोगों के संबंधों का जश्न मनाते हैं। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को वियतनाम और सिंगापुर की छह दिवसीय यात्रा पर हनोई पहुंचे थे। वियतनाम से जयशंकर 19 से 20 अक्टूबर तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे।

जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, 117 लोगों की सुनी समस्याएं

पेयजल आपूर्ति में अनियमितता की शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त, शीघ्र कार्रवाई करने का दिए निर्देश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पेयजल आपूर्ति में अनियमितता की शिकायत पर सख्त दिखें और शीघ्र कारवाई का निर्देश दिए। दरअसल, सोमवार को 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में गया जिले से आये बृजनंदन पाठक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुये कहा कि गया शहर में पेयजल आपूर्ति योजना के क्रियान्वयन में बुडको द्वारा अनियमितता बरती गयी है। बुडको द्वारा जितना काम किया जाना था, उसका काफी काम अधूरा है। मुहल्लों में ठीक ढंग से पाइप नहीं बिछाया गया है। नये जलापूर्ति केन्द्रों का निर्माण, पुराने पानी टंकियों की मरम्मती, नये पानी के टंकियों का निर्माण जैसे कार्य अभी अधूरे पड़े हैं। इन कार्यों को पूर्ण कराया जाय। मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले से आए मनोज कुमार ने फरियाद करते हुए कहा कि हमलोग जहां रहते हैं वो महादलित टोला है, वहां संपर्क पथ नहीं बन पाया है, इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए ताकि हमलोगों का आवागमन आसान हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गया जिले से आए रंजीत कुमार ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि बिहार राज्य फसल योजना के तहत रबी फसल के लिए वर्ष 2020 में आवेदन किया था लेकिन अब तक सहायता राशि नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने सहकारिता विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। औरंगाबाद जिले से आए नंद किशोर कुमार ने फरियाद करते हुए कहा कि मुझे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमी योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

डीजल अनुदान वितरण में गड़बड़ी की शिकायत का शीघ्र समाधान हो

पटना। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में बांका जिले से आये राहुल कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि डीजल अनुदान वितरण में अनियमितता के कारण मुझे सहायता राशि नहीं मिली है, मेरे पंचायत के कुछ अन्य लोगों को भी इसका लाभ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीतामढ़ी जिले से आए हरिनारायण पासवान ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए सेलेक्शन होने के बाद भी मुझे इसका लाभ नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को जांचकर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समस्तीपुर जिले से आए अमन कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि विभूतिपुर प्रखंड स्थित सकरी चौर में जलजमाव की समस्या है, इसका निराकरण कराया जाए ताकि लोगों को आवागमन में सहुलियत हो सके। अररिया जिले से आये सुशांत कुमार पटेल ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि हमलोगों के यहां का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे बच्चों की पढ़ाई भी ठीक से नहीं हो पा रही है, लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है। उस पुल की मरम्मत करायी जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भोजपुर जिले से आए रितेश कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि तरारी प्रखंड के अंतर्गत भोपतपुर मोड़ से निरंजनपुर मोड़ तक नहर पक्कीकरण का कार्य कराया जाए, इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

महिलाओं को सशक्त बनाएगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाएगा। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के एक लेख के बारे में एक्स पर चर्चा करते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा उन्होंने अपने आलेख में बताया है कि हाल में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस तरह महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है और महिलाओं के लिए आह्वान है कि वह देश का नेतृत्व करें और उसे एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएं। उल्लेखनीय है कि रेड्डी ने बीते दिनों एक लेख लिखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम की तारीफ की थी। उन्होंने अपने लेख में लिखा था कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महज एक विधान का टुकड़ा नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण का प्रतीक है, एक जोरदार आह्वान है, जो नारी शक्ति के उत्थान और हमारे शानदार राष्ट्र को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने की उनकी तत्परता का संदेश देता है।

मिशन गगन यानः श्रीहरिकोटा से 21 अक्टूबर को होगा लॉन्च

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मिशन गगन यान के पहले परीक्षण उड़ान के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को बताया कि मिशन गगन यान का फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन (टीवीडी-1) परीक्षण उड़ान के लिए 21 अक्टूबर को निर्धारित है। यह परीक्षण उड़ान श्री हरिकोटा से 21 अक्टूबर सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच होगा। इसरो इस टेस्ट के जरिए क्रू एस्केप सिस्टम के असर को भी जांचेगा। यह ह्यगगन यानह्न मिशन का बेहद अहम हिस्सा है। इसकी मदद से 2024 तक भारत मानव-रहित और मानव-सहित अंतरिक्ष मिशन भेजने की योजना बना रहा है। उल्लेखनीय है कि मिशन गगन यान मानव सहित महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियान है जिसके चार चरण हैं। 21 अक्टूबर को मिशन का पहला चरण लॉन्च किया जाएगा। सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी2, टीवी-डी3 और टीवी-डी4 होंगी। इसरो ने हाल ही में अपने एक ट्वीट के जरिए जानकारी दी थी कि फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है, जो क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करता है।

संक्षिप्त खबरें

मोदी ने न्यूजीलैंड के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को न्यूजीलैंड के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन को आम चुनाव में उनकी पार्टी की जीत के लिए बधाई दी। आम चुनाव में उनकी पार्टी की जीत के लिए नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री लक्सन को हार्दिक बधाई। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

शेरेबीबी में 224 मीटर सेतु का निर्माण कार्य पूराः नितिन गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में लगभग 12 करोड़ की लागत से शेरेबीबी में 224 मीटर के दो-लेन के पुल का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। सोमवार को केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म पर पोस्ट कर बताया कि यह पुल एनएच-44 के रामबन से बनिहाल खंड पर स्थित है। इससे यात्रा दूरी 125 मीटर कम होगी और खड़ी ढलान से बचा जा सकेगा। इससे वाहनों की आवाजाही आसान होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान देगी और समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ाती है।

प्रधानमंत्री और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने नवीन पटनायक को दीं शुभकामनाएं

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को उनके जन्म दिन पर शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को जन्मदिन पर बधाई। उनके दीर्घ व निरामय जीवन की कामना करता हूं। इसी तरह केन्द्रीय शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को जन्मदिन पर शुभाकामनाएं।

2024 चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा वकील वरिंदर कुमार शर्मा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, संवैधानिक संशोधन को अनिश्चित अवधि के लिए रोका नहीं जा सकता। इसमें कहा गया है कि जनगणना और परिसीमन की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि सीटों की संख्या पहले ही घोषित की जा चुकी है और वर्तमान संशोधन मौजूदा सीटों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देता है।

प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर से ज्यादा इजराइल की चिंताः राहुल

प्रात : किरण

आइजोल/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर से ज्यादा इजराइल की घटनाओं से चिंतित हैं। मणिपुर में इस वर्ष मई से ही जातीय संघर्ष के कारण हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। कांग्रेस नेता गांधी ने शहर की सड़कों पर दो किलोमीटर की पदयात्रा के बाद आइजोल में राजभवन के नजदीक एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी मणिपुर अब एक संगठित राज्य नहीं रह गया है, बल्कि जातीय आधार पर दो राज्यों में बंट गया है। चुनावी राज्य मिजोरम की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस ने 1986 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर करके विद्रोह प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य में शांति स्थापित करने की पहल की थी। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री और भारत सरकार को इजराइल में जो (इजरायल-हमास संघर्ष) हो रहा है उसमें इतनी दिलचस्पी है, लेकिन मणिपुर में क्या हो रहा है उसकी कोई चिंता नहीं। मणिपुर में लोगों की हत्याएं की गईं, महिलाओं से छेड़छाड़ की गई और बच्चों को मार दिया गया। उन्होंने कहा, भारत की अवधारणा एक-दूसरे का सम्मान करने, सहिष्णु बनने, एक दूसरे के विचारों, धर्मों और भाषाओं से सीखने की है. यही भारत की अवधारण है जिस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हमला कर रही है। उन्होंने कहा, वे (भाजपा) विभिन्न समुदायों, धर्मों और भाषाओं पर हमला करते हैं और वे देश में नफरत और हिंसा फैलाते हैं। वे अहंकार और एक दूसरे को नहीं समझने की प्रवृत्ति को फैला रहे हैं जो भारत की अवधारण के पूरी तरह से खिलाफ है। मिजोरम विधानसभा के लिए चुनाव सात नवंबर को एक ही चरण में होंगे और मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

सैन्य कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन शुरू

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सेना के शीर्ष कमांडरों ने सोमवार को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों तथा सेना की समग्र लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा शुरू की। सैन्य कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन सोमवार से शुरू हुआ जिसमें सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में कमांडर अनेक विषयों पर विचार कर रहे हैं। इनमें 13 लाख कर्मियों वाली सेना में जारी सुधार प्रक्रिया, तीनों सेनाओं के बीच समन्वय के साथ सामूहिक कार्रवाई से संबंधित मामले और प्रमुख भूराजनीतिक घटनाक्रम जैसे अनेक मुद्दों पर मंथन किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 अक्टूबर को सम्मेलन को संबोधित कर सकते हैं। सैन्य कमांडरों को संबोधित करने वालों में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी शामिल हैं। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद भी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना विषय पर संबोधित करेंगे। सेना ने शनिवार को कहा था, शीर्ष नेतृत्व भारतीय सेना की अभियान संबंधी तैयारियों की समीक्षा करने के अलावा मौजूदा या उभरते सुरक्षा परिदृश्यों में मंथन करेगा। उसने कहा, वे इस समय जारी बदलाव प्रक्रिया, प्रशिक्षण संबंधी मुद्दे, एचआर प्रबंधन पहलू और सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों की समीक्षा के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन करेंगे।

बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर 19 अक्टूबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई के दौरान बृजभूषण की ओर से पेश वकील ने कहा कि शिकायत कॉस्मेटिक तरीके से दर्ज कराई गई, बृजभूषण ने पहलवानों को नोटिस जारी कर कभी ऑफिस में नहीं बुलाया। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने आरोप तय करने के मामले पर अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान बृजभूषण सिंह के वकील राजीव मोहन ने कहा कि ओवरसाइट कमेटी की रिपोर्ट दिल्ली पुलिस कमिश्नर को केंद्र सरकार ने भेजी थी। राजीव मोहन ने कहा कि पहला विरोध 18 जनवरी को जंतर-मंतर पर था। 19 जनवरी को एक पहलवान ने सरकार से मुलाकात की और कहा कि मैं अपना मामला सरकार के सामने रखना चाहता हूं।

विपक्ष के कुछ नेताओं ने फलस्तीनी दूतावास पहुंचकर एकजुटता प्रकट की

नई दिल्ली/एजेंसी। इजराइल और हमास के मध्य युद्ध के बीच बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता के सी त्यागी सहित कुछ विपक्षी नेताओं के एक समूह ने फलस्तीन की जनता के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए सोमवार को यहां फलस्तीनी दूतावास का दौरा किया। अली, अय्यर और त्यागी के अलावा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और समाजवादी पार्टी के सांसद जावेद अली खान भी दूतावास का दौरा करने वाले नेताओं में शामिल थे। भट्टाचार्य ने कहा कि वे गाजा में युद्ध और मानवीय संकट के मद्देनजर फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए दूतावास गए थे।

कार्रवाई पिछले 24 घंटों में गाजा में 455 लोगों की मौत और 856 लोगों के घायल होने की खबर

इजराइल-हमास संघर्ष में मरने वालों की संख्या पहुंच गई 4 हजार के करीब

प्रात : किरण

जेरूसलम/गाजा/एजेंसी। गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच भीषण संघर्ष में मरने वालों की संख्या 4,000 के करीब पहुंच गई है। सोमवार को लगातार 10वें दिन भी हिंसा जारी रही। आधिकारिक इजरायली सूत्रों के अनुसार, 7 अक्टूबर को पहली बार संघर्ष शुरू होने के बाद से 1,300 से अधिक लोग मारे गए। सूत्रों ने बताया कि उग्र हिंसा में अब तक 3,621 इजरायली घायल भी हुए हैं। हमास-नियंत्रित क्षेत्र में स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में मौतें बढ़कर 2,670 हो गई हैं, जबकि 9,600 से अधिक घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा में 455 लोगों की मौत और 856 लोगों के घायल होने की खबर है। मंत्रालय के एक प्रवक्ता अशरफ अल-कुद्रा ने कहा कि लगातार इजरायली हवाई हमलों के चलते आवासीय पड़ोस और अस्पतालों की ओर जाने वाली सड़कों पर बड़े पैमाने पर विनाश के कारण बचाव कार्यों में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए बने संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, गाजा में वर्तमान मौत का आंकड़ा साल 2014 की कुल मरने वालों की संख्या 2,251 को पार कर गई है। 2014 में सात सप्ताह से अधिक संघर्ष चला था। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा के अनुसार, संभवतः मलबे के नीचे दबे हुए लापता लोगों की संख्या 1,000 से अधिक हो सकती है। सोमवार की सुबह तक, घनी आबादी वाले इलाके में अनुमानित 6,00,000 लोग विस्थापित हो गए, जिनमें से लगभग 3,00,000 लोग वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी के आपातकालीन आश्रयों में शरण ले रहे हैं।

इजरायल ने गाजा में युद्धविराम की खबरों का खंडन किया

यरूशलम। इजरायल ने सोमवार को उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि वह हमास-नियंत्रित क्षेत्र में सहायता देने के लिए राफा सीमा को खोलने की अनुमति देने के लिए दक्षिणी गाजा में युद्धविराम पर सहमत हो गया है। टाइम्स ऑफ इजरायल ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के हवाले से कहा, फिलहाल गाजा पट्टी में मानवीय सहायता और विदेशियों के बाहर निकलने के लिए कोई युद्धविराम नहीं है। इससे पहले, रिपोर्टों में कहा गया था कि मिस्र और अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत इजरायल सुबह 9 बजे से गोलीबारी रोकने पर सहमत हो गया है। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, कई लिकुड मंत्री मिस्र के साथ राफा सीमा के माध्यम से गाजा पट्टी में सहायता की अनुमति देने के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में कथित अस्थायी संघर्ष विराम का जोरदार विरोध कर रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री इजरायल काट्ज का कहना है कि वह मानवीय आधार पर नाकाबंदी खोलने और गाजा में मालों की आवाजाही की शुरूआत का कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा, हमारी प्रतिबद्धता मारे गए और अपहृत बंधकों के परिवारों के प्रति है - हमास के हत्यारों और उनकी मदद करने वालों के प्रति नहीं। संस्कृति मंत्री मिकी जोहर ने कहा, जो लोग बच्चों का नरसंहार करते हैं, महिलाओं से बलात्कार करते हैं और बच्चों का अपहरण करते हैं, वे दया के पात्र नहीं हैं। इस बीच, हमास ने यह भी कहा है कि उसे रफा सीमा पार पर प्रस्तावित मानवीय संघर्ष विराम के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यरूशलम में अमेरिकी दूतावास की ओर से सोमवार सुबह एक सुरक्षा अलर्ट में मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया कि राफा क्रॉसिंग सोमवार सुबह 9 बजे खुलेगी।

दूतावास के बयान में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि राफा क्रॉसिंग पर स्थिति अस्थिर और अप्रत्याशित रहेगी। यह स्पष्ट नहीं है कि यात्रियों को क्रॉसिंग पार करने की अनुमति दी जाएगी या नहीं, या कब तक। गाजा और मिस्र के बीच राफा क्रॉसिंग आपूर्ति के लिए एकमात्र शेष आउटलेट है, लेकिन यह पिछले सप्ताह के अधिकांश समय से बंद है, जिससे न तो गाजावासी और न ही विदेशी नागरिक पार कर पा रहे हैं। गाजा में लोगों के लिए कई टन महत्वपूर्ण मानवीय आपूर्ति सीमा के मिस्र की ओर जमा हो गई है।

संक्षिप्त खबरें

हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

फतुहा। बीते रविवार को पुलिस अनुमंडल के खुशरूपुर थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि ग्राम बड़ा हसनपुर एन. एच. 30 फोरलेन पुल के पास चार व्यक्ति हथियार लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने हेतु एकत्रित हुए हैं। एसडीपीओ सियाराम यादव के नेतृत्व में खुशरूपुर थानाध्यक्ष गंगा सागर सिंह ने टीम का गठन कर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में रौशन कुमार पिता कल्लु मिस्त्री, मुन्ना कुमार पिता करूण सिंह दोनों सा० छोटी नवादा थाना खुशरूपुर एवं विकास कुमार पिता सुदामा सिंह सा० चैनपुर थाना खुशरूपुर, जिला पटना को अवैध दो देशी कट्टा, तीन जिन्दा कारतूस, एक कारतूस का खोखा, दो स्मार्टफोन, एक हिरो होण्डा मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

ट्रेन के बोगी से अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर खगौल। सोमवार को दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर वन ए के पूर्वी छोर के पास खड़ी गाड़ी संख्या 12295 डाउन संघमित्रा एक्सप्रेस के अगले जनरल बोगी से लावारिस अवस्था में रखा एक पिंटू बैग और एक झोला जीआरपी पुलिस ने बरामद किया है। जब थाने लाकर उस बैग व झोला की तलाशी ली गई 36 पीस टेट्रा पैक व 13 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ। इस संबंध मे जीआरपी थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि पुलिस शराब को जप्त कर आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।

एएनएम की परीक्षा में पूनम ने बिहार में सेकेंड टॉपर

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल की ओर से एएनएम के द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई है।घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में पूनम कुमारी 575 अंक प्राप्त कर राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त की है। पटना के राजेंद्रनगर स्थित राजकुमारी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल की छात्र पूनम ने सफलता का श्रेय एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में कार्यरत पति घनश्याम गिरी के साथ ही मायका और ससुराल के लोगों के सहयोग बताया है। उन सबों के सहयोग और उत्साहवर्धन से ही वह य सफलता प्राप्त कर पाई हैं।

अग्रसेन जयंती व सम्मान समारोह 20 को

पटना सिटी (प्राकि)। अग्रवाल समाज के संस्थापक महाराजाधिराज श्री अग्रसेन महाराज की जयंती सह सम्मान समारोह का आयोजन मारवाड़ी सेवा समिति पटना सिटी के तत्वावधान में 20 अक्टूबर को किया जा रहा है। चौक स्थित मुरारका कंपाउंड में होने वाले आयोजन क लेकर समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा और संयोजक राजेश चौधरी ने बताया कि समारोह का उद्घाटन उद्योग मंत्री समीर महासेठ करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूमि एवं सुधार राजस्व मंत्री आलोक मेहता, विशिष्ट अतिथि, विधान पार्षद ललन सराफ व समाजसेवी कमल नोपानी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान समाज के 10 विभूतियों को समाजसेवा रत्न से सम्मानित किया जाएगा। स्व सीता देवी साह एवं स्व ओपी साह की पुण्य स्मृति में श्री अग्रसेन की रसोई के माध्यम से लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। राजस्थानी संस्कृति को इस कार्यक्रम में दशार्या जाएगा। समारोह को सफल बनाने के लिए राजकुमार गोयनका, राहुल अग्रवाल, मनोज खेतान, सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, अनूप पोद्दार, आदर्श अग्रवाल व विष्णु झुनझुनवाला सक्रिय हैं।

बिहार नगर सेवा संघ का रविवार को चुनाव हुआ संपन्न

दानापुर। बिहार नगर सेवा संघ का रविवार को चुनाव हुआ संपन्न नगर परिषद पालीगंज के कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार अध्यक्ष निर्वाचित हुए।उपाध्यक्ष जय कुमार, महासचिव अरविंद कुमार सिंह, संयुक्त सचिव कन्हैया कुमार और कोषाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता हुए। बताया जाता है कि कुल 130 मतदाताओं में 108 ने अपना मत देने पहुंचे। निर्वाचित अध्यक्ष ने बताया कि संघ को मजबूती प्रदान करने का काम करेगें।जिन अधिकारियों को अभी तक आफिस नहीं मिला है। उन्हें आफिस दिलाने को लेकर प्रयास करेंगे।

लोगों ने एक युवक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया।

दानापुर। थाना क्षेत्र के लखनीबिगहा में एक बालक की सोने के लॉकेट काटने के मामले में लोगो ने एक युवक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में लखनीबिगहा निवासी गुड्डी देवी ने लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले दर्ज कर आरोपित जैकी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया जाता है कि लखनीबिगहा निवासी गुड्डी देवी का पोता घर के पास खेल रहा था। तभी उसके गले से सोने का लॉकट काट जैकी भागने लगा। जिस पर लोगो ने उसे पकड़ लिया उसके पास से लॉकट बरामद किया गया। जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि आरोपित जैकी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कल राष्ट्रपति के आगमन को ले तख्तश्री में सफाई व रंग-रोगन

आईबी व विशेष शाखा रख रहे हर गतिविधियों पर नजर

पटना सिटी (आनंद केसरी)

देश की प्रथम नागरिक और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 अक्टूबर को दशमेश पिता के अवतार स्थल तख्तश्री हरिमंदिर की पटना साहिब दर्शन-दीदार को पहुंच रही हैं। इसे लेकर तख्तश्री कमेटी के पदाधिकारीगण, कार्यालय के पदाधिकारी से लेकर सेवादार तक व्यवस्था को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

वहीं इंटेलिजेंस ब्यूरो और राज्य की विशेष शाखा के द्वारा भी परिसर के अंदर और बाहर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति महोदय के आने को लेकर हम सभी उत्साहित हैं। उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जाएगा। इसे लेकर दरबार साहिब, मुख्य प्रवेश द्वार, वीआईपी लाउंज, रिसेप्शन, मीटिंग हॉल से लेकर मोदीखाना और लंगर हॉल को सजाया-संवारा जा रहा है और रंग-रोगन भी कराया जा रहा है। अधीक्षक दलजीत सिंह और मैनेजर हरजीत सिंह इन सारे कार्यों की निगरानी कर रहे हैं और सारा काम बेहतर तरीके से हो, इसके लिए काम

के घंटे से अधिक समय देकर उसे अंजाम देने में लगे हैं। इन दोनों ने बताया कि चूंकि बुधवार को राष्ट्रपति महोदय को आना है, इसलिए सारी तैयारियां हर हाल में कल तक पूरी कर लेनी है। ऐसे में सफाईकर्मियों, सेवादारों से लेकर काम में लगे अन्य लोगों को भी रात्रि सेवा में लगाया गया है। कारण कि दिन में संगतों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में काम करना थोड़ा मुश्किल होता है। यहां अशोक राजपथ से लगे मुख्य दर्शनी ड्योढ़ी के गेट को रंग-रोगन कराया गया है। वहीं मंगल तालाब सब-स्टेशन के क्रेन की मदद लेकर दीवारों को धोने का काम किया गया है। वीआईपी लॉउंज, रिसेप्शन का एरिया, मीटिंग हॉल के साथ ही इसमें प्रवेश करने वाले रास्ते का भी रंग-रोगन कराया गया है। वहीं दरबार साहिब में सीलिंग का रंग-रोगन कराया गया है। दीवारों की सफाई कराई गई है। मोदीखाना, लंगर हॉल में भी साफ-सफाई के साथ ही जहां दाग-धब्बे या कुछ और था, वहां भी व्यवस्थित करने का काम किया गया है या किया जा रहा है। विशेष शाखा के एडीजी, आईजी और एसपी के भ्रमण के बाद अंडरग्राउंड पार्किंग से तख्तश्री कमेटी के अधीन रहे वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों को हटाने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में प्रबंधक हरजीत सिंह ने ऐसे वाहन मालिकों को सूचित किया है। दो-चार वाहन को छोड़कर बाकी शाम तक हटा लिया गया है और बाकी बचे वाहन को रात में या कल सुबह तक हटा लिए जाने की बात कही गई है।

विशेष शाखा के अधिकारियों ने भी तख्तश्री परिसर में सभी प्रवेश द्वार का मुआयना किया है। यहां प्रतिनियुक्ति किए गए सैप और बीएमपी के जवानों को अलर्ट किया गया है। साथ ही इंटेलिजेंस ब्यूरो और विशेष शाखा के पदाधिकारीगण भी तख्तश्री परिसर के अंदर और आसपास की गतिविधियों से लेकर अन्य जानकारियां जुटाने में लगे हैं। साथ ही तख्तश्री परिसर के अंदर रह रहे सेवादार से लेकर ग्रंथी, रागी, कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मी, सेवादारों पर भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही परिसर के अंदर बाहर से आए संगत भी रह रही है, तो उस पर भी पूरी तरह से ध्यान दिया जा रहा है। फिलहाल जो संगत यहां आ रही है, उसे ठहरने के लिए परिसर के बाहर स्थित आवास में कमरा दिया जा रहा है।

तख्तश्री कमेटी व जत्थेदार मामले में शांति

इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध को लेकर बरती जा रही सतर्कता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारत के राष्ट्रपति के तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में आने और लौटने के दौरान बिना किसी विघ्न और बाधा के संपन्न हो जाए, इसके लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण लगातार प्रयासरत हैं। यही कारण है कि लगातार अधिकारियों का तख्तश्री पटना साहिब में आगमन, निरीक्षण और कमेटी के पदाधिकारी के साथ बातचीत हो रही है। दरअसल बतौर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जब अक्टूबर, 21 में आए थे, तब उस वक्त तख्तश्री कमेटी में विवाद चल रहा था। उस वक्त पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने स्पष्ट तौर पर कमेटी के पदाधिकारी एवं अन्य लोगों को सख्त चेतावनी दी थी, यदि कुछ भी ऐसा हुआ, तो अंजाम बुरा होगा।

हालांकि नवंबर, 22 में भी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जब आए थे, उस वक्त भी तख्तश्री पटना साहिब की स्थिति अशांत सा बना था। जत्थेदार पद को लेकर विवाद चल रहा था। मामले को लेकर अंततः श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को हस्तक्षेप करना पड़ा था। उन्हें बाद में आदेश जारी करना पड़ा कि



ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन एवं ज्ञानी इकबाल सिंह दोनों तख्तश्री परिसर को खाली कर दें और परिसर में न रहें और न ही दरबार साहिब में जाकर सेवा करें। उस आदेश को ज्ञानी रणजीत सिंह ने मानते हुए फेसबुक लाइव कर अपनी बात रखी और परिसर को छोड़ दिया था, मगर ज्ञानी इकबाल सिंह सेवा करते रहे। जब पूर्व राष्ट्रपति यहां पहुंचे थे, तब उन्होंने उनका सत्कार किया और सरोपा भी देने का काम किया था। यही कारण रहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के द्वारा उन्हें बाद में तनखैया घोषित किया गया था। उस वक्त विपक्ष में रहे महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन और राजा सिंह ने समानांतर बैठक कर अपने को अध्यक्ष और महासचिव घोषित कर लिया था। हालांकि वर्तमान में ऐसी स्थिति नहीं है। हालांकि पदाधिकारी के बीच मतभेद और मनभेद है। कमेटी के सदस्य राजा सिंह, महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन, डॉ गुरमीत सिंह अध्यक्ष जगजोत सिंह के साथ हैं। कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह भी अध्यक्ष के साथ हैं। महासचिव इंद्रजीत सिंह के साथ सचिव हरबंश सिंह और वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह हैं।

हरपाल सिंह जौहल और चरणजीत सिंह को सदस्य मानने को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद है। फिर भी राष्ट्रपति के आने को लेकर उनके आगमन और स्वागत से लेकर प्रस्थान तक कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों के बीच फिलहाल कोई विवाद की स्थिति दूर-दूर तक नहीं दिख रही है। खुफिया सूत्रों का एक इनपुट जरूर है कि अभी जो इजरायल और फिलीस्तीन के बीच जो युद्ध चल रहा है, उसमें भारत ने इजराइल का समर्थन किया है। इसे लेकर एक खास वर्ग के लोग विरोध जता रहे हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर भीड़ में से कहीं कोई इस मुद्दे को लेकर नाराबाजी या काला झंडा न दिखा दे। वैसे पुलिस प्रशासन एनएच 30 के महादेव स्थान से लेकर शहीद भगत सिंह चौक और यहां से चमडोरिया मोड़ के बीच पूरी तरह से सतर्क स्थिति में है कि राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान को बिल्कुल शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा सके।

वार्ड 58 में तीन सामुदायिक भवन का उद्घाटन

सास ने किया शिलान्यास व बहू ने जनता को सौंपा

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड संख्या 58 में तीन सामुदायिक भवन का उद्घाटन सोमवार को किया गया। 45 लाख 43 हजार की लागत से बने तीनों सामुदायिक भवन का पूर्व मंत्री सह विधायक नंदकिशोर यादव और महापौर सीता साहू ने उद्घाटन किया। इसके तहत काजीबाग स्थित पुरानी प्रणामी मंदिर सामुदायिक भवन, माखनपुर रोड स्थित तैलिया ठाकुरबारी सामुदायिक भवन और पुरानी सिटीकोर्ट स्थित दुसाध टोली अखाड़ा सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया। पूर्व मंत्री ने सामुदायिक भवनों के निर्माण और विकास की योजना को साकार करने का संकल्प दोहराया। समारोह में महापौर सीता साहू ने कहा कि नए सामुदायिक भवन के निर्माण और

विकास की योजना पर कार्य करने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता पार्षद श्वेता कुमारी ने की। दरअसल इन तीनों बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास बतौर महापौर और पार्षद सीता साहू ने किया था और अब उद्घाटन बहू के साथ पार्षद श्वेता कुमारी के द्वारा किया गया। श्वेता ने कहा कि जिस तरह से उनकी सास श्रीमती सीता साहू ने वार्ड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा, उसी तरह से नगर निगम से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को अपने वार्ड में लाकर विकास करने का काम करेंगी। साथ ही नगर निगम से हट कर भी स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव और सांसद रविशंकर प्रसाद से भी बड़ी योजनाओं में सहयोग लेने का काम करेंगी। समारोह में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र, महापौर प्रतिनिधि शिशिर कुमार, जितेंद्र कुमार जीतू, बद्री गुप्ता, संजय कश्यप, विनोद शौण्डिक, नवीन कुमार सिन्हा, अतुल कुमार सिन्हा, सुदामा प्रसाद, मनोज भट्ट, चुल्लू, रेखा देवी, ममता देवी, नीलम देवी आदि उपस्थित थीं।

प. दरवाजा से मालसलामी के बीच अतिक्रमण पर प्रमं आयुक्त ने लिया संज्ञान

सिटी एसडीओ को किया जा रहा निदेशित : कुमार रवि

पटना सिटी प्रात : किरण संवाददाता

अशोक राजपथ पर पश्चिम दरवाजा से मालसलामी के बीच अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने की बात पटना सिटी व्यापार मंडल के द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि से चलाने का आग्रह किया गया था। उनसे कहा गया था कि वह बिना पुलिस एस्कॉर्ट के निजी वाहन से आएं, तो आप खुद इस दूरी में अतिक्रमण और यातायात जाम की स्थिति देखकर दंग और परेशान हो जाएंगे। इस खबर को हिन्दी दैनिक प्रातःकिरण ने 16 अक्टूबर के अंक में वरीयता के आधार पर प्रकाशित किया था। इस पर संज्ञान लेते हुए प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा कि वह इस संबंध में पटना सिटी एसडीओ को निर्देशित कर

खबर का असर है

पश्चिम दरवाजा से मालसलामी के बीच नहीं चलता अतिक्रमण, लोग बेहाल

पटनासिटी व्यापार मंडल प्रशासन से लगा चुका है गुहार

रहे हैं और जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। साथ ही दोबारा अतिक्रमण कायम नहीं हो, इसे भी सुनिश्चित कराया जाएगा। दरअसल अशोक राजपथ यूं ही संकरा है। उस पर से पश्चिम दरवाजा से लेकर झाऊगंज और हाजीगंज मोड़ से लेकर मालसलामी के बीच अतिक्रमण होने के कारण यातायात जाम की समस्या बनी रहती है।

अजीमाबाद अंचल के द्वारा शायद ही कभी पश्चिम दरवाजा से मच्छरहट्टा के घघा गली मोड़ के बीच अभियान चलाया जाता है। यदि अभियान चलाया भी जाता है, तो जैसे ही अतिक्रमण हटाने वाली टीम आगे बढ़ती है और पीछे से अतिक्रमणकारियों दुकान लगा दिया जाता है। इसे फिर दोबारा मॉनिटरिंग करने की जहमत नहीं उठाया जाता है। स्थिति तो यह है कि खावाजेकलां थाना भी इसी क्षेत्र में पड़ता है। यदि कोई बड़ी घटना घट जाए और पुलिस को तत्काल गश्ती गाड़ी लेकर घटनास्थल पर पहुंचना हो, तो शायद देर हो जाएगी। यही स्थिति अग्निशमन गाड़ियों और एंबुलेंस को लेकर भी है। दरअसल पटना नगर निगम का अजीमाबाद अंचल और पटना सिटी आंचल इस दूरी में अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर कतई गंभीर नहीं है। जब भी वीवीआईपी मूवमेंट होता है, तो इस दूरी में अतिक्रमण को स्थानीय थाना की पुलिस के द्वारा हटा दिया जाता है और जैसे ही मूवमेंट समाप्त होता है, अतिक्रमणकारी फिर से काबिज हो जाते हैं। सड़क पर ठेला, कामर्शियल वाहन, दोपहिया वाहनों का पार्किंग बेतरतीब ढंग से होता है। वहां से लेकर पैदल चलने वाले सभी सड़क पर ही चलने को मजबूर हैं।

प्रमुख मंदिरों में पूजा-अर्चना को भीड़

अगमकउआं शीतला मंदिर रंगीन रोशनी में नहाया

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्र पर शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी व छोटी पटनदेवी, अगमकुआं शीतला माता मंदिर समेत अन्य भगवती मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सोमवार को भी धार्मिक अनुष्ठान किए गए। बड़ी पटनदेवी के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना का अनुष्ठान आरंभ हुआ। फिलहाल ब्रह्म मुहूर्त में सुबह भगवती की पूजा आराधना भोग के बाद आरती की जाती है और सुबह 5:00 बजे भक्तों के दर्शन और पूजन के लिए भगवती का पट खोल दिया जाता है जितनी रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ होती है तब तक पट खुला रहता है वैसे समानता रात 10 बजे पट बंद कर दिया जाता है।

छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, गड़हा पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, छोटू पुजारी व जयप्रकाश पुजारी ने बताया कि मंदिर में पूजन दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है समूह को पंक्तिबद्ध तरीके से पूजा करने का प्रयास किया जा रहा है यहां कलश स्थापना कर श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया जा रहा है मंदिर को रंगीन रोशनी से नहाया गया है और परिसर में भी प्रकाश की व्यवस्था की गई है।

गड़हा स्थित पटनदेवी मंदिर में बबलू पांडेय ने अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया। सर्वमंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, काली मंदिर खाजेकलां व मंगल तालाब दीरापर, पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर के साथ अन्य भगवती मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इसके अलावा बड़ी देवी जी मारूफगंज व महारागंज, नया गांव पूजा समिति, श्री बड़ी देवी की खाजेकलां के अध्यक्ष अमरजीत उर्फ ट्विंकल गुप्ता ने बताया कि भगवती की प्रतिमा तैयार है ख्वाजा कल सब्जी मंडी रोड में रंगीन रोशनी से सजावट की जा रहा है यहां भगवती की प्रतिमा का दर्शन करने और पूजा करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं।

यहां महाअष्टमी को विशेष प्रसाद का वितरण किया जाता है। विसर्जन शोभा यात्रा के लिए भगवती को ट्रॉली पर सवार कर भद्र घाट के लिए ले जाया जाता है। साथ ही तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर सहित दर्जनों पूजा समितियों की ओर से नवरात्र के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई।

16 पैकेट गांजा के साथ दो गिरफ्तार, बाइक जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदारगंज थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान हनुमानचक के पास से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ की गई। इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया कि एएसआई अभिनंदन कुमार पुलिस बल के साथ विशेष गश्ती एवं कांड के अनुसंधान में सोमवार को निकले थे। इस दौरान पूर्वाह्न करीब 8.50 बजे वह हनुमानचक के पास लोगों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान एक

मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति जा रहा था। बीच में सीट पर उजला रंग का बोरा रखा था। उस पर शक होने पर पुलिस ने उसे रुकवाया। इसके बाद बीच में रखे बोरा के बारे में पूछताछ किया। इस पर दोनों ने बताया कि इसमें गांजा रखा है। इसके बाद पुलिस पदाधिकारी के द्वारा इसकी सूचना थानाध्यक्ष एवं वरीय अधिकारियों को दी गई। जब उसे उजले बोरा को खोला गया, तो उसमें खाकी रंग के टेप से लपेटा हुआ 16 पैकेट बरामद हुआ। सभी पैकेट एक-एक किलो वजन का था और उसमें गांजा था। दोनों को पुलिस हिरासत में लेकर थाना लायी। यहां पूछताछ की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों ने पूछताछ के दौरान यह खुलासा नहीं किया कि गांजा कहां से लेकर चला और कहां पहुंचाना था। करीब 16 किलो गांजा की कीमत बाजार मूल्य में करीब 50 हजार रुपया है। गिरफ्तार लोगों में वैशाली जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र के मलिकपुर के रहने वाले 25 साल के राजीव कुमार पिता राम जन्म राय और दूसरा विधि विरुद्ध यानी नाबालिग है। दोनों के खिलाफ थाना में कांड 353 दर्ज किया गया है, जिसमें धारा 20 (बी)(ए)(सी 27(ए) एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है। दल में सअनि अभिनंदन कुमार, पीटीसी दयाकांत राय, सिपाही अंकित कुमार कुमार और रामाकांत राम शामिल थे। मोटरसाइकिल पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एफक्यू 8695 लिखा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

मुख्यमंत्री ने सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी का किया शुभारंभ

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कंकड़बाग स्थित सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी (विकिरण विभाग) का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने वहां स्थापित आधुनिक उपकरण रेडिएशन मशीन का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कैंसर की रोकथाम के लिये जागरूकता को लेकर बैलून भी उड़ाया। सवेरा कैंसर अस्पताल में रेडिएशन की सुविधा उपलब्ध होने से कैंसर रोग संबंधित किसी प्रकार के इलाज के लिये मरीजों को एक ही साथ जरूरी सभी विकल्प उपलब्ध होंगे, जिससे मरीजों को सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री को सवेरा कैंसर अस्पताल के चेयरमैन पद्मश्री डॉ आरएन सिंह ने अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक डॉ संजीव कुमार, सवेरा कैंसर अस्पताल के चेयरमैन पद्मश्री डॉ आरएन सिंह, सवेरा कैंसर अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ बीपी सिंह सहित अन्य वरीय चिकित्सकगण उपस्थित थे।

महागठबंधन सरकार ने शिक्षा व्यवस्था का किया बंटाधार : प्रभाकर

गेस्ट फैकल्टी व जेआरएफ के भरोसे चल रहे कॉलेज

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। महागठबंधन सरकार ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था का बंटाधार कर दिया है। मंत्री और अधिकारी के बीच 36 का रिश्ता है। सुधार के नाम पर शिक्षकों को परेशान और अपमानित किया जा रहा है। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि एनडीए के शासनकाल में बिहार में जो शैक्षणिक सुधार हुआ था, वह महागठबंधन की सरकार में चौपट हो गया। कॉलेज शिक्षकों की बहाली अटका हुआ है। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की खासी कमी है। पटना विश्वविद्यालय में स्थिति इतनी खराब है कि अनेक विभाग गेस्ट फैकल्टी और जेआरएफ के भरोसे पर है। राज्य के शैक्षिक संस्थानों में पठन-पाठन का माहौल नहीं है। अनेक स्कूल-कॉलेजों में पुस्तकालय नहीं है। पटना जिला के 3486 सरकारी स्कूलों में से 828 में ही पुस्तकालय है। श्री मिश्र ने कहा कि असल में महागठबंधन सरकार के शीर्ष नेताओं को कभी पढ़ाई-लिखाई से खास मतलब नहीं रहा। नौवीं कक्षा की योग्यता वाले उपमुख्यमंत्री के पद पर विराजमान हैं। ये लोग शिक्षा के महत्व को क्या समझेंगे। महागठबंधन सरकार ने राज्य में शिक्षा का बेड़ा गर्क कर दिया है।

दशहरा पर नगर निगम तीन पालियों में कराएगा सफाई

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। पटना नगर निगम सिटी व अजीमाबाद अंचल की ओर से दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडालों और सड़कों पर तीन पालियों में सफाई कराई जाएगी। सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रमुख पूजा पंडालों को चिह्नित कर वहां विशेष सफाई अभियान चलाने का कार्य किया जा रहा है।

घर-घर कचरा उठाने से लेकर कचरा प्वाइंट के कचरा को साफ उठाने के लिए सफाई गाड़ियों का फेरा बढ़ाया गया है। वार्ड स्तर पर चिह्नित 200 स्थानों पर खराब लाइट को दुरुस्त कराने का काम कराया जा रहा है। सड़कों की धुलाई और सफाई भी मशीन से कराया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी के अनुसार महामहिम के आगमन को लेकर वार्ड संख्या 62 और 66 में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अजीमाबाद अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी मो नुरूल हक शिवानी व मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार पूजा पंडालों व मंदिरों के पास नियमित तौर दो पालियों में सफाई कराने का काम करा रहे हैं। इसकी मानिटरिंग भी की जा रही है। सड़कों की धुलाई व सफाई के साथ गाड़ियों से कचरा उठाव कार्य भी कराया जा रहा है।

मन्नालाल स्वीट वेंचर का हुआ शुभारंभ एक छत के नीचे शाकाहारी रेस्टोरेंट भी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। दानापुर। मन्नालाल स्वीट वेंचर का भव्य शुभारंभ कृपानंद टावर पीसीएस मोर सगुना मोर से आगे ददन हांडी के बगल में आज हुआ।उद्घाटन समारोह में पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद विधायक संजीव चौरसिया नितिन नवीन पटना की मेयर सीता साहू उपमेयर रश्मि चंद्रवंशी, अमर गुप्ता, नवाज अहमद, धनंजय कुमार सिन्हा, अनूप नारायण सिंह समेत कई गणमान्य जन उपस्थित थे।इस अवसर पर आलोक चौबे अमन फरीदी पपिया गांगुली जैसे कलाकार भी चार चांद लगाएं ।अमर गुप्ता ने बताया कि वह अपने दादाजी के नाम पर इस बड़े स्वीट वेंचर और रेस्टुरेंट चैन को पूरे बिहार में खोलने जा रहे हैं उसी कड़ी में पटना के सगुना इलाके में इसकी शुरूआत हो रही है जहां एक छत के नीचे सभी प्रकार की मिठाइयां स्नैक्स के साथ ही साथ शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट होम

डिलेवरी की भी व्यवस्था की गई है उन्होंने बताया कि खान-पान पकवान में बिहार के प्रोडक्ट को भी बढ़ावा देना उनका मुख्य मकसद है। इस अवसर पर नवाज अहमद ने कहा कि पारंपरिकता और शुद्धता का स्वाद जानें !हम आपको आमंत्रित करते हैं, जहाँ मिठाई बनाने की कला को शुद्ध देसी घी और उत्तम सामग्रियों के साथ पूरी तरह से सौंदर्यकृत किया जाता है। भारतीय मिठाई का सच्चा स्वाद जानने के लिए हमारी दुकान में कदम रखें।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि मन्नालाल जी के साथ उनके पारिवारिक संबंध रहे हैं अब उनके नाम पर प्रतिष्ठानों का खुलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

त्योहार को लेकर नगर में सफाई अभियान चलाया गया

दानापुर नगर के अंतर्गत दुर्गा पूजा त्योहार पर्व को लेकर नगर में साफ सफाई एवं स्वच्छता को लेकर नगर परिषद कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित किया गया। बैठक में दुगार्पूजा दीपावली और छठ पर्व को लेकर साफ सफाई को लेकर विचार विमर्श किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कर्मियों और सफाई निरीक्षक व एजेसी के लोग शामिल हुए। बैठक में मंगलवार से सफाई का विशेष अभियान चलाने को निर्देश दिया गया। जिसमें खास कर पूजा पंडालों, गंगा घाट और मुख्य मार्गो की साफ-सफाई को लेकर शिफ्टों में टीम का गठन करने का निर्णय लिया गया। त्योहारो में खासकर दिन और रात में भी सफाई को लेकर विशेष रूप से कार्य करने का निर्णय लिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में कई बडे होटल रेस्टोरेंट है जो कचड़ा बाहर फेकते है।

लाभुकों को अनुदान व सहायता राशि का भुगतान ससमय हो : नीतीश

जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 117 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। समस्तीपुर जिले से ही आए शिवशंकर साह ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि इंदिरा आवास की दूसरी किश्त की राशि नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गोपालगंज जिले से आये राकेश राम ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे परिजन की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर मिलने वाली सहायता राशि अब तक नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शिवहर जिले से आयी ज्ञांति देवी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी मां जल संसाधन विभाग के कार्यालय में परिचारी थीं। उनके देहांत के 10 साल गुजर जाने के बाद भी अब तक अनुकंपा के आधार पर नौकरी नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। रोहतास जिले से आये अमित कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि ने अनुचित बिजली बिल निर्गत कर दिया गया है, जिससे मुझे काफी परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

इन विभागों से संबंधित मामलों पर हुई सुनवाई :

जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सोमवार को मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 117 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, ऊर्जा विभाग, पथ निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, जल संसाधन विभाग, उद्योग विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, परिवहन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, योजना एवं विकास विभाग, पर्यटन विभाग, भवन निर्माण विभाग, वाणिज्य कर विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, गन्ना (उद्योग) विभाग तथा विधि विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुयी।

ये रहें मौजूद :

जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, जल संसाधन सह सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत, सहकारिता मंत्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ललित कुमार यादव, लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री मो आफाक आलम, पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी,पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव,प्रधान सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह तथा वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री अजय मंडल को सदाकत आश्रम में दी गई श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व बिहार सरकार के पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री अर्जुन मंडल के पार्थिव शरीर को सोमवार को पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए लाया गया। पार्टी के वयोवृद्ध नेता अर्जुन मंडल जी का कल इंदिरा गांधी आर्युविज्ञान संस्थान में निधन हो गया था। कांग्रेस की परंम्परा के मुताविक राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे हुए उनके पार्थिव शरीर को पार्टी मुख्यालय में लाया गया जहां सैकड़ों कांग्रेसियों ने अपने दिवंग्त नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। याद रहे कि बिहार सरकार ने उनकी अत्योष्टि पूरे राजकीय सम्मान के साथ किये जाने की घोषणा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह की ओर से पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक ने दिवंग्त नेता को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके अलावा श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले नेताओं में विधायक प्रतिमा कुमारी दास, प्रमोद कुमार सिंह, लाल बाबू लाल, अजय कुमार चैधरी, हसीब खान, डा विनोद शर्मा, शशिकांत तिवारी, अजित कुमार शुक्ला ,मंजीत आनन्द साहू, प्रदुम्न यादव, मृणाल अनामय, रवि गोल्डन, सुदय शर्मा, अरूणा सिंह, हीरा सिंह वग्गा, ई कामरान, अब्दुल बारी उर्फ सज्जन, मो मजहरूल शामिल हैं।

मंडल सादगी के प्रतिमूर्ति थे : श्रवण कुमार

पटना। बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य तथा बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री अर्जुन मंडल के निधन पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संवेदना में मंत्री ने कहा है कि मंडल सादगी के प्रतिमूर्ति थे। अपने व्यवहार, वचन एवं कर्म में जनता के हितों एवं उनके कल्याण की बाते वे हमेशा समाहित रखते थे तथा उस अनुरूप कार्य करते थे। उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में रिक्तता उत्पन्न हो गई है। मंत्री ने मृतक की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है तथा दुःख की इस घड़ी में शुभचिंतकों एवं परिवार के सदस्यों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है ।

जातीय आंकड़े से भाजपा नेताओं की बढ़ी तिलमिलाहट : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि जातीय आंकड़े के प्रकाशन के बाद से भाजपा नेताओं की तिलमिलाहट कुछ ज्यादा हीं बढ़ गई है। इसी वजह से उनके बयानों में विरोधाभास और असहजता दिखाई पड़ने लगी है। भाजपा के कई नेता तो बोलने के क्रम में भाषाई मयार्दा भी भूल जाते हैं। केन्द्रीय मंत्री से लेकर बिहार के पूर्व मंत्री और सांसद भी नुक्कड़ पर के लम्पटों की भाषा बोलने लगे हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि पिछड़ों और दलितों को उनका हक और अधिकार मिले। आरएसएस द्वारा पूर्व के जनसंघ और आज के भाजपा के गठन का बुनियाद हीं पिछड़ा और दलित विरोध का रहा है। भारतीय संविधान लागू होने के समय से हीं समानता और आरक्षण का विरोध तत्कालीन जनसंघ द्वारा किया जाता रहा है।

व्यवहारिक तौर पर भी जब भी मौका आया जनसंघ और भाजपा ने पिछड़ों और दलितों के राह में रोड़ा बनने का काम किया। 1967 में जब पहली बार बिहार में गैर-कांग्रेसी सरकार बनने की स्थिति हुई तो गैर-कांग्रेसी दलों में सबसे बड़े घटक दल संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी जिसके विधायकों की संख्या 68 थी , के नेता कपूर्री ठाकुर जी को मुख्यमंत्री बनने का 25 विधायकों वाली पार्टी जनसंघ द्वारा विरोध किया गया। फलतः महामाया प्र. सिन्हा जी को मुख्यमंत्री बनाया गया। इसी प्रकार 1977 में जब केन्द्र में जनता पार्टी की सरकार बन रही थी तो लोकनायक जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम जी को प्रधानमंत्री बनाना चाह रहे थे पर जनता पार्टी में शामिल पूर्व के जनसंघ घटक ने विरोध किया और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। 1977 में हीं बिहार में कपूर्री ठाकुर मुख्यमंत्री बने और बिहार में आरक्षण लागू किया तो पूर्व जनसंघ घटक के नेताओं ने साजिश कर कपूर्री जी की सरकार को अपदस्थ कर दिया। 1990 में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी द्वारा जब मंडल आयोग की अनुशंसा को लागू किया गया तो उसके विरोध में भाजपा के लोग न केवल सड़क पर उतर गए बल्कि मंडल के खिलाफ कमंडल लेकर निकल गए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादवे के पहल पर जब बिहार की महागठबंधन सरकार द्वारा एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जातीय जनगणना कराकर उसके आंकड़े जारी कर दिए गए हैं तो भाजपा अपने संपोषित कुछ नेताओं द्वारा भ्रम पैदा करने की नापाक हरकत कर रही है।

अधिकांश सीटों पर भाजपा की होगी जमानत जब्त : राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि बिहार में हर बीतते दिन के साथ भाजपा की हालत बद से बदतर होती जा रही है। साढ़े 9 वर्षों के अपने शासन में जनता के साथ किये एक भी वादा पूरा नहीं करने से आम जनता इनसे ऐसे ही नाराज है और अब जातिगत गणना का विरोध कर इन्होने 36 प्रतिशत अतिपिछड़ों को भी अपने विरोध में कर लिया है। इससे तय है कि भाजपा चाहे कितना भी जोर लगा ले, आगामी चुनाव में यह लोग 2 या 3 सीटों पर ही मुकाबले में रहेगी और अधिकांश लोकसभा सीटों पर इनके प्रत्याशियों के लिए जमानत बचाना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में अपनी कमजोर स्थिति को भाजपा भी भांप चुकी है। खबरों के मुताबिक राज्य की असलियत बड़े नेताओं के सामने खुल गई है। इसीलिए अमित शाह और जेपी नड्डा यहां के लगातार दौरे कर रहे हैं । उन्हें समझ में आ गया है कि स्थानीय नेता, पार्टी का बन्टाधार करने में तुले हुए हैं। इसीलिए उन्होंने पूरी कमान अपने हाथों में ले ली है। जदयू महासचिव ने कहा कि भाजपा के नेता समझ गये हैं कि उनकी सत्ता के गिनती के दिन बचे हुए हैं, इसीलिए इस बात की पूरी संभावना है कि वह उन्माद फैलाने के अपने अंतिम अस्त्र का प्रयोग करने का प्रयास करें। ऐसे भी लोग जानते हैं कि किसी भी राज्य का माहौल बिगाड़ कर वोटों की खेती करने में भाजपा को विशेषज्ञता हासिल है। कई राज्यों को देखें तो इन्होने सामाजिक सद्भावना को बिगाड़ कर ही सत्ता हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। आज इनकी इसी राजनीति के कारण मणिपुर झुलस रहा है। वास्तव में धर्म के नाम पर लोगों को लड़वा कर अपना उल्लू सीधा करने में इनका कोई मुकाबला नहीं है। इसलिए सत्ता हाथ से फिसलते देख कर यह उसी दांव को आजमाने का प्रयास करें तो किसी को कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। लोगों को चाहिए कि उनसे सावधान रहें और यदि कोई भाईचारा बिगाड़ने की कोशिश करते दिखे तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

राजद व जदयू के कई नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

बिहार को अपराधमुक्त बनाना भाजपा की प्राथमिकता : सम्राट

पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को आयोजित मिलन समारोह में राजद, जदयू और भाकपा माले के कई नेताओं सहित पत्रकार स्वर्गीय राजदेव रंजन की पत्नी आशा रंजन जी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सीवान के इलाके में महागठबंधन के लोगों ने जो पाप किया है उस इलाके में भाजपा लड़ाई लड़ते रहेगी। श्री चौधरी ने कहा कि अब भाजपा किसी अन्य पार्टी के नेता को कंधे पर नहीं बैठाएगी बल्कि सहयोगी बनाएगी। उन्होंने कहा कि अब भाजपा का ही कोई कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को एकबार सत्ता में लाइए यहां के अपराधी या तो नेपाल में होंगे या उनका गया में पिंडदान होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा बिहार को अपराधमुक्त और सुशासन स्थापित करना चाहता है। भाजपा नेता ने कहा कि पिछले नौ साल से भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ी जा रही है। श्री चौधरी ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कुछ लोग जाति - जाति खेल रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश के युवराज अन्य जाति की बात कर रहे हैं लेकिन अपनी जाति नहीं बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में भी 209 जातियों की गिनती हुई लेकिन तुष्टिकरण के कारण एम वाई समीकरण को छोड़कर सभी जातियों को तंग करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही सबका साथ सबका विकास की बात करती है। मिलन समारोह में महाराजगंज, सिवान, गोपालगंज श्रेत्र से आए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में कृष्णा कुशवाहा, सिवान, ललन चौधरी, जदयू प्रदेश नेता, डॉ रामेश्वर कुमार, प्रसिद्ध चिकित्सक , सिवान, पत्रकार (स्वर्गीय) राजदेव रंजन की पत्नी आशा रंजन सहित सहनी समाज के नेता और महाराजगंज के कई लोग शामिल हैं। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, भाजपा महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर उपस्थित रहे।

अंग्रेजों भारत छोड़ों का नारा देने वाले युसुफ मेहर अली सम्मान समारोह 26 को : एजाज

पटना। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के बोर्ड रूम में प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल की अध्यक्षता में बैठक हुई ,जिसमें सर्वसम्मति से महान स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी नेता युसुफ मेहर अली सम्मान समारोह 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, मो इजहार आसफी, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव मो फैयाज आलम कमाल, मो गुलाम रब्बानी, पूर्व मेयर अफजल ईमाम, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव, भाई अरूण कुमार, संजय यादव, ई संतोष यादव, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार सहनी, पटना जिला उपाध्यक्ष मो मुश्ताक अहमद, पटना जिला प्रधान महासचिव मो अफरोज आलम, खालिद नसीरूदीन सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि युसुफ मेहर अली ने आजादी के समय अंग्रेजों भारत छोड़ों का नारा दिया था और इन्होंने समाजवादी विचारधारा के साथ अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लिया। इन्होंने यह भी बताया कि 19 अक्टूबर को तैयारी हेतु बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और सक्रिय कार्यकर्ता भी भाग लेंगे।

समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक टर्मिनल के मध्य चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

पटना। आगामी त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र- पं.दीन दयाल उपाध्याय जं.- प्रयागराज छिवकी के रास्ते समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच 01043/01044 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । यह स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 19 अक्टूबर से 30 नवंबर तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को तथा समस्तीपुर से 20 अक्टूबर से 01 दिसंबर तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गुरूवार को 12.15 बजे खुलकर शुक्रवार को 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट पूजा स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर से शुक्रवार को 23.20 बजे खुलकर रविवार को 07.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी।

फर्जीवाड़ा उजागर होने के डर से भाजपा नहीं करा रही जातीय गणना : नीरज

पटना। जदयू मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर भारती मेहता एवं प्रसिद्ध चिकित्सक और पार्टी के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने संयुक्त तौर पर मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने भाजपा पर जाति के नाम पर राजनीतिक फरेब करने के गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब गुजरात में अति पिछड़ा समुदाय है ही नहीं तो फिर प्रधानमंत्री ने 27 अप्रैल 2019 को उत्तरप्रदेश के कन्नौज में खुद को अति पिछड़ा कैसे घोषित कर दिया? पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी में हिम्मत है तो उनके लगाए आरोपों का जवाब दे साथ ही देश में जाति आधारित गणना करवाने का काम करे। मीडिया को संबोधन के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से कुछ सवाल पूछा है? श्री नीरज ने पूछा है कि क्या ये सच नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान कर रही है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोढ़ घांची जाति से आते हैं जिनका कि गुजरात में ऐतिहासिक तौर पर सामाजिक और शैक्षणिक स्तर ऊंचा है। ये सच्चाई है कि मोढ़ घांची समुदाय के लोग घांची समुदाय के अहमदाबादी घांची,चंपरनिया घांची, पटनी घांची, सिधपुरिया घांची, सुरती घांची का बना खाना नहीं खाते थे जो कि साल 1931 की जनगणना से स्पष्ट होता है। जबकि गुजरात में अधिक साक्षरता दर वाले मोढ घांची समुदाय, जिसकी साक्षरता दर साल 1931 की जनगणना के मुताबिक 40.59 फीसदी थी, जबकि समाज में कम साक्षरता वाले राजपूत समुदाय जिनकी उस समय साक्षरता दर 15 से 20 फीसदी थी और पटेल समुदाय जिनकी उस समय साक्षरता दर 25 से 30 फीसदी थी तो फिर बीजेपी ये बताए कि आखिर मोढ़ घांची पिछड़ा कैसे हो गया और राजपूत और पटेल समुदाय अगड़ा कैसे हो गया? जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बीजेपी इसी डर से देश में जाति आधारित गणना नहीं करा रही जिससे उसका फजीर्वाड़ा उजागर हो जायेगा?

उज्जवला योजना के तहत आज से दिया जाएगा फ्री गैस कनेक्शन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अन्तर्गत जिला-स्तरीय उज्जवला समिति की बैठक हुई। इस बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी, आपूर्ति; विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन एवं ऑयल मार्केटिंग कम्पनीज के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि नए राशन कार्ड धारकों के लिए उज्जवला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन दिया जाएगा। पटना जिला में 17 अक्टूबर से इस योजना अंतर्गत फ्री गैस कनेक्शन देना प्रारंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा इसके लिए आम जनता के बीच वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया। उन्होंने जनसंवाद स्थलों पर भी इसके लिए शिविर लगाने का निदेश दिया। 18 अक्टूबर को मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंडों में आयोजित होने वाले जिला-स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रमों में इसका कैम्प लगाने की शुरूआत की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली बिक्रेताओं तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के कार्यालयों को भी इस प्रक्रिया में शामिल करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को कोई भी शुल्क नहीं देना है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, एड्रेस प्रूफ, तीन कलर फोटोग्राफ तथा 14 बिन्दुओं पर घोषणा पत्र आवश्यक है। योग्य लाभुक उज्जवला केवाईसी आवेदन फॉर्म भरकर कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। लाभुक नजदीक के गैस वितरक के यहाँ भी केवाईसी फॉर्म जाकर भर सकते हैं। ई-केवाईसी सबमिट करने के बाद इसे ओएमसी पोर्टल पर भेजा जाएगा ताकि डुप्लिकेशन को रोका जा सके। इस प्रक्रिया के बाद कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भी इस योजना का वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया।

पटना जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2023-24 का रंगारंग शुभारंभ

पटना। पटना जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2023-24 का रंगारंग शुभारंभ सोमवार को स्थानीय पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में धनेश्वरी देवनंदन कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की बैण्ड की धुन पर लगभग 3,000 बालक/बालिका प्रतिभागियों के आकर्षक मार्च पास्ट के साथ हुआ। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वावधान में वार्षिक खेल कार्यक्रम 2023-24 के अन्तर्गत जिला प्रशासन पटना द्वारा 4 दिवसीय पटना जिला विद्यालय खेल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन तनय सुल्तानिया, उप विकास आयुक्त ने प्रतियोगिता का ध्वजारोहण कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को हार-जीत की चिंता को छोड़कर खेलों में खेल भावना के साथ भाग लेने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं और आप ही में से कल कोई एशियाड एवं ओलम्पिक में देश का प्रतिनिधित्व कर सकता है, इसलिए पूरी मेहनत करें। इस प्रतियोगिता में पटना जिला के मान्यता प्राप्त मध्य, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 के बालक व बालिका खिलाड़ी एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट, भारोत्तोलन, वुशू, कराटे, ताईक्वाण्डो, हॉकी, हैण्डबॉल, रग्बी, बास्केटबॉल, योग तथा शतरंज खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर वैभव, सहायक समाहर्ता, राकेश कुमार झा, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, राजकमल, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), राजेन्द्र कुमार, क्रीडा कार्यपालक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत ओम प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी, पटना-सह-आयोजन सचिव ने हरित पौधा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक कुमार, एन.आई.एस. प्रशिक्षक ने किया। सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय खिलाड़ी उद्यमिता सिंह ने खेलों में नियमों का पालन करने एवं खेल भावना से भाग लेने की शपथ दिलायी। मुख्य अतिथि द्वारा बेहतर बैण्ड के लिए धनेश्वरी देवनंदन कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को पुरस्कृत किया।

अंजनी तिवारी का असामयिक निधन दुखद : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी और मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने दैनिक समाचारपत्र आज के वरिष्ठ संवाददाता और बिहार के ख्यातिप्राप्त पत्रकार अंजनी तिवारी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री चिराग ने कहा कि स्व. तिवारी का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि अंजनी तिवारी जी बिहार के कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार होने के साथ ही, बेहद मृदुल और मिलनसार स्वभाव के थे। श्री चिराग ने कहा कि स्व अंजनी तिवारी हम सभी के स्मरण में अपने मृदुल स्वभाव और सच्ची पत्रकारिता के लिए सदैव याद रहेंगे। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं सद्गति प्रदान करें और ईश्वर से प्रार्थना है कि इस संकट की घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति दें।

हिन्दी के लिए नेहरू से लड़ पड़े सेठ गोविन्द दास, मुख्यमंत्री पद की दे दी बलि

- साहित्य सम्मेलन ने दी काव्यांजलि, जयंती पर बाबू शिवनन्दन सहाय का भी किया स्मरण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महात्मा गांधी के आह्वान पर भारत के जिन महान त्यागियों ने अपना ऐश्वर्यपूर्ण सुखमय जीवन का त्याग कर दिया और देश-सेवा के लिए समर्पित हो गए, उनमे सेठ गोविन्द दास का नाम परम श्रद्धेय है। स्वतंत्रता-संग्राम के दौरान और उसके बाद राष्ट्रभाषा हिन्दी और हिन्दी साहित्य के आंदोलन को सेठ गोविंद दास का बहुत बड़ा संबल प्राप्त हुआ। हिन्दी के प्रश्न पर वे तत्कालीन प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू से भी लड़ पड़े, जिसके कारण, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का सुनिश्चित पद उनके हाथ से निकल गया। यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि तबके राजनेता अपने सिद्धान्त के लिए मुख्यमंत्री पद का मोह त्याग देते थे, जैसा कि हिन्दी के लिए सेठजी ने किया और आज मुख्यमंत्री बनने के लिए कोई नेता कुछ भी करने पर आमादा रहता है। एक वह भी समय था जब बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बाबू श्रीकृष्ण सिंह विना पूर्व सूचना के साहित्य सम्मेलन आ जाते थे और सम्मेलन का सुख-दुःख पूछ जाते थे। पुस्तकालय में समय दिया करते थे और आज के मुख्यमंत्री को, सम्मेलन के लिए 15 वर्षों में भी एक घंटा का अवकाश नहीं मिलता है। डा सुलभ ने कहा कि सेठ जी की साहित्यिक प्रतिभा भी उच्च कोटि की थी। वे एक सफल नाटककार और उपन्यासकार थे। उन्होंने दो दर्जन से अधिक पुस्तकें लिखीं। भारत में हुए, प्रथम चुनाव से लेकर 1974 तक, जबतक जीवित रहे, सेठ जी जबलपुर से भारत के संसद-सदस्य रहे। साहित्य और शिक्षा में उनके अवदान को देखते हुए उन्हें पद्मभूषण के अलंकरण से भी विभूषित किया गया। जयंती पर सम्मेलन के पूर्व सभापति शिवनन्दन सहाय को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि खड़ी बोली की प्रथम पीढ़ी के साहित्यकारों में उनका बड़ा ही श्रद्धेय नाम था। वे 1929 में संपन्न हुए, सम्मेलन के तीसरे अधिवेशन के सभापति थे। उन्हें हिन्दी का प्रथम जीवनीकार भी माना जाता है। उन्होंने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, गोस्वामी तुलसी दास, चैतन्य महाप्रभु, रूपकला जी, सिख-संत बाबा सुमेर सिंह की अत्यंत जीवंत जीवनी लिखी।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, मशहूर शायरा तलत परवीन, डा पंकज वासिनी, डा मेहता नगेंद्र सिंह, जय प्रकाश पुजारी, कुमार अनुपम, ई अशोक कुमार, शंकर शरण मधुकर, कवयित्री सरिता सिन्हा, अर्जुन प्रसाद सिंह, बाँके बिहारी साव, अर्जुन सिंह बैरागी, अरुण कुमार श्रीवास्तव आदि कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रो सुशील कुमार झा ने किया। प्रो राम ईश्वर सिंह, विनय चंद्र, नारायण कुमार, अमन वर्मा, सुरेंद्र साह, नन्दन कुमार मीत, दिगम्बर जायसवाल, डौली कुमारी, रवींद्र कुमार सिंह आदि प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

स्वीकृत योजनाओं के कार्यों को तेजी से किया जाए : डीएम

डीएम की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन की हुई बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जिला खनिज फाउंडेशन के समाहर्ता सह अध्यक्ष डॉ. चंद्रशे

संक्षिप्त खबरें

मोटरसाइकिल चोरी को लेकर थाने में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघियाघाट सलखन्नी वार्ड 11 निवासी मदन राय के पुत्र संतोष कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी को लेकर थाना में एक आवेदन दिया है। बताया कि 15 अक्टूबर की रात्रि दरवाजे पर हीरो होंडा पैशन प्रो मोटरसाइकिल पंजीयन संख्या बीआर 09जे 3720 लगाकर घर में सोने चला गया। अगली सुबह जब उठा तो दरवाजे से मोटरसाइकिल गायब था। पीड़ित ने मोटरसाइकिल चोरी को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में आवेदन दिया है।

अलग-अलग जगहों से विदेशी व देशी शराब बरामद, दो धंधेबाज गिरफ्तार

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से पुलिस ने छापेमारी कर विदेशी एवं देसी शराब बरामद करते हुए दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। एक ओर जहां पुलिस अधीक्षक से प्राप्त आवेदन की जांच हेतु नरहन के राजा कुमार जो कई कांडों के अभियुक्त है। पुलिस राजा कुमार के घर पहुंची तो राजा कुमार फरार था। राजा कुमार के घर में छापेमारी के दौरान सात बोतल विदेशी शराब जिसकी कुल मात्रा 2 लीटर 040 एम एल बरामद की गई। वहीं आलमपुर मुसहरी वार्ड 14 शंकर सदा के घर से पुलिस ने छापेमारी कर प्लास्टिक की गैलन में 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद करते हुए धंधेबाज शंकर सदा को गिरफ्तार किया है। दोनों मामले की प्राथमिकी सअनि विमल कुमार की बयान पर दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर कल्याणपुर स्थित महिषी निवासी रामा राय गुमती नुमा दुकान के पीछे से पुलिस ने 1 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए रामा राय को गिरफ्तार किया है। मामले की प्राथमिकी पुअनि रविशेखर तुलित के बयान पर दर्ज की गई है।

नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में राम कथा का आयोजन

सरायरंजन प्रखंड के उदयपुर ठाकुरबाड़ी स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सोमवार से राम कथा का शुभारंभ हुआ। राम कथा के शुरू होते हैं उदयपुर गांव सहित आसपास का क्षेत्र भक्ति में हो गया है। बता दें कि सुख्यात कथावाचिका माता अन्नपूर्णा द्वारा अगले 9 दिनों तक राम कथा का वचन होगा। वहीं नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस भक्ति अनुष्ठान में के आयोजन में मंदिर निमार्ता मुकुंद झा, राम जानकी मंदिर नरघोघी के सचिव नंदकुमार झा, योगेंद्र नाथ झा, अनिल कुमार झा, डॉ० एसएन झा, दयानंद झा, सत्येंद्र झा, सदानंद झा सहित संपूर्ण ग्रामवासी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

खनन विभाग ने बालू लदे बिना निबंधन के ट्रैक्टर को किया जप्त

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के समीप जिला खनन विभाग के खान निरीक्षक सुफिया तबस्सुम ने बालू लदे बिना निबंधन के ट्रैक्टर को जप्त कर विभूतिपुर थाना को सुपुर्द किया है। मामले को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि फुलवरिया में छापेमारी की जा रही थी। बांध के नीचे उजाला बालू लदा एक बिना निबंधन के ट्रैक्टर को आते देखा। जिसे गृहरक्षकों के द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तभी ड्राइवर तेजी से ट्रैक्टर को आगे ले जाकर छोड़कर फरार हो गया। बालू लागे ट्रैक्टर को विभूतिपुर थाना परिसर में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया। सत्यापन उपरांत ट्रैक्टर पर 99 सीएफटी उजला बालू लदा था। ट्रैक्टर में किसी प्रकार का चालान व परमिट नही था। बताया गया कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत वेद रूप से किसी भी बालू घाट के संचालन की अनुमति नहीं दी गई है। बिहार खनिज नियमावली 2019 तथा संशोधित नियमावली 2021 के नियम 56 (1) के उल्लंघन है। तथा नियम (2) के तहत 30 हजार तीन सौ रुपए शमन वसूल व अर्थ दंड की राशि वसूलनी है।

750 कार्टन विदेशी शराब लदा हुआ ट्रक किया जब्त

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के एक विद्यालय के पीछे सड़क के किनारे बने सीमेंट गोदाम से पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर विदेशी शराब लदे एक ट्रक को जब्त किया है। जिसमें पंजाब निर्मित 750 कार्टन विदेशी शराब लदा हुआ था। ट्रक के साथ दो पिकअप व दो बाइक भी बरामद किया गया है। पुलिस ने दबिश देते हुए तीनों गाड़ियों के चालक व अन्य चार लोगों को भी गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। साथ ही इस मामले पुलिस सख्ती के साथ पूछताछ करने की बात कही है। गोदाम के बारे में मिली जानकारी के अनुसार गोदाम मालिक का बताना है, कि यह गोदाम बनाने के बाद सीमेंट कंपनी को एग्रीमेंट के बाद दिया गया है। जिनका एग्रीमेंट पेपर भी उपलब्ध होने की बात उन्होंने कही है। रात्रि में अगर कोई अनैतिक कार्य किया जाता है, तो उसके लिए वह जिम्मेवार नहीं हैं। इस बाबत थाना अध्यक्ष राजन कुमार का बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

राजद जिलाध्यक्ष के विरुद्ध जिला परिषद सदस्यों के निंदा प्रस्ताव पर राजद ने किया कड़ा प्रतिवाद

कहा- निंदा प्रस्ताव के समय मौजूद राजद नेताओं को दल से किया जाएगा निष्कासित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती के विरुद्ध 13 अक्टूबर को जिला परिषद सदस्यों द्वारा निंदा प्रस्ताव पास किए जाने को लेकर जिला राजद ने कड़ा प्रतिवाद किया है। कपूर्री आश्रम स्थित जिला राजद कार्यालय पर सोमवार को एक आपात बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राजद के जिला प्रधान महासचिव विपीन सहनी ने की। बैठक के उपरांत प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिला प्रधान महासचिव विपीन सहनी ने कहा कि जिला परिषद के कुछ सदस्यों द्वारा राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती के खिलाफ निन्दा प्रस्ताव लाना बेहद अशोभनीय, अमर्यादित तथा निंदनीय है। जिला राजद इसकी तीव्र निंदा करती है। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी रोमा भारती के साथ मजबूती से खड़ी है। आयोजित किए गए जिला राजद की बैठक में पारित प्रस्ताव की जानकारी देते हुए विपीन सहनी ने कहा कि वैसे जिला पार्षद जो राजद में है तथा राजद जिलाध्यक्ष के खिलाफ निन्दा प्रस्ताव के समय मौजूद थे उन पर कार्रवाई की जाएगी व उन्हें दल से निष्काषित किया जाएगा। उन्हें राजद की किसी बैठक या सभा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भष्ट व अकर्मण्य अभियंता के खिलाफ राजद का संघर्ष जारी रहेगा। मौके पर प्रदेश महासचिव फैजुर रहमान फैज, वरीय उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद सिह, प्रोफेसर राजेन्द्र भगत, रामवरन महतो, रामविनोद पासवान, सत्यविन्द पासवान, ललन यादव, नगर पार्षद पिंकी राय, राजेश्वर महतो, नसीम अब्दुल्लाह, लाल बहादुर पंडित, विश्वनाथ राम, तबरेज आलम, प्रमोद राय, गंगा यादव, रामस्वार्थ यादव, मदन राय, जगदीश राय, रविन्द्र यादव, राकेश राय, जयशंकर राय, अर्चना कुमारी, अनीता देवी, जितेन्द्र राय, रोशन यादव, रामश्रेष्ठ यादव, इकबाल युसूफ, पंचा देवी, रामचन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

भाकपा माले जिला कमिटी की दो दिवसीय बैठक शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा भाकपा माले दरभंगा जिला कमिटी की दो दिवसीय बैठक सोमवार से बहादुरपुर प्रखंड के मिजार्पुर कौआही गांव राम सखी देवी हॉल में शुरूआत हुई। बैठक की शुरूआत गाजा में इजरायल द्वारा जारी जनसहार में मृत लोग,रघुनाथपुर ट्रेन हादसा में मृतक,कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन सहित अन्य लोगो के श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता आर के सहनी,शनिचरी देवी और नंद लाल ठाकुर की तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया। बैठक में जिला के राजनीतिक परिस्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। बहेरी में जनता के जनांदोलन तेज हों रही है। जिससे की स्थानीय प्रखंड प्रशासन काफी भयभीत है। और आंदोलन को दबाने के लिए झूठा मुकदमा किया गया। जो काफी निंदनीय है। वही बहादुरपुर प्रखंड में जमीन के सवाल पर लगातार संघर्ष जारी है। जो स्थानीय भाजपाई व सामंत लोगो को नही भा रहा है। और भूमाफिया सामंत के इशारे पर बहादुरपुर पुलिस प्रशासन द्वारा बहादुरपुर गांव में महिलाओं की पिटाई,माले नेताओ पर झूठा मुकदमा की घोर निन्दा की गई। साथ ही दोनो घटना पर राज्य सरकार व जिला प्रशासन से संज्ञान लेने की अपील की गई। बैठक के हवाले से जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने बताया की महागठबंधन सरकार बनने के बाद भी निचले स्तर पर प्रशासन सामंत व भाजपा के दवाब में काम कर रही है। निचले स्तर पर महागठबंधन की संयुक्त टीम बनाकर भाजपाई सामंत समर्थित प्रशासन के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जायेगा। श्री यादव ने बताया की गाजा में इजरायल द्वारा जारी बच्चो महिलाओं व बेगुनाहों पर बर्बर जनसंहार के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा। बैठक में नेयाज अहमद,अभिषेक कुमार,शनिचरी देवी,साधना शर्मा,आर के सहनी,नंदलाल ठाकुर,पप्पू पासवान,अशोक पासवान,धर्मेश यादव,प्रवीण यादव,मोहम्मद जमालुद्दीन,सत्यनारायण मुखिया,हरि पासवान,विनोद सिंह,उमेश प्रसाद साह,शिवन यादव,भोला पासवान,संतोष यादव,अवधेश सिंह,प्रो कल्याण भारती,मयंक कुमार यादव,पप्पू पासवान, प्रिंस राज सहित कई लोग शामिल थे।

दिवंगत शिक्षक के स्वजन को दी गई डेढ़ लाख की सहायता राशि

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के प्राथमिक मकतब गोपालपुर बरबट्टा के शिक्षक मो० मुबारक के असामयिक निधन को लेकर सोमवार को शिक्षक प्रतिनिधि मृतक के स्वजन से मिले। इस दौरान बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामचंद्र राय, महासचिव कुमार गौरव एवं जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के वरीय उपाध्यक्ष अखिलेश ठाकुर के नेतृत्व में पहुंचे शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के स्वजन से मिलकर शोक संवेदना जाताया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों के सहयोग से एकत्र की गई डेढ़ लाख की धनराशि भेंट की। वहीं मृतक के स्वजन को आगे भी यथासंभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर शिक्षक अभिराम झा, पंकज कुमार, मो० कलाम, फगुनी राम, अभय आजाद, मो० आफाक, संजीव कुमार, अमरजीत ईश्वर, मधुरेंद्र कुमार, संजीत कुमार, सलाउद्दीन, विवेक कुमार, संजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, जय प्रकाश, अशोक कुमार, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

कैंप लगाकर सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर समाहरणालय सभागार में डीएलसीसी की स्पेशल बैठक डीडीसी (प्रभारी जिलाधिकारी) अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने घर-घर किसान क्रेडिट कार्ड आच्छादन, जन सुरक्षा योजना के अंतर्गत पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना की समीक्षा की। डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने बैंको को यह सूचित किया गया कि घर-घर केसीसी योजना एक अक्टूबर से 31 दिसंबर 2023 तक चलने वाली है। प्रभारी जिलाधिकारी ने कैंप लगाकर सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश सभी बैंकों को दिया। बैंक कि शाखाएँ अपने स्तर से प्रचार-प्रसार भी करना सुनिश्चित करेंगे। एलडीएम पीके सिंह ने सभी बैंकों को सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का आग्रह किया। मौके पर एसडीसी बैंकिंग अमृता प्रीतम, डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण, डीपीएम जीविका विक्रांत शंकर सिंह, डीएओ दिनकर प्रसाद सिंह, जीएम डीआईसी नवल किशोर, एलडीएम कार्यालय प्रबंधक विकास कुमार, औसेफा निदेशक देव कुमार एवं सभी बैंको के जिला समन्वयक मौजूद थे।

देश-दुनिया के कल्याण की कामना के साथ मां दुर्गा की पूजा में लीन हुए: जितेंद्र चौधरी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

वैदिक मंत्रोच्चार व देवी की जय जयकार के साथ शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना हो रही है। जगह-जगह कलश स्थापित कर लोग मां दुर्गा की भक्तिभाव में लीन होकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के द्वारा पूरे विधि-विधान से कलश स्थापन कर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। आपको बता दें कि पिछले कई दशकों से श्री चौधरी लगातार राष्ट्र की उन्नति व मानव कल्याण को लेकर मां की आराधना करते आ रहे हैं। वर्ष 2021 और 22 में शारदीय नवरात्र में श्री चौधरी ने मां दुर्गा की आराधना कर देश और दुनिया को कोरोना जैसी भयानक महामारी से बचाने की प्रार्थना की थी। पूरे भक्ति भाव के साथ निस्वार्थ रूप से की जा रही है उनकी पूजा से प्रसन्न होकर मां दुर्गा ने उनकी प्रार्थना सुन ली और देश-दुनिया से कोरोना जैसी भयानक महामारी समाप्त हो गया। इस बार श्री चौधरी देश दुनिया में कोई भूखा ना रहे और देश दुनिया के कल्याण की प्रार्थना के साथ मां दुर्गा की पूजा कर रहे हैं। आपको बता दें कि श्री चौधरी वह उनके परिजन काफी धार्मिक प्रवृत्ति के हैं। उनके और उनके परिजनों में समाज सेवा की भावना भी कूट-कूट कर भरी हुई है। इस बार की पूजा में श्री चौधरी वह उनके परिजनों के साथ-साथ निखिल राज एवं नैतिक राज चौधरी के द्वारा भक्ति-भाव और पूरी श्रद्धा के साथ कलश स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है। उनके साथ रमेश कुमार पांडे, निखिल राज चौधरी व नैतिक राज चौधरी मां दुर्गा की आराधना में लीन हैं।

शाखा एवं वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

और गाबाद। सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में मगध विश्वविद्यालय का शाखा एवं वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग का उद्घाटन, मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर शशी प्रताप शाही के द्वारा किया गया ' जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह एवं सदर विधायक आनंद शंकर सिंह शामिल हुए ' सर्वप्रथम आए हुए कुलपति एवं अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा एवं शिक्षक शिक्षक कर्मचारी के द्वारा किया गया ' उसके बाद एनसीसी ऑफिसर ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एनसीसी के छात्र-छात्राओं के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया ' उसके बाद अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा एवं सच्चिदानन्द सिन्हा मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया ' उसके बाद महाविद्यालय में अवस्थित राष्ट्रध्वज का ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान किया गया ' उसके बाद विश्वविद्यालय शाखा एवं वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग का उद्घाटन कुलपति डॉक्टर शशी प्रताप शाही, प्राचार्य श्री डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा, सांसद सुशील कुमार सिंह एवं सदर विधायक आनंद शंकर सिंह के द्वारा किया गया ' उसके बाद महाविद्यालय की ऑडिटोरियम हॉल मैं आए हुए अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई ' उसके बाद कुल गीत मेधा एवं टीम एवं कॉलेज गान गौरव कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया ' उसके बाद आए हुए अतिथियों को अभिनंदन पत्र दिया गया ' उसके बाद आए हुए अतिथियों ने अपना अपना संबोधन दिया ' सर्वप्रथम सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने अपना संबोधन दिया ' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनना चाहिए, महाविद्यालय विद्या का मंदिर होता है ' उसके बाद कुलपति डॉक्टर शशी प्रताप शाही ने अपना संबोधन दिया ' उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारा सौभाग्य है

हमारे हाथों ही विश्वविद्यालय का शाखा कार्यालय का उद्घाटन करने का मौका मिला, क्योंकि इस महाविद्यालय में 20 वर्षों से मांग चली आ रही थी की महाविद्यालय में विश्वविद्यालय का शाखा कार्यालय हो ' उन्होंने आगे कहा कि जिस जिस कोर्स की चाहत होगी वह महाविद्यालय में दिया जाएगा जो विश्वविद्यालय में संचालित होता हो ' उसके बाद सांसद सुशील कुमार सिंह अपना संबोधन दिया ' उन्होंने कहा कि कोविड के समय सांसद निधि से बच्चों के लिए एक बस मुहैया कराई गई थी, वह अब किस कारण से बंद पड़ा है, मालूम नहीं लेकिन आग्रह होगा कि वह पुनः शुरू हो ' उन्हें महाविद्यालय में दो नए कोर्स एमएलआईएस एवं एमएससीआईटी खोलने के लिए आग्रह की पता नहीं सारे काम हो गए हैं लेकिन अभी तक कोर्स स्टार्ट नहीं हुआ और महाविद्यालय में एक बड़ा ऑडिटोरियम होना चाहिए ' सांसद महोदय के संबोधन के बाद ही कुलपति तुरंत घोषणा किए कीएमएलआईएस एवं एमएससीआईटी अगले सत्र से चालू हो जाएगा और रही बात ऑडिटोरियम की तो वह विश्वविद्यालय के अंतर्गत नहीं आता है लेकिन मुझे मालूम है कैसे होगा वह भी अगले वर्ष तक हो जाएगा ' उसके बाद कल्चरल सेल के समन्वयक नीतू सिंह के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' जिसमें पायल गुप्ता, प्रतीक्षा, पमी कुमारी एवं मोनू के द्वारा एकल नृत्य की प्रस्तुति की गई ' उसके बाद कुसुम कुमारी एवं गौरव कुमार के द्वारा एक-एक गीत की प्रस्तुति दी गई ' छात्रों के द्वारा समूह नृत्य का भी आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम का मंच संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह के द्वारा की गई ' इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं अन्य महाविद्यालय के प्राचार्य, सेवानिवृत शिक्षक शामिल हुए

शरीर पर थूक फेंक कर रुपए छिनतई मामले में तिवारी गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र के गोला रोड जामा मस्जिद के पास बीते चार अक्टूबर को साढ़े तीन लाख रुपए छिनतई मामले का रविवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार इस घटना को कुख्यात तिवारी गैंग के द्वारा अंजाम दिया गया था।

पुलिस ने तिवारी गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान गोपालगंज जिले के भोरे थाना निवासी भुनेसर सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार सिंह उर्फ गोलू सिंह एवं बेगूसराय जिले के तेघरा थाना क्षेत्र के हसनपुर तेघरा निवासी नागिन पांडे के पुत्र रौशन पांडे के रूप में हुई है। पुलिस घटना में छिनतई किए गए रुपयों की बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है। नगर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से रुपए निकाल कर साइकिल से वापस जा रहे वृद्ध के शरीर पर थूक फेंक कर बदमाशों ने उनका रुपयों से भरा झोला काट लिया था और फरार हो गए थे। इस घटना के उद्वेदन को लेकर एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इसके बाद मानवीय आसूचना संकलन व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस घटना में 6 बदमाशों की संलिप्तता सामने आने के बाद उनका स्केच तैयार कराया गया और सोशल मीडिया आदि से पहचान कराने के बाद छापेमारी कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

गोलीकांड के घायल से मिलने पहुचे विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी

● मुलाकात कर कहा चाचा और भतीजे की सरकार में बिहार में बढ़ा है अपराध

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कैदराबाद में रविवार की दोपहर में हुई गोलीबारी कांड में घायल हुए तीनो पीड़ित से बिहार विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी मिलने पहुंचे। वही घायल से मिलने के बाद हरि सहनी ने कहा कि चाचा-भतीजा के सरकार पर जमकर हमला करते हुए कहा कि बिहार की स्थिति दिनों दिन बाद से बदतर होती जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि एक घायल से बात किया तो उन्होंने बताया कि मैं पूजा कर रहा था तब पता चला की तरुण पासवान को गोली लगी है तो मैं दौड़ के गया उसी में मुझे गोली लग गई। वहीं उन्होंने कहा कि दूसरे घायल ने कहा कि मैं सड़क से गुजर रहा था उसी क्रम में मुझे गोली लग गई। वही हरि सहनी ने कहा कि इस तरह की वारदात सिर्फ दरभंगा में नहीं हो रही है। यह समस्या बिहार के पूरे कोने-कोने में हो रहा है। इसका सिर्फ मात्र एक कारण है। बिहार में चाचा और भतीजे का सरकार। ये लोग तुष्टिकरण का राजनीति अपना रहे हैं। कुछ खास वर्ग और लोग को खुश करने के लिए जहां भी घटना घटित होती है। वहां पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होती है। जिसके कारण वैसे लोगों का मनोबल ऊंचा होता है। यही वजह है कि बिहार के कोने कोने में इस तरह के वारदात को देखने को मिल रहा है। निश्चित तौर पर यह सरकार की नाकामयाबी का परिणाम है।

माले नेताओं पर हुए मुकदमें के खिलाफ प्रतिवाद मार्च,सभा व पुतला दहन

प्रात : किरण संवाददाता

रभंगा भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य अभिषेक कुमार,रामविलास मंडल,अमर राम और तेजू पासवान सहित सैकड़ों महिला पुरुषों पर हुए मुकदमें के खिलाफ बहेड़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों में प्रतिवाद मार्च,प्रतिवाद सभा और पुतला दहन किया गया। बलिगांव पंचायत और अतहर दक्षिणी पंचायत कमिटी के बैनर तले बघला पुल पर बहेड़ी अंचलाधिकारी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन का नेतृत्व प्रखंड कमिटी सदस्य लखींद्र सदा,ललित पासवान,मो नाजिर,रामप्रीत राम आदि ने किया। वहीं गुजरौली रमौली पंचायत में जगह जगह प्रतिवाद सभा आयोजित करके प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व शंभू साह,रामविलास मंडल,किशुन देव मांझी आदि ने किया। वहीं हथौड़ी चौक पर लोकल सचिव संतोष सिंह,मोहन पासवान आदि के नेतृत्व में अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष का पुतला दहन किया।

मनरेगा योजना की जनसुनवाई में पदाधिकारी के अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के पूसा प्रखंड के पंचायत समिति भवन सभागार में सामाजिक अंकेक्षण सोसायटी द्वारा मनरेगा योजना का जनसुनवाई ज्यूरी सदस्य बीएसओ सुनील कुमार, अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन के निदेशक देव कुमार, सीएलफ अध्यक्ष निर्मला देवी व गीता कुमारी ने किया। पीडीएस से कोई भी कर्मी तथा पदाधिकारी उपस्थित नहीं रहने के कारण जनसुनवाई नहीं हो सका। जिसपर ज्यूरी सदस्यों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। सभी पीआरएस को प्रत्येक बुधवार को रोजगार दिवस मनाने, नागरिक सूचना पट्ट को सुधार करने एवं साइट पर फस्ट एड किट उपलब्ध कराने का साक्ष्य 20 अक्टूबर तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन एमएसएआरपी गणेश कुमार मेहता ने किया। मौके पर पीओ अजीत कुमार, एसएआरपी प्रिति कुमारी, गुड्डी कुमारी, जीविका दीदी एवं लाभार्थी आदि मौजूद थे।

कलयुग के भवसागर से पार करने के लिए राम नाम रूपी नौका ही एकमात्र सहारा है : विनी किशोरी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कलयुग के भवसागर से पार करने के लिए राम नाम रूपी नौका ही एकमात्र सहारा है उक्त बातें उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत रेवाड़ी में नवरात्र के शुभ अवसर पर आयोजित राम कथा के प्रथम दिन कथा वाचिका वैदेही विनी किशोरी ने कही। बता दें कि कथा प्रारंभ से पूर्व नवरात्रा के अवसर पर कलश शोभा यात्रा निकाला गया। जिसमें 151 कन्याओं ने भाग लिया। तत्पश्चात संध्या में राम कथा का शुरू हुई। कथा का आरंभ कथा वाचिका विनी किशोरी ने तुलसीदास के वंदना से शुरू की। बता दे कि यह राम कथा 15 अक्टूबर से शुरू होकर 23 अक्टूबर तक संध्या 6 बजे से रात्रि के 10 बजे तक चलेगी। मौके पर समाजसेवी रणधीर कुमार मिश्र उर्फ चुन्नू मिश्र, कमेटी के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय, सचिव राकेश कुमार सिंह सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे। उक्त बात की जानकारी वैदिक धर्म संघ के पंडित लालबाबू झा ने दी।

संक्षिप्त खबरें

हत्या की गुत्थी को नहीं सुलझा पाई पुलिस

छपरा कार्यालय ।बीते 17 जुलाई को मढ़ौरा थाना क्षेत्र के तेजपुरवा शुक्ला टोला मे एक विधवा की गले में फंदा डाल हत्या कर देने के मामले की गुत्थी को पुलिस नहीं सुलझा पाई है। आप यह मामला मुख्यमंत्री और डीजीपी के कार्यालय तक पहुंच गया है दोनों के यहां से जांच के लिए आदेश जिला मुख्यालय को प्राप्त हो चुका है लेकिन अभी तक उनके आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मृतक के पुत्र और में पुलिस के लापरवाह रवैया पर नाराजगी जाहिर की है उन्होंने कहा है कि तीन माह बाद भी पुलिस यह पता नहीं लगा पाई कि वह कौन सा शख्स था जो अनजान व्यक्ति बनकर आया था और मेरी मां के पीछे-पीछे जाकर उनकी हत्या कर दी। जानकारी हो की 17 जुलाई की सुबह घर के पास के ही बसवारी में विधवा का शव मिला था जिसके गले में साड़ी का फंदा लगा हुआ था। मृतक की पहचान तेज पूर्व शुक्ला टोला के ही स्वर्गीय राम इकबाल शुक्ला की पत्नी चंदा कुंवर के रूप में हुई थी। ग्रामीणों की सूचना के आधार पर मरोड़ा थाना पुलिस घटनास्थल के पास पहुंची थी और शव को अपने कब्जे में लिया था और उसे पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा था ।

आज शहर के इन इलाकों में 4 घंटे के लिए बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

छपरा कार्यालय। आज यानी मंगलवार को सुबह 09:00 बजे से दिन के 12:00 बजे तक शहर के कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी इस बात की जानकारी देते हुए सहायक अभियंता विद्युत ने बताया कि डबल डेकर द्वारा 11केवी केबल शिफ्टिंग का कार्य कराया जायेगा, जिसके कारण 11केवी एसडीएस फीडर और 11केवी ब्रहमपुर फीडर का विधुत आपूर्ति बंद रहेगी. इसके कारण प्रभावित होने वाले क्षेत्र जेल गुमटी, गुदरी, मासूमगंज, अजायबगंज, रामकृष्णपुरी इत्यादि बंद रहेंगे. सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सभी उपभोक्ता अपने अपने विधुत संबंधी कार्यों को समय से निपटा ले।

नए थानाध्यक्ष ने दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण मनाने की अपील

नगरा ।ओपी थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में बिजय रंजन कुमार ने पदभार ग्रहण किया ।नव पदस्थापित ओपीध्यक्ष योगदान कर उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था, शराब बेचना व पीना, आपराधिक घटनाओं पर नकेल कसना ही पहली प्राथमिकता रहेगी ।इससे पहले ओपीध्यक्ष छपरा डीआईओ ऑफिस में कार्यरत थे ।यहां बताते चले के निवर्तमान ओपीध्यक्ष मनीष कुमार का आरक्षी अधीक्षक ने बीते 22 सितम्बर को लाइन हाजिर कर दिया था ।जहां नगरा अपर थानाध्यक्षा अनिमा राणा प्रभारी थी ।वही नए ओपीध्यक्ष को अपर थानाध्यक्षा अनिमा राणा ने प्रभार दिया ।वही थाना प्रभारी द्वारा थाना क्षेत्र के लोगों से अपील किया की दुगार्पूजा त्योहार शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाएं ।दुगार्पूजा या कहीं भी कोई असमाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उस पर कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

नगरा पुलिस ने दो जुआरी को किया गिरफ्तार

नगरा ।ओपी थाना क्षेत्र के कटेशर गांव में नगरा पुलिस ने छापेमारी कर दो जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।उक्त गिरफ्तार व्यक्ति धीरज कुमार तथा सोफिया आलम बताया जाता है ।इस संबंध में नगरा ओपीध्यक्ष बिजय रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर दो जुआरियों का गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

23 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

नगरा ।खैरा थाना क्षेत्र के छित्रौली गांव में खैरा पुलिस ने छापेमारी कर 23 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया ।उक्त गिरफ्तार धंधेबाज सतेंद्र सिंह बताया जाता है ।वहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष प्रीति राज ने बताया की गुप्त सूचना मिलने के बाद छापेमारी कर करवाई की गई है ।गिरफ्तार धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

हड़ताल पर बैठी सेविकाओ एवं सहायिकाओ ने किया विरोध

पानापुर(सारण)बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गयी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने अठारहवे दिन प्रखंड कार्यालय के सामने अपना विरोध जताया ।हड़ताल के कारण प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर दो सप्ताह से अधिक दिनो से ताले लटके हुए है ।प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी एवं सचिव उषा देवी ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगो में सरकारी कर्मी घोषित करने ,वेतनमान देने एवं पेंशन लागू करना शामिल है ।उन्होंने कहा कि सरकार जबतक हमारी मांगे नही मान लेती है तबतक हमारा आंदोलन जारी रहेगा ।धरना मे मुख्य रूप से राजकुमारी देवी ,मंजू देवी सहित अन्य सेविका एवं सहायिका शामिल थीं।

मृत्यु के 52 वर्ष बाद भी भिखारी ठाकुर को पद्मभूषण अवार्ड से रखा गया वंचित

भिखारी ठाकुर के टीम के साथी रामचंद्र मांझी को किया गया था सम्मानित तब परिवार वालों मे जगी थी उम्मीद

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर के प्रपौत्र सुशील कुमार ठाकुर ने बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आरलेंकर से मिल कर भिखारी ठाकुर को मरणोपरांत पद्मभूषण अवॉर्ड प्रदान कराने हेतु राज्यपाल को एक अनुरोध पत्र सौंपा।

उन्होंने राज्यपाल को बताया कि भिखारी ठाकुर ने समाज को क्या दिया किस तरह भारतीय संस्कृति को बचाए रखने में अपना अहम योगदान दिया राज्यपाल ने भी उनके किए गए कार्यों की सराहना करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि आखिर में अभी तक क्यों नहीं उन्हें पद्म विभूषण अवार्ड मिला। उन्होंने सुशील ठाकुर को आश्वासन

दिया कि इसे लेकर वे केंद्र स्तर पर बात करेंगे। जानकारी हो कि भिखारी ठाकुर की टोली में रंगमंच पर नाट्य कला का जादू बिखेरने और लौंडा नाच की परंपरा शुरू करने वाले शख्स रामचंद्र मांझी की कला को 95 साल की उम्र में पद्मश्री सम्मान मिलने पर भिखारी ठाकुर के परिजन को खुशी हुई थी लेकिन दर्द भी देखने को मिला था, रामचंद्र मांझी को सम्मान मिलने के बाद पहली बार भिखारी ठाकुर के परिजन मीडिया के सामने आये थे परिजनों का कहना था कि उनके साथ काम करने वाले को मिला अच्छी पहल है लेकिन उनको या उनके परिवार को क्या मिला? परिजनों में उम्मीद जगी थी कि इस बार भिखारी को देश के नागरिक सर्वोच्च सम्मान मरणोपरांत जरूर मिलेगा। भोजपुरी लोक साहित्य के धरोहर भिखारी को आज तक आधिकारिक सम्मान नहीं मिला। जिसकी उन्हें दरकार थी। भिखारी के सम्मान पर भोजपुरी भी अपने को सम्मानित महसूस करती। भिखारी ठाकुर के प्रपौत्र सुशील ने अपनी बेबसी भी प्रकट की है परिजनों को पूरी उम्मीदें थी कि मरणोपरांत यह सम्मान जरूर मिलेगा। पर घोषणा के बाद निराशा हाथ लगी थी सुशील कहते है कि उनके दादा जी को मौखिक रूप से कई उपाधियां समाज ने दी है। कोई उन्हें ह्लभोजपुरी का शेक्सपियरह्व कहता है ।कोई ह्लअनगढ़ हीराह्व कहता है ।परंतु राजकीय या राष्ट्रीय स्तर पर कोई आधिकारिक सम्मान आज तक नहीं मिल पाने का मलाल भी है। वे कहते है कि भिखारी का सम्मान होता तो भोजपुरी का भी सम्मान हो जाता ।देश-विदेश में जिस भिखारी ठाकुर की डंका बजती। उस भिखारी ठाकुर को देश में ही नागरिक सर्वोच्च सम्मान नहीं मिलना भोजपुरी लोक साहित्य की भी अनदेखी है।

सदर अस्पताल का हाल बेहाल स्वास्थ्य मंत्रालय का विकास का दावा हवा हवाई

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सिटी। छपरा सदर अस्पताल को लेकर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री सह उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जब से बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाई है तब ही से सदर अस्पताल को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है। लेकिन यहां के अधिकारी जब भी मंत्रालय से कोई विशेष टीम छपरा सदर अस्पताल पहुंचते है उन्हे विकास दिखाया जाता रहा है लेकिन उनके जाने के बाद अक्सर यह देखा गया है कि पुनः मूषक : भव का कहावत चरोत्रार्थ हो जाता है। जिसका जीता जागता प्रमाण आज छपरा सदर अस्पताल में देखने को मिला । जो विशेष टीम के आने के बाद सभी जगह साफ सफाई से लेकर सभी चिकित्सक मौजूद रहा करते थे। बेड पर चादर बिछा होता रहता था। जो आज चादर को कौन कहे बेड ही टूटा फटा पड़ा है चिकित्सक मरीज देखते तक नही कंपाउंडर अपनी मनमानी करता है। पूरा परिसर चिकित्सकों का ऐजेंट बन चुका है। ये कैसा विकास हो रहा है स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव जी । क्या यही विकास है?

दो सगे भाइयों की मौत के बाद परिजनों में मचा चीख-पुकार

प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी ।स्थानीय थाने के मदारपुर गांव में डबरा नदी में डूबने से दो मासूम सगे भाईयों की दर्दनाक मौत के बाद मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है ।इस ह्रदय विदारक घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है ।महिलाओं व बच्चों का चित्कार पत्थर को भी पिघला देने से कम था ।घटना के दूसरे दिन मृतक के दरवाजे पर सांत्वना देने के लिए लोगों की भीड़ जुटी हुई थी।

बताते चलें कि भेल्दी थाने के मदारपुर गांव के भुअर मांझी का पुत्र किशन कुमार रविवार की शाम गांव के ही डबरा नदी में स्नान करने के लिए गया था ।वह गहरे खाई व पानी की तेज धार में बहने लगा ।उसे डूबते देख उसे बचाने के लिए उसका बड़ा भाई कुणाल कुमार गया तो वह भी नदी में

डूब गया ।ग्रामीणों के घाटों प्रयास के बाद जाल के सहारे दोनों मासूम सगे भाईयों का शव नदी से निकाला जा सका ।परिजन दोनों को इलाज के लिए गड़खा सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया ।दोनों सगे भाइयों के नदी में डूबने से मौत होने की सूचना मिलते ही रविवार की रात भेल्दी पुलिस मौके पर पहुंच दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया ।रात्रि में ही दोनों का पोस्टमार्टम करने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया ।दोनों का दाह-संस्कार अलग-अलग चिताओं पर किया गया।

तीन पुत्रों में से दो पुत्रों के खोने के बाद पिता भूअर मांझी व मां सीमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया ।दादी ललिता देवी, दादा विद्या मांझी बिछावन पर बेसूध पड़े हुए हैं वहीं मासूम छोटू अपने दोनों भाई किशन व कुणाल के बिछुड़ने के गम में रो रहा है ।इस लोमहर्षक घटना से गांव वाले भी मर्माहत हैं।

लायंस क्लब छपरा सारण के द्वारा असहाय मरीज का निःशुल्क हुआ आंख का आपरेशन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था लायंस क्लब छपरा सारण के बैनर तले नेत्र चिकित्सक लायन डा एस के पांडे एवं डा शुभांगी त्रिपाठी एवं छपरा जंक्शन आर पी एफ इंस्पेक्टर मुकेश सिंह जी के सहयोग से जरूरतमंद मरीजों के आंख का आपरेशन किया गया। डा एस के पांडे ने बताया कि लायंस क्लब छपरा सारण के द्वारा प्रत्येक वर्ष शिविर शिविर लगा कर कई जरूरतमंद मरीजों के आंख का आपरेशन मॉडर्न विधि द्वारा किया जाता है साथ हीं चश्मा एवं निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई जाती है। लायंस इंटरनेशनल के मोटो "वी सर्व विजन" के तहत यह सेवा कार्य किया जाता है। वहीं मरीजों के द्वारा इस सेवा कार्य

हेतु लायंस क्लब का आभार प्रकट किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से आर पी एफ इंस्पेक्टर मुकेश सिंह, अध्यक्ष लायन रणधीर जायसवाल, सचिव मनीष सिन्हा, जेड सी प्रमोद मिश्रा, पी आर ओ साकेत श्रीवास्तव, बृजेंद्र किशोर, डा ओ पी गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, सुशील वर्मा, अमर कुमार आदि सदस्य मौजूद रहें।

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शुरू हुआ छः दिवसीय प्रथम सोपान स्काउट शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड सारण के निर्देश पर प्रथम सोपान परीक्षण शिविर का आयोजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में किया गया है जिसमें जिला मुख्य आयुक्त के द्वारा शिविर प्रधान के रूप में एडवांस स्काउट मास्टर अमन राज एवं गाइड में एडवांस गाइड कैप्टेन रीतिका सिंह को नियुक्त किया गया है ।वही शिविर सहायक के रूप में बेसिक स्काउट मास्टर प्रणव, अमन सिंह, चंदन, विकाश को नियुक्त किया गया है। शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा, गांठ विद्या, ध्वज शिष्टाचार, ड्रिल, सफाई, व्यायाम, सिटी संकेत, खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के निर्देशक शशि शेखर ने कहा

कि आज के परिवेश में बच्चों में स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है, स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वालंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता हैं ।वहीं प्राचार्या लुसी कुमारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड से बच्चों में शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास होता है ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राहुल तिवारी आदि उपस्थित थे।

युवा इंजीनियर पुत्र की पुण्यतिथि पर स्कूली बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा । मढौरा में स्कूली बच्चों के बीच अपने युवा इंजीनियर पुत्र की पुण्यतिथि पर एक पत्रकार ने पाठ्य सामग्री का वितरण कर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पकहां और अम्बेडकर पार्क स्थित एच एन राम लाईब्रेरी में अध्ययनरत छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण करते हुए स्थानीय पत्रकार मनोकामना सिंह ने अपने दिवंगत पुत्र की पांचवी पुण्यतिथि मनाया मनाया और पुत्र के खोन का दर्द भुलाया।

विद्यालय के छात्रों के बीच कापी, कलम और पेंशिल का वितरण किया जबकि लाईब्रेरी में अध्ययनरत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्रों के बीच लेखन सामग्री वितरित किया। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकार भूपेश भीम,

अवधेश वर्मा, संजीव कुमार, कामेश्वर सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे। युवा इंजीनियर पुत्र को असमय गवा देना एक बड़ी पीड़ा है। एक पिता के लिए इस सदमें को भुलाना अत्यंत मुश्किल। पुण्यतिथि पर पिता ने स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री को बांट बच्चों को न सिर्फ प्रेरित किया और उनकी खुशी में अपनी पीड़ा को भूलने का प्रयास किया। नगर के प्राथमिक विद्यालय पकहां और अंबेडकर पार्क स्थित एचएन राम लाइब्रेरी में अध्यनरत सैकड़ो छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। स्थानीय पत्रकार मनोकामना सिंह ने अपने दिवंगत युवा पुत्र की पांचवी पुण्यतिथि स्कूली बच्चों के बीच मनाई। इस दौरान सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। नगर के पकहां प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत सैकड़ो स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री कॉपी, कलम और पेंसिल का वितरण किया। एचएन राम लाइब्रेरी में अध्यनरत एक दर्जन से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्रों के बीच लेखन सामग्री को उपलब्ध कराया। इसके पूर्व अपने शुभ चिंतकों के साथ पुत्र के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं बता दे की पांच साल पूर्व 23 वर्षीय युवा इंजीनियर विवेक कुमार की असामयिक मृत्यु हो गई थी। ई. विवेक कुमार काफी मेधावी और होनहार छात्र था, घटना की सूचना से लोग स्तब्ध रह गए थे। मौके पर पत्रकार भूपेश भीम, अवधेश कुमार वर्मा, संजीव कुमार, कामेश्वर सिंह समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

11 वर्षीय बच्ची ने हाफिज-ए कुरान की तालीम हासिल की

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिले के मदरसा अजमेरिया अशरफुल उलूम दारुल बनात पैगा सदर अमनौर से स्थानीय मौलनापुर के 11 वर्षीय बच्ची सानिया खातून ने हाफिज-ए कुरान का इल्म हासिल कर एक मिसाल कायम किया है। बता दें कि अब तक हाफिज-ए कुरान का इल्म अक्सर बच्चों द्वारा ही हासिल किया जाता रहा है। सानिया खातून के पिता नौशाद अली स्वयं मदरसा चलाते हैं और इनके घर में तालीम का माहौल है, शायद यही कारण है कि इनकी बच्ची ने मात्र 11 साल की उम्र में हाफिज-ए कुरान का इल्म हासिल कर पाई है। मदरसा के नाजिम मोहम्मद कलाम शाह अशरफी के सानिध्य में सानिया खातून सहित अब तक 10 बच्चियों ने हाफिज-ए कुरान की तालीम हासिल की है। पैगा में मदरसा अजमेरिया अशरफुल उलूम दारुल बनात लड़कियों का इकलौता मदरसा है, जिसमें

स्थानीय बच्ची तालीम हासिल करती है। मदरसा के संचालक नौशाद अली ने बताया कि इस मदरसे में दीनी तालीम, कंप्यूटर की शिक्षा, सिलाई कटाई ट्रेनिंग की सुविधा के अलावा मैट्रिक तक बुनियादी तालीम भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह रजिस्टर्ड मदरसा है, सरकार से अब तक कोई अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है, जिला के लोगों के सहयोग से यह मदरसा चल रहा है तथा व्यावसायिक ट्रेनिंग देकर बच्चियों को आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है।

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर कोठियां नरांव सूर्य मंदिर पर बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

डोरीगंज । उत्तर बिहार का सुप्रसिद्ध कोठियां नरांव का सूर्य मंदिर परिसर में सूर्य मंदिर सेवा समिति की बैठक अवकाश प्राप्त कैप्टन फुलकांत तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसका संचालन शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह ने की बैठक में छठ महापर्व से जुड़े कई विंदुओ पर चर्चा हुई जिसमें दूगार्पूजा के बाद सूर्य कुंड का सफाई एवं रंग-रोगन, सुरक्षा के लिए सी सी टी वी कैमरा, एस डी आर एफ की तैनाती, क्षेत्र द्वारा वार्षिक सदस्यता राशि एक

सौ से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपए करने की सहमति बैठक में लिया गया। ग्राम पंचायत राज नरांव के वर्तमान मुखिया कामाख्या सिंह द्वारा सूर्य मंदिर परिसर में कराए जा रहे कार्य की तारीफ किया गया। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि छठ महापर्व में दूरदराज से आए हुए व्रतधारी को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी एवं दूरदराज से आकर छठ पर्व करने वाले व्रती से इस मंदिर की महत्ता और विकास में सहयोग करने वालों की चर्चा सबके बीच शेयर किया जाएगा।

बैठक में सूर्य मंदिर सेवा समिति का तीन पदों का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष फूलकांत तिवारी, सचिव राजेश कुमार तिवारी एवं कोषाध्यक्ष हेमंत सिंह एवं जयराम कुमार को चुना गया। बैठक में कोठियां एवं नरांव के वर्तमान मुखिया से अनुरोध किया गया कि तन मन धन से सहयोग कर इस सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर की महत्ता को और बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। बैठक में कैप्टन फूलकांत तिवारी, नरावं मुखिया कामाख्या सिंह, कोठियां मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह, नंदकिशोर तिवारी, तेज नारायण सिंह, रमेश सिंह, मोहन सिंह, कुन्दन सिंह, धरनीधर उपाध्याय, बृजकिशोर सिंह, मनोज सिंह, हेमंत सिंह, राकेश कुमार सिंह, जयराम कुमार, अमरजीत कुमार सिंह उर्फ लड्डु, अशोक कुमार सिंह मुख्य रूप से सामिल रहे।

वैकल्पिक व्यवस्था के बाद भी डीआरसीसी का कार्य है बाधित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सिंगल विंडो ऑपरेटर व मल्टी पर्पस असिस्टेंट द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर दिए जा रहे धरना के सातवां दिन भी कर्मी डटे रहे, आगंतुक कक्ष में ताला लटके रहे। बता दें कि सात निश्चय के तहत डीआरसीसी द्वारा संचालित स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड व स्वयं सहायता भत्ता योजना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसके बावजूद अनिश्चित कालीन हड़ताल पर डटे कर्मियों की जायज मांगों पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। फस्वरूप आने वाले छात्रों का कार्य बाधित हो गया है 'जलालपुर से आई छात्रा रौशनी खातून ने कहा कि ताला लटका हुआ है। इसलिए काम नहीं हो पाया, आने-जाने में परेशानी हो रही है। हालांकि सारण के जिलाधिकारी द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 10 कार्यपालक सहायक की प्रतिनियुक्ति की गई है, लेकिन कार्य नहीं निकल पा रहा है। वहीं हड़ताल को लेकर डीआरसीसी के जिला प्रबंधक द्वारा छात्रों को बैठने वाले हॉल को पूरी तरह तालाबंदी कर दी गई है। हड़ताल का बहाना देकर छात्रों को लौटा दिया जा रहा है। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि शिक्षा वित्त निगम के सहायक प्रबंधक सोनी कुमारी का व्यवहार छात्र-छात्राओं के प्रति अच्छा नहीं रहता है ।जबकि सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के सुविधा और जानकारी देने के लिए हैं इनको इस पद पर रखा गया है, छात्रों के साथ इनका व्यवहार ठीक नहीं होना इनके गैर जिम्मेदार रवैया का प्रतीक है ।जबकि हड़ताल पर डटे ऑपरेटर एवं सहायकों ने बताया कि कर्मियों की जायज मांगें यदि सरकार द्वारा नहीं मानी जाती है, तो हम लोग राज्य स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। इन कर्मियों ने यह भी बताया कि चौधरी कमेटी द्वारा इस संबंध में सिफारिश भी की जा चुकी है। हड़ताल पर बैठे कर्मियों का कहना कि वार्षिक मानदेय वृद्धि देकर वापस ले लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। सिंगल विंडो ऑपरेटर एवं मल्टीपरपस अस्सिटेंट द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण छात्र तो आ रहे हैं, लेकिन उनका कार्य नहीं हो पा रहा है और बैरन वापस जा रहे हैं। फस्वरूप आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी छात्रों की आर्थिक परेशानियां बढ़ती जा रही है। वहीं जिलाधिकारी द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के बाद भी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पूरी तरह बाधित है। अब देखना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नजरें इन कर्मियों पर कब इनायत होती है, आने वाला समय ही बताएगा।

भौतिक शास्त्र के नोबेल पुरस्कार पर राजेंद्र कॉलेज में हुआ व्याख्यान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। राजेंद्र कॉलेज में अकादमिक मंडल एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में भौतिक शास्त्र के अंतर्गत नोबेल पुरस्कार 2023 से संबंधित नई खोज पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। विषय विशेषज्ञ वक्त डॉ. रवि प्रकाश नाथ त्रिपाठी ने विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूरे व्याख्यान के दौरान आयोजन स्थल परीक्षा भवन में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की बहुसंख्यक उपस्थित रही।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि के पीछे वर्षो की मेहनत पर प्रकाश डाला।

वहीं इस नई खोज को विशेषकर मेडिकल के क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी एवं क्रांतिकारी कदम निरूपित किया।

डॉ. त्रिपाठी ने व्याख्यान के दौरान फ्रॉम सेकंड्स टू एटोसेकंड्सः अनरावेलिंग द नोबेल सीक्रेट्स ऑफ लाइट-स्पीड कंट्रोल" शीर्षक वाले लेक्चर में दर्शकों को उस अभूतपूर्व अध्ययन का ज्ञानवर्धक दौरा कराया गया, जिसने भौतिकी में 2023 का नोबेल पुरस्कार जीता था। मुख्य वक्ता, डॉ. रवि प्रकाश नाथ त्रिपाठी ने पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों की गहन समीक्षा करते हुए इस अत्याधुनिक विषय की जटिलताओं का विशेषज्ञ रूप से निष्कर्ष निकाला। दर्शकों को यह जानकारी प्राप्त हुई कि कैसे इन पुरस्कार विजेताओं ने एटोसेकंड अनुसंधान की रोमांचक दुनिया में डूबे रहने के दौरान प्रकाश-गति नियंत्रण की हमारी समझ को बदल दिया है। प्रस्तुति ने पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्नत भौतिकी वाली जटिल खोजों के लिए एक द्वार खोला। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन भौतिक विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार सिंह ने किया वहीं आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. बेठियार सिंह साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता में अकादमिक मंडल के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार, सचिव डॉ. विशाल कुमार सिंह की उत्साहपूर्ण सक्रिय भूमिका रही। वहीं पूरे कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य सहित गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार मिश्रा, डॉ. गौरव सिंह, डॉ. अर्चना उपाध्याय, डॉ. सुनील कुमार पांडेय, डॉ. देवेश रंजन, डॉ. सोमनाथ घोष, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. रश्मि कुमारी, डॉ. आलोक रंजन तिवारी सहित महाविद्यालय के अधिकतर प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

पूर्व विधायक हेमनारायण साह ने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र का किया दौरा

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी सारण महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र के जदयू के वरिष्ठ नेता व महाराजगंज के पूर्व विधायक हेमनारायण साह ने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रखंडों के दर्जनों पंचायतो का दौरा किया इस क्रम में माँझी नगर पंचायत के अंतर्गत पूर्व सरपंच संघ के अध्यक्ष मनोज प्रसाद के आवासीय परिसर में अपने समर्थकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाराजगंज

लोकसभा क्षेत्र का दौरा करने पर पता चला कि आज भी बड़ी संख्या में लोग इंडिया महागठबंधन के पक्ष में गोलबंद हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया महागठबंधन हमपर भरोसा जताती है और हमको महराजगंज लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाती है तो जीत निश्चित है उन्होंने बतलाया कि इस लोकसभा क्षेत्र में कर्मठ व ईमानदार उम्मीदवार की जरूरत हैं। जनता जनार्दन का सम्मान देना यह दशार्ता है कि अब वह बदलाव के मूड में है यह मेरे क्षेत्र में घूमने का बेहतर संकेत है उन्होंने बनियापुर, एकमा, माँझी आदि पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की उनके साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर ।पूर्व मुख्य नवरत्न प्रसाद, मनोज प्रसाद, सहित बड़ी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद थे।

बेला में दो घरों में लगी आग, नकदी समेत लाखो की संपति राख

प्रात : किरण संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के बेला में दो घरों में अचानक आग लग गई। इस अग्निकांड में 15 बकरियां जल गई ।जिसमें 13 की मौत मौके पर हो गई ।जबकि दो बकरियों का इलाज कराया जा रहा है। वहीं इस अग्निकांड में करीब डेढ़ लाख रुपए नकद, गहने, कपड़े, बर्तन, अनाज, फर्नीचर आदि लाखों के सामान जल गए। जानकारी के अनुसार देर रात ग्रामीण चिकित्सक अनवर आलम के करकटनुमा घर में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरा घर जल गया। उनके पड़ोसी महेंद्र महतो का भी घर आंशिक रूप से जल गया ।आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नही हो सका है ।लेकिन गृह स्वामी ने बताया कि आग जान बूझकर लगाई गई है ।उन्होंने कहा कि पोती की शादी होने वाली थी।

जिसके लिए सामान की खरीददारी की गई थी ।साथ ही घर में करीब डेढ़ लाख रुपए नकद भी थे ।जो अग्निकांड में जल कर नष्ट हो गए। करकटनुमा घर में सो रहे दादा ग्रामीण चिकित्सक अनवर आलम व उनका पोता इस अग्निकांड में जिंदा जलने से बच गए ।ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से दोनो को बचाया ।बताया जा रहा है कि आग लगने के समय दोनों सो रहे थे ।आग अचानक तेजी से फैल जाने के कारण दोनों घर में ही फंस गए ।दादा बेहोश होकर अंदर ही गिर गए ।लेकिन आग बुझाने पहुंचे लोगों ने दोनों को बचा लिया।

सम्पादकीय

एक जैसा मानदंड अपनाइए

चीनी धन हर रूप में भारतीय हितों के खिलाफ है, तो आखिर देश की बड़ी कंपनियों में पीबीओसी के निवेश को क्यों इजाजत मिली हुई है? भारत सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि चीन को वह भारत का प्रतिद्वंद्वी मानती है या शत्रु। एक बिजनेस अखबार ने अपने पहले पेज पर प्रमुखता से एक ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो सामान्य दिनों में खबर मानी भी नहीं जाती। भूमंडलीकरण के बाद के दौर में विभिन्न देशों की कंपनियों में अन्य देशों के बैंकों या कंपनियों का निवेश एक आम चलन है। इसके बावजूद इस रिपोर्ट ने ध्यान खींचा, तो उसकी वजह मौजूदा संदर्भ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की किन कंपनियों में अभी भी हजारों करोड़ रुपए का चीन के केंद्रीय बैंक- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) का निवेश है। इन कंपनियों में इन्फोसिस, आईसीसीआईसी बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, मारुति सुजूकी, एशियन पेन्ट्स आदि शामिल हैं। यह विवरण ठीक उस समय आया है, जब वेबसाइट न्यूजक्लिक पर ऐसा अनुदान लेने के मामले में यूएपीए जैसे सख्त कानून के तहत कार्रवाई की गई है, जिसमें चीनी धन होने का भी संदेह है। यह तथ्य भी जरूर स्पष्ट कर लेना चाहिए कि भारत में मीडिया कारोबार में विदेशी धन आना भी अब प्रतिबंधित नहीं है। न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसने एक ऐसे श्रीलंकाई मूल के अमेरिकी उद्योगपति की संस्था से चंदा लिया, जिसका कारोबार चीन में भी है और जो वामपंथी विचार वाले मीडिया संस्थानों की कई देशों में मदद करता है। इसलिए यह इल्जाम लगाया गया है कि न्यूजक्लिक चीन के प्रचार-तंत्र का हिस्सा है। ये सारे आरोप अभी न्यायिक कार्यवाही में साबित होने हैं। लेकिन यह मुद्दा अभी हमारे सामने है कि अगर चीनी धन हर रूप में भारत के हितों के खिलाफ है, तो आखिर उन बड़ी कंपनियों में पीबीओसी के निवेश को अब तक क्यों इजाजत मिली हुई है? भारत सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि चीन को वह भारत का प्रतिद्वंद्वी मानती है या शत्रु। अगर शत्रु मानती है, तो फिर बेशक उसके साथ तमाम तरह के संबंध और संवाद तोड़ लिए जाने चाहिए। लेकिन चीन से रिश्ता के मामले में अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग मानदंड अपनाना समस्याग्रस्त है। इससे ना तो चीन की चुनौती का ठीक से मुकाबला किया सकेगा, और ना ही न्यूजक्लिक जैसे मामलों में सरकार की कार्रवाइयों की साख बन सकेगी।

सियासत में बगावत एक स्वाभाविक प्रक्रिया

राकेश अचल

पांच राज्यों के लिए विधानसभा चुनावों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के साथ ही सभी प्रमुख राजनीतिक दलों में बगावत के स्वर सुनाई देते हैं। इसे लेकर नुक्ताचीनी करने का कोई अर्थ नहीं है। चुनावों के समय की जाने वाली बगावतों का बहुत आशिंक असर होता है,लेकिन यदि बगावत संगठित रूप से होती है तो राजनीतिक परिदृश्य बदलने में ज्यादा देर नहीं लगती। बावजूद इसके कुछ बगावतें भीगी बारूद की तरह फुस्स होकर रह जाती हैं।

बगावतों का इतिहास हर राज्य में है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक। बगावत की बयार अक्सर चलती है किन्तु आंधी में यदा -कदा तब्दील हो पाती है। बगावत जब आंधी में तब्दील होती है,तब अनेक अवसरों पर राजनीतिक दलों का विभाजन भी होता है। सबसे ज्यादा विभाजन का दंश कांग्रेस ने सहा है। भाजपा में भी अनेक विभाजन हुए लेकिन भाजपा छोड़कर जिन नेताओं ने भी अपने दल बनाये वे ज्यादा दिन अपना वजूद बचाकर नहीं रख सके। वामपंथी दलों में भी एक -दो अवसरों पर बगावत हुई,समाजवादी भी इस बीमारी के पुराने रोगी है।

सियासत में बगावत का पुराना इतिहास है,फिलहाल बात करते हैं मप्र,राजस्थान,छत्तीसगढ़,तेलंगाना और मिजोरम की,क्योंकि इन्हीं राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो रहे है। मिजोरम विधानसभा के चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस ज्यादा गंभीर नहीं है। मिजोरम विधानसभा के चुनाव एक छोटी-मोटी नगर निगम के चुनाव जैसे है। फिर मिजोरम में भाजपा का कुछ है भी नहीं और हाल की मणिपुर की घटना ने भाजपा के लिए बची-खुची गुंजाइश भी समाप्त कर दी है। कमोवेश यही दशा भाजपा की तेलंगाना में है। हालाँकि तेलंगाना में भाजपा ने थोड़ी-बहुत उछलकूँद की भी। चुनावों की औपचारिक घोषणा के पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह तेलंगाना जाकर केसीआर को हड़का कर भी आये,किन्तु बात बनी नही। तेलंगाना में मुकाबला कांग्रेस और मौजूदा सत्तारूढ़ दल के साथ है। इसलिए यहां बगावत की कोई समस्या है नहीं। भाजपा का पूरा ध्यान मध्यप्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर है। इन तीनों राज्यों में भाजपा की मोदी-शाह जोड़ी पूरा कसबल लगा रही है। इन तीनों राज्यों में भाजपा विधानसभा चुनावों की औपचारिक घोषणा के पहले ही भसकना (दरकना) शुरू हो गयी थी। मध्यप्रदेश में तो भाजपा में सबसे जायदा बगावत हुई। विधायक से लेकर स्थानीय स्तर के नेता तक भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गये। पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी से शुरू हुई ये बगत आज भी जारी है। भाजपा प्रत्याशियों की हर नई सूची बगावत की खबर लेकर आती है। लेकिन भाजपा की बगावत का स्वरूप असंगठित है इसलिए पार्टी में विभाजन का तो कोई खतरा नहीं है किन्तु इस बगावत की वजह से पार्टी की स्थिति कमजोर अवश्य हो रही है।

भाजपा ने मध्य प्रदेश में जिन तीन केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव को विधानसभा चुनाव में उतारा है वे सब बेमन से चुनाव लड़ रहे है। ये दसों नेता चुनाव लड़ना चाहते थे अपने बच्चों को,अपने समर्थकों को,लेकिन पार्टी है कमान ने किसी की एक नहीं सुनी। इन दस नेताओं के आने से भाजपा को कम से कम तीस सीटों पर जीत की उम्मीद है लेकिन हो उलटा रहा है। ये दसों की दस सीटें भी अब असुरक्षित दिखने लगी हैं। जिस चंबल-ग्वालियर अंचल ने भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में पटकनी दी थी और बाद में इसी अंचल से कांग्रेस में हुई बगावत ने भाजपा को सत्ता तक पहुंचाया था,उसी में एक बार फिर बगावत सबसे ज्यादा हुई है और असंतोष की महीन स्वर तो अब भी सुनाई दे रहे हैं।

भाजपा के पितृ पुरुष और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के भांजे अनूप मिश्रा को टिकिट नहीं मिला है। वे खाट-पाट लेकर कोप भवन में है। उनके कांग्रेस में जाने की खबरें भी हवा में तैरीं किन्तु अनूप मिश्रा को इन खबरों का खंडन करना पड़ा,क्योंकि उन्हें पता था कि कांग्रेस में उनका कोई माई-बाप नहीं है सिवाय दिग्विजय सिंह के। और एन मौके पर वे भी उनकी कोई मदद नहीं कर सकते। ग्वालियर में ही पूर्व मंत्री नारायण सिंह कि बगावत कि मंशा भी पूरी नहीं हो पायी। मुरैना में पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के भी बागी होने की खबरें उड़ीं थीं,किन्तु अब वे भी असंतुष्ट होकर बैठे है। वे अपने बेटे के लिए टिकटार्थी थे। अभी तक उनके बेटे के बारे में पार्टी ने कोई फैसला नहीं किया गया है। भिंड में पूर्व विधायक रसाल सिंह बागी हो गए है। उनकी बगावत से एक -दो सीटों का गणित तो बिगड़ ही सकता है। भिंड में भाजपा में शामिल हुए सपा के विधायक संजीव सिंह का कथित पटवारी घोटाला पहले से भाजपा के गले कि हड्डी बना हुआ है।

मप्र में कांग्रेस कि पहली सूची आने के बाद बगावत की इक्का-दुक्का खबर है लेकिन कांग्रेस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। कांग्रेस ने बहुत ठोंक-बजाकर प्रत्याशियों का चयन किया है। ग्वालियर में एक मात्र कांग्रेसी केदार सिंह कंसाना ने टिकिट न मिलने पर पार्टी छोड़ी है। वे जरूर कांग्रेस कि एक सीट का गणित खराब कर सकते हैं,लेकिन बाकी कहीं कोई खरखसा नहीं है। कांग्रेस ने छह बार के विधायक केपी सिंह को अपनी सीट बदलने की सुविधा भी दी। वे अब पिछोर की जगह शिवपुरी से चुनाव लड़ेंगे। पहले भाजपा कि और से शिवपुरी से श्रीमती यशोधरा राजे चुनाव लड़तीं थीं,लेकिन इस बार वे भी नाखुश भाजपाइयों की सोची में शामिल हो गयीं हैं। वे अपने बेटे के लिए टिकिट चाहतीं थीं किन्तु पार्टी ने उनकी सुनी नहीं। भाजपा की चार सूचियां आने के बाद कांग्रेस की पहली सूची आने से कांग्रेस को फैसला करने में आसानी हुई। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शिवतराज सिंह चौहान को चुनावों में उलझने के लिए एक अराजनीतिक व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाया जो छोटे परदे का हनुमान है। बुधनी सीट से कांग्रेस के इस फैसले में कोई गंभीरता तो नजर नहीं आती किन्तु ये प्रयोग शिवराज सिंह चौहान कि नाव पार भी लगा सकता है और डुबो भी सकता है। वैसे जहाँ तक सूचनाएं हैं कि चौहान के खिलाफ हनुमान को उतरने का फैसला शिवराज सिंह के कांग्रेसी शुभचिंतकों ने सोच-समझकर ही किया है। कांग्रेस ने परिवारवाद के आरोप की परवाह किये बिना एक ही परिवार के दो-लोगों को टिकिट दिया। राजस्थान में भी भाजपा के समाने बगावत एक गंभीर समस्या है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती [श्रीमंत भी] बसुंधरा राजे भाजपा के लिए सबसे बड़ी समस्या है। भाजपा बसुंधरा राजे से छुटकारा चाहती है लेकिन वे भाजपा छोड़ना नहीं चाहती। वे राजस्थान की उमा भारती भी नहीं बनना चाहतीं अर्थात पार्टी को तोड़ना भी नहीं चाहतीं,किन्तु उनके पार्टी में रहने से भी भाजपा को कोई लाभ नहीं होने वाला,क्योंकि वे नाराज हैं। वे महिला भी हैं और पुराने सामंत परिवार से भी।

क्या नई विश्व व्यवस्था के लिए अपरिहार्य है विश्वयुद्ध?

नृशंस, खूँखार व घातक इस युद्ध के लंबा और बहुत लंबा चलने के आसार हैं क्योंकि लगभग सभी इस्लामिक कट्टरपंथी गुट व राष्ट्र इससे जुड़ते जा रहे हैं। तेल-गैस की आर्थिक व्यवस्था पर कब्जे के इस खेल में सदियो से चल रहा इस्लाम बनाम ईसाई-यहूदी संघर्ष भी उभर कर सामने आ गया है, बल्कि इसी को हथियार बनाया है रुस व चीन ने। प्रथम व दूसरे विश्व युद्ध के साथ बनी विश्व व्यवस्था जिसके माध्यम से अमेरिका नाटो की मदद से दुनिया को हाँक रहा है, को बदलने का निर्णायक युद्ध। यूएसएसआर के विघटन एवं चीन में थ्येनमान नरसंहार के बाद इन दोनों देशों में आयी बाजार अर्थव्यवस्था के बाद पिछले दो दशकों में रूस व चीन दोनों फिर से आर्थिक ताकत बनते गए और क्षेत्रीय सैन्य महाशक्ति भी। चीन सन 2008 से ही अमेरिका को पिछाड़ने की कोशिश में है। सन 2008 की आयी आर्थिक मंदी अमेरिकी व नाटो देशों की अर्थव्यवस्था तोड़ने का चीनी षड्यंत्र ही था तो उसके जवाब में कोरोना वायरस को चीन में छोड़ना व रुस के पुराने साथी यूक्रेन में अपनी कठपुतली सरकार बना रूस को घेरना अमेरिकी षड्यंत्र। किंतु अमेरिकी खेल उल्टे पड़ गए और चीन ने कोरोना वायरस को वुहान से निकलने नहीं दिया उल्टे पूरी दुनिया में फैला दिया तो रूस ने यूक्रेन का ऐसा सर्वनाश किया

अनुज अग्रवाल
लेखक डायलॉग इंडिया के संपादक है

और इसराइल पर हमास द्वारा आतंकी हमला करा, रुस व चीन ने अमेरिका व नाटो पर निर्णायक चोट कर ही दी। हालांकि मंच पर ईरान, तुर्की व कतर खेल खेल रहे हैं किंतु पर्दे के पीछे डोरियां रुस-चीन के हाथो में ही हैं। यह सीधा सीधा अमेरिका पर हमला है और अमेरिका इसी रूप में इसको ले भी रहा है क्योंकि इजराइल का जन्म व अस्तित्व अमेरिका पर ही टिका हुआ है। नृशंस, खूँखार व घातक इस युद्ध के लंबा और बहुत लंबा चलने के आसार हैं क्योंकि लगभग सभी इस्लामिक कट्टरपंथी गुट व राष्ट्र इससे जुड़ते जा रहे हैं। तेल-गैस की आर्थिक व्यवस्था पर कब्जे के इस खेल में सदियो से चल रहा इस्लाम बनाम ईसाई-यहूदी संघर्ष भी उभर कर सामने आ गया है, बल्कि इसी को हथियार बनाया है रुस व चीन ने। प्रथम व दूसरे विश्व युद्ध के साथ बनी विश्व व्यवस्था जिसके माध्यम से अमेरिका नाटो की मदद से दुनिया को हाँक रहा है, को बदलने का निर्णायक युद्ध। यूएसएसआर के विघटन एवं चीन में थ्येनमान नरसंहार के बाद इन दोनों देशों में आयी बाजार अर्थव्यवस्था के बाद पिछले दो दशकों में रूस व चीन दोनों फिर से आर्थिक ताकत बनते गए और क्षेत्रीय सैन्य महाशक्ति भी। चीन सन- 2008 से ही अमेरिका को पिछाड़ने की कोशिश में है। सन- 2008 की आयी आर्थिक मंदी अमेरिकी व नाटो देशों की अर्थव्यवस्था तोड़ने का चीनी षड्यंत्र ही था तो उसके जवाब में कोरोना वायरस को चीन में छोड़ना व रुस के पुराने साथी यूक्रेन में अपनी कठपुतली सरकार बना रुस को घेरना अमेरिकी षड्यंत्र। किंतु अमेरिकी खेल उल्टे पड़ गए और चीन ने कोरोना वायरस को वुहान से निकलने नहीं दिया उल्टे पूरी दुनिया में फैला दिया तो रूस ने यूक्रेन का ऐसा सर्वनाश किया कि पूरे यूरोप की हालत पतली हो गई और अमेरिकी भी यूक्रेन को सहायता देता देता मंदी का शिकार हो चला। रुस व चीन गठजोड़ हो सकता है आत्मघाती खेल खेल रहे हों किंतु अमेरिका व नाटो देश भी बुरी तरह हाँफ रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के चक्कर में अमेरिका को अफगानिस्तान से बीच में ही भागना पड़ा तो हाल ही में फ्रांस नाइजर को छोड़ भाग निकला क्योंकि यूक्रेन युद्ध में उनके संसाधन कम पड़ते जा रहे हैं और उस पर अब मध्य पूर्व एशिया का महासँकट। यूक्रेन संकट से कई गुना बड़ा भी और खतरनाक भी। फिलिस्तीन-इसराइल विवाद की यह उलझन तेल कूटनीति व अरब देशों से कमजोर पड़ते रिश्तों के बीच अमेरिका को इस क्षेत्र व खेल से बाहर न कर दे। अगर अरब लीग, ओपेक देश, इस्लामिक देश व इस्लामिक जिहादी गुट रुस-चीन के इस खेल के खिलाड़ी बन इजराइल को मिटाने पर आमादा हो गए तो अपनी साख व अपने प्यादे इजराइल का अस्तित्व बचाने के लिए अमेरिका व नाटो देशों को स्वयं मैदान में कूदना होगा और इसके परिणाम विश्व का दो गुटों में विभाजन व भयंकर व दीर्घकालिक विश्व युद्ध होगा। ऐसा होना अब लगभग तय हो ही चुका है। आमने-सामने का घातक हथियारों से लड़े जाने वाला यह युद्ध तब ही खत्म होगा जब पुरानी विश्व व्यवस्था बदलने की स्थिति आएगी। शायद ऐसा न भी हो क्योंकि विनाशक हथियारों को इतनी बड़ी खेप दोनों पक्षों के पास है कि वे एक दूसरे का संपूर्ण विनाश न कर बैठें।

महाशक्तियों के इस खेल को कुछ ऐसे समझा जा सकता है

1) रूस और चीन, अमेरिका व नाटो के पिछले तीस सालों से दुनिया पर चले आ रहे वर्चस्व को तोड़ने पर उतारू हैं। चूँकि रुस के पास तेल और गैस के बड़े भंडार हैं और चीन का कब्जा दुनिया के आधे से अधिक विनिर्माण क्षेत्र पर है इसलिए वे अमेरिका व नाटो के वर्चस्व को तोड़ने का माद्दा रखते हैं। यूक्रेन युद्ध के बीच रुस व चीन ने अरब मुस्लिम देशों से अपनी दोस्ती व संबंध बहुत तेजी से अच्छे किए हैं व उनकी अमेरिका व नाटो से दूरी पैदा कर दी है।

2) रुस-चीन गठजोड़ ने अमेरिकी खेमे की तरह दुनिया के हर देश में अपनी व्यापक पकड़ व घुसपैठ कर ली है। वैचारिक स्तर पर यह बाजार समाजवाद बनाम बाजार पूंजीवाद का युद्ध है जो वैचारिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व सामरिक सभी मोर्चों पर लड़ा जा रहा है। स्थिति यह हो चुकी है कि लगभग सभी देशों में दो प्रमुख राजनीतिक दलों/गुटों में से एक रुस-चीन गुट के बाजार समाजवाद का तो दूसरा अमेरिका व नाटो के बाजार पूंजीवाद का समर्थक है। भारत में भी यह एनडीए व इंडी गठबंधन की विचारधारा में स्पष्ट दिखता है।

3) आर्थिक के साथ साथ इन दोनों गुटों में कई जगह व देशों में धार्मिक विभाजन का रूप भी लिए हुए है। विशेषकर एशिया व अफ़्रीका में यह इस्लाम व ईसाइयत के खूनी संघर्ष व वर्चस्व की लड़ाई में सदियों से चला आ रहा है यद्यपि यहाँ के अधिकांश हिंदू व बौद्ध या तो निरपेक्ष हैं अथवा ईसाइयों के साथ खड़े हैं।

4) प्रथम विश्व युद्ध के बाद मित्र देशों विशेषकर इंग्लैंड द्वारा तुर्की का 46 इस्लामिक देशों में विभाजन और दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका की शह पर मुस्लिम देशों के बीच यहूदी देश इजराइल का गठन नाटो देशों की तेल कूटनीति और बाँटो व राज करो की कूटिलनीति का हिस्सा था। कुछ ऐसा ही खेल उन्होंने भारत का विभाजन करके किया था। जिसके दंश दक्षिण एशिया आज भी झेल रहा है। इसके बाद से पिछले 75 वर्षों से अमेरिका के नेतृत्व में नाटो देश तेल उत्पादक मुस्लिम देशों का सफलतापूर्वक शोषण व दोहन कर रहे हैं, इनके विवादों को हवा देते हुए कट्टरपंथी व आतंकी गुटों को बढ़ावा देते रहते है व अपना उल्लू साधते रहते हैं। रुस व चीन के उभरने से इन देशों को नया सहारा मिल गया है और वे अमेरिका व नाटो से पल्ला झाड़ने व अपने मतभेद भुलाने की ठान बैठे हैं। उभरते-उगते एशिया से नाटो दहशत में है व इसको बिखेरने की पूरी कोशिश में लगा है। बड़ा संघर्ष यानि विश्व युद्ध ही इस संघर्ष को निर्णायक स्वरूप दे सकता है। इसलिए हर नया संघर्ष दुनिया को विश्व युद्ध की ओर धकेल रहा है।

5) यूक्रेन युद्ध में अपने बड़े साधन व हथियार गँवाए नाटो के लिए खाड़ी में नया युद्ध बहुत बड़ी आफत जैसा है जो उसकी कमर तोड़ के रख देगा और यही रुस-चीन गुट चाहता भी है। इसलिए उम्मीद है कि चीन ताइवान पर जल्द ही हमला कर दे और नाटो एक और युद्ध का मोर्चा खुलने से बुरी तरह उलझ जाए व हार मान बैठे या भयानक विनाश को न अंजाम दे बैठे। कोरोना महामारी से चोट खाए विश्व के कम से कम सौ देश आर्थिक मंदी, अराजकता व गृहयुद्ध का शिकार हैं। अफ़्रीका व दक्षिण अमेरिका के देशों में भी हालात बहुत खराब हैं। ऐसे में विश्व युद्ध दुनिया को भीषण तबाही, नरसंहार, भूख, गरीबी व बेरोजगारी की ओर ले जाएगा।

6) आर्थिक मंदी से जूझ रहे विश्व को क्लाइमेट चेंज की मुसीबतें भी रोजाना छका रही हैं और हर दिन विश्व के किसी न किसी भाग में प्राकृतिक आपदाएं व विनाश अब आम बात है ऐसे में युद्ध के नित नए मोर्चे खुलते जाने से सप्लाई चैन फिर से टूटने के आसार हैं, शेयर बाजार का फिसलना व अर्थव्यवस्था का गर्त में जाना तय है। ऐसे में होने वाले भयावह विनाश व मौत के मंजरों की कल्पना मात्र से ही सिहरन पैदा हो जाती है। डब्लूएचओ एक और घातक वायरस एक्स के शीघ्र फैलने की घोषणा कर ही चुका है जो कोरोना से कई गुना घातक हो सकता है। यह वायरस दोनों गुटों के बीच चल रहे युद्ध का ही हिस्सा हो सकता है।

7) बढ़ता संघर्ष अंतरराष्ट्रीय संगठनों, संधियों, समझौतों, आयात-निर्यात, व्यापार, प्रोजेक्टो सभी के लिए श्मशान सिद्ध होगा। यूएन, जी -20, ब्रिक्स आदि सभी पहल बेमानी सिद्ध होती जायेंगी। बाजार अर्थव्यवस्था में बाजार भी जब उत्कर्ष पर पहुँच जाता है तो युद्ध ही बाजार के पुनर्गठन का एकमात्र रास्ता होता है इसलिए भी विश्व युद्ध अपरिहार्य है और नई विश्व व्यवस्था भी।

दुनिया में बढ़ते संघर्ष के बीच भारत की स्थिति व भूमिका क्या हो यह भी विचारणीय, गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। अमेरिका व नाटो भारत को चीन के विरुद्ध खड़ा करना चाह रहा है और इसीलिए विशेष महत्व दे भी रहा है। हाल ही में भारत में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन की उपलब्धियां व भारत को मिली बढ़त व महत्व नए अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों में फीका पड़ गया है और परिस्थिति बहुत तेजी से बदल रहीं हैं।

कूटनीति शक्ति व संसाधनों को पाने का संघर्ष होता इस बार यह संघर्ष लंबा चलने की उम्मीद है शायद एक दशक तक भी। शांति व संवाद भी कूटनीति के हथियार हैं और ये हथियार तभी काम आते है जब आपके पास असली हथियार पर्याप्त मात्रा में हों। भारत को यह बात समझनी होगी और तय करना होगा कि वह किस रूप में इस निर्णायक संग्राम में भागीदार बनेगा-एक व्यापारी के रूप में, मूक दर्शक के रूप में या पक्षकार के रूप में।

वायु प्रदूषण के खतरे की अनदेखी!

हाल के दिनों में फिर से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों से हवा की गुणवत्ता खराब होने लगी है और जैसा कि हर साल होता है। सर्दियों के आते-आते प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। स्थिति बहुत बिगड़ जाती है। यहां के अस्पतालों में सांस के मरीज बढ़ जाते हैं। फेफड़ों के कैंसर जैसी घातक बीमारियों का यह सबसे बड़ा कारण माना जाता है लेकिन इसके लिए केंद्र या राज्य सरकार ज्यादा गंभीर नहीं दिखाई देती। जबकि हर साल यह एक बड़ा मुद्दा बन जाता है। राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां की कई बुनियादी समस्या राजनीति के चक्कर में रह जाती है। एक आंकड़े के मुताबिक डीटीयू, आनंद विहार, बुराड़ी, इहबास, जहांगीरपुरी, ध्यानचंद स्टेडियम, मुंडका, नरेला, नेहरू नगर, न्यू मोती बाग, नॉर्थ कैंपस, ओखला, पूसा, आरकेपुरम, रोहिणी, शादीपुर, सीरी फोर्ट, सोनिया विहार, विवेक विहार, वजीरपुर, नजफगढ़ आदि क्षेत्रों में हवा इन दिनों सर्वाधिक प्रदूषित बनी हुई है। पिछले दिनों दिल्ली की हवा में प्रदूषण कणों की मात्रा बरकरार रही है। स्थिति ऐसी हो रही है कि दिल्ली के 16 इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से ऊपर यानी खराब और कुछ इलाकों में तो 300 से ऊपर यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है।

सुशील देव
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

राजधानी दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। समय-समय पर यह समस्या हमारे सिर पर इस तरह से आकर खड़ी हो जाती है, जिससे हमें भागना मुश्किल हो जाता है। हाल के दिनों में फिर से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों से हवा की गुणवत्ता खराब होने लगी है और जैसा कि हर साल होता है। सर्दियों के आते-आते प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। स्थिति बहुत बिगड़ जाती है। यहां के अस्पतालों में सांस के मरीज बढ़ जाते हैं। फेफड़ों के कैंसर जैसी घातक बीमारियों का यह सबसे बड़ा कारण माना जाता है लेकिन इसके लिए केंद्र या राज्य सरकार ज्यादा गंभीर नहीं दिखाई देती। जबकि हर साल यह एक बड़ा मुद्दा बन जाता है।

राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां की कई बुनियादी समस्या राजनीति के चक्कर में रह जाती है। एक आंकड़े के मुताबिक डीटीयू, आनंद विहार, बुराड़ी, इहबास, जहांगीरपुरी, ध्यानचंद स्टेडियम, मुंडका, नरेला, नेहरू नगर, न्यू मोती बाग, नॉर्थ कैंपस, ओखला, पूसा, आरकेपुरम, रोहिणी, शादीपुर, सीरी फोर्ट, सोनिया विहार, विवेक विहार, वजीरपुर, नजफगढ़ आदि क्षेत्रों में हवा इन दिनों सर्वाधिक प्रदूषित बनी हुई है। पिछले दिनों दिल्ली की हवा में प्रदूषण कणों की मात्रा बरकरार रही है। स्थिति ऐसी हो रही है कि दिल्ली के 16 इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से ऊपर यानी खराब और कुछ इलाकों में तो 300 से ऊपर यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। वहीं बाहरी दिल्ली के एक इलाके डीटीयू का एक्यूआई तो 400 से भी अधिक यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है।

संपूर्ण रूप से माना जाए तो राजधानी दिल्ली की हवा इन दिनों बेहद खराब है।

पड़ोसी राज्य पंजाब और हरियाणा से पराली जलाने के मामले आ रहे हैं। जो पराली जला रहे हैं वैसे किसानों पर किसी प्रकार की सख्ती नहीं दिखाई दे रही है। चालान काटे तो कटे, किसान अपनी अगली फसल बोने की तैयारी में धड़ल्ले से यह सब कर रहे हैं। प्रदेश में सेटेलाइट की तस्वीर बताती हैं कि वहां की कृषि विभाग भी पराली जलाने वालों के खिलाफ कुछ खास नहीं कर पा रहा है। यह सब प्रदूषण हम रोक सकते हैं लेकिन इसके लिए सरकार और संबंधित सरकारी–गैर सरकारी संस्थाओं को पूर्ण रूप से प्रतिबद्धता दिखाने की जरूरत है। कहते हैं कि लंदन किसी समय में दुनिया के पांच शीर्ष प्रदूषित शहरों में गिना जाता था लेकिन अब उसे स्वच्छ शहर माना जाता है। यह सब वहां के लोगों की सामाजिक और राजनीतिक जिम्मेदारी से संभव हो सका है। दिल्ली में इस दिशा में सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। इसके लिए दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाना होगा और प्रदूषण के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार कारकों की पहचान करके उनका निवारण करना पड़ेगा।

वातावरण में प्रदूषक तत्वों की मात्रा बढ़ने पर हवा के जरिए सांस की नाली और फेफड़ों में वह पहुंचता है। सांस की नली में सुकड़न और सूजन होने लगती है। इस वजह से दमा या अस्थमा जैसे रोग हो जाते हैं। लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। आंखों में एलर्जी, सिर दर्द, तनाव जैसे दुष्प्रभाव देखा जा सकता है। मानसिक संतुलन में भी यह प्रदूषण बहुत असर करता है और यदि दीर्घकालिक दुष्प्रभाव की बात करें तो यह फेफड़ों के कैंसर का प्रदूषण एक बड़ा कारण बन रहा है। धूम्रपान नहीं करने वाले लोग भी प्रदूषण के कारण फेफड़े के कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गैर संचारी बीमारियों का एक बड़ा कारण प्रदूषण भी है। लोग असमय मौत के शिकार हो रहे हैं।

हालांकि दिल्ली सरकार ने इन दोनों बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर भवन निर्माण, सड़क निर्माण समेत कोई भी ऐसे निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे धूल, गैस या अन्य प्रदूषक तत्व निकलते हों। इसके बावजूद लोग नहीं मान रहे हैं। कई इलाकों में निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है। उन पर किसी प्रकार का रोक-टोक नहीं है। प्रशासन की कोई जवाबदारी नहीं है। ऐसे में प्रदूषण को कैसे रोका जा सकता है या एक बड़ा सवाल है। त्योहारों का समय है। दिवाली आने वाली है। वार्षिक प्रदूषण में पटाखे की भूमिका भी कम नहीं होती। ऐसे में हम सभी को प्रदूषण के खिलाफ जागरूक बनाना पड़ेगा अन्यथा हमें इसके शिकार बनने से कोई नहीं रोक सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रदूषण का डायबिटीज से भले ही सीधा संबंध नहीं हो लेकिन यह तय है कि शरीर में कोई हानिकारक तत्व अगर पहुंच रहा है तो इससे इंसुलिन बनने की प्रक्रिया प्रभावित होती है। लिहाजा, डायबिटीज का खतरा भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है। हम सभी को सचेत होने की जरूरत है।

पल-पल बदलते मत के बीच विधानसभा को लोकसभा चुनाव का सेमिफाइनल कैसे मान लें?

वीरेन्द्र विश्वकर्मा

किसकी हार हो रही है और कौन जीत रहा है,इसका अंदाजा लगाना बेहद कठिन है। हर रोज सियासी हवा बदलती है,कभी लगता है कि भाजपा मजबूत है तो कभी अहसास होता है कि कांग्रेस सरकार बना रही है। कभी अंदाजा लगाया जाता है कि इस बार त्रिशंकु विधानसभा बनेगी। ऐसे ही तमाम कयासों के बीच जब चुनावी परिणाम आते हैं तो सबकुछ उल्टा पुल्टा दिखाई देने लगता है। वजह ये है कि आम मतदाता खामोस रहता है और राजनीति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोग ही अपने पक्ष में माहौल बनाने की असफल कोशिश करते नजर आते हैं। इस बार भी कुछ इसी तरह का माहौल बनाने की कोशिशें होती नजर आने लगीं है। पिछले कुछ चुनावों पर नजर डालें तो कई उदाहरण है। पहला 2003 में हुए विधानसभा चुनाव का उदाहरण है। इस वक्त मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों को देखें तो तीनों राज्यों में भाजपा को बड़ी जीत हासिल हुई और सत्ता में आ गई। इससे गदगद केंद्र की वाजपेयी सरकार ने सत्ता बरकरार रखने के लिए समय पूर्व ही आम चुनाव कराने का दांव चल दिया। नतीजा ये हुआ कि उपरोक्त राज्यों से भाजपा ने 56 लोकसभा सीटें जीतीं लेकिन केंद्र में सत्ता से हाथ धोना पड़ा। इसका मतलब ये हुआ कि जरूरी नहीं है कि विधानसभा में मिली जीत लोकसभा चुनाव में बरकरार रहे। एक और उदाहरण 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में देखने को मिला। उस वक्त केंद्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार थी,मोदी लहर चरम पर थी,इसके बाद भी भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ और राजस्थान में अपनी सरकार गंवा दी। हालांकि राजस्थान अपवाद हो सकता है क्योंकि यहां हर पांच साल में सत्ता का परिवर्तन सुनिश्चित माना जाता है। इसके बाद भाजपा विरोधी दलों का हौंसला बढ़ा और केंद्र में सत्ता हासिल करने की हसरत लेकर विरोधी दल अति उत्साहित होते नजर आए। इसी उत्साह के चलते वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए विरोधी दलों ने पूरी ताकत झौंकी और दावे किए कि उनकी केंद्र में सरकार बनना लगभग तय है। जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आए तो भाजपा विरोधियों को तगड़ा झटका लगा। हुआ ये कि विधानसभा चुनाव में हारी भाजपा ने लोकसभा चुनाव में तीनों ही राज्यों में करीब करीब क्लीन स्वीप कर पहले से भी बड़ी जीत हासिल कर ली। इसी तरह राजस्थान को छोड़ दें तो साल 2008 के विधानस

संक्षिप्त खबरें

शराब कारोबारी एवं ड्राईवर गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार में शराब माफिया तरह-तरह के हथकंडे अपनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। उत्पाद विभाग की टीम ने एक लक्जरी कार का पीछा कर भारी मात्रा में शराब के साथ एक स्कॉर्पियो और शराब कारोबारी के साथ गाड़ी के ड्राइवर को भी पकड़ लिया हैं । उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी । झारखण्ड से शराब को मुजफ्फरपुर लाया जा रहा था।उतापद विभाग की टीम ने फकुली ओपी चेक पोस्ट से गाड़ी का पीछा किया। पीछा करते करते रामदयालु चौक के पास स्कॉर्पियो के ड्राईवर ने गाड़ी को एक घर में ठोक दिया। ड्राईवर वहा से भागना चाहा। लेकिन भागने में असफल रहा। तभी पीछा कर रही उत्पाद विभाग की टीम ने कारोबारी समेत ड्राइवर, गाड़ी और शराब को अपने कब्जे में ले लिया ।

होटल संचालक पर हमला,एक हिरासत में

मुजफ्फरपुर।कुढ़नी थाने के मधौल गांव में आज कुछ अपराधियों ने लाईन होटल संचालक के वाहन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं।इस हमले में होटल संचालक विकास कुमार बाल बाल बच गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार,होटल संचालक विकास कुमार अपने घर मधौल से होटल जा रहे थे।इसी क्रम में उनके ग्रामीण गोलु कुमार पिता अनिल पाण्डेय ग्राम मधौल थाना तुर्की ओ०पी० (कुढ़नी थाना) एवं उसके एक अन्य साथी द्वारा उनके वाहन पर गोली चला दी गई घटना की सूचना प्राप्त होते ही ओ०पी० प्रभारी तुर्की ओ०पी० के द्वारा तत्काल मौके पर पहुँच कर सभी संभव बिंदुओं पर जांच प्रारंभ किया गया। घटना के आस-पास लगे सी०सी०टी०वी० फुटेज का अवलोकन किया गया। पुलिस ने आरोपी गोलु कुमार को हिरासत में लेकर पूछ-ताछ की जा रही है। पूर्व में दोनो पक्षों के बीच वाहन में टक्कर को लेकर विवाद हुआ था । विकाश के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्यवाही की जा रही है।

पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु बैठक आयोजित

मुजफ्फरपुर। पंचायत सरकार भवन के लिए जमीन चिन्हित करने तथा उसके को निर्माण को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी, प्रणव कुमार ने सभी अंचलाधिकारी, मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक किया। अनुमंडल पूर्वी के प्रखण्डों के मुखियागण बैठक में उपस्थित रही। बारी-बारी से सभी पंचायतों के मुखिया से जहां पंचायत सरकार भवन बनना है, जमीन उपलब्धता के बारे में पृच्छा किया गया। समीक्षा के क्रम में अधिकतर मुखियाओं ने जमीन की उपलब्धता को चिन्हित किया, जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी से प्रतिवेदन की मांग की। जमीन उपलब्धता के लिए उन्होंने दान के लिए भी प्रेरित किया। उपलब्ध जमीन नदी किनारे या अतिक्रमित स्थिति में है, जिला पदाधिकारी ने अस्थायी अतिक्रमण को अविलम्ब अतिक्रमण मुक्त करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा की पंचायत सरकार भवन के लिए लगातार प्रयास करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि 50 डीसमिल उक्त भवन के निर्माण के लिए निर्धारित है। बैठक में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी नवीन कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, पूर्वी उपस्थित थें।

बैंककर्मी से लूटे 1.5लाख ,मारी गोली

मुजफ्फरपुर।जिले में अपराधियों का तांडव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां हत्या, लूटपाट, गोलीबारी की घटनाएं लगातार हो रही है। इसी कड़ी में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने आरबीएल बैंक कर्मी को गोली मारकर लगभग डेढ़ लाख रुपये लूट लिए। घटना कुढ़नी थाने के कुढ़नी थाना झिटकी गांव की है। जख्मी कर्मी बोचहां थाने के शर्फुद्दीनपुर रोशनी निवासी प्रमोद राय के 25 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है। चंदन तुर्की में आरबीएल बैंक के फिल्ड ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं। वह क्षेत्र से रुपये वसूली कर लौट रहा था। इसी क्रम में बाइक सवार दो अपराधी जो अपने चेहरे को बांधे हुए थे, रुपये लूटने का प्रयास किया। इसका विरोध करने पर चंदन को गोली मार दी और रुपये लूट लिए। गोली उसके दाहिने हाथ के ऊपर लगी है। मोबाइल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जख्मी को इलाज के लिए एसके एमसीएच के इमरजेंसी में भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने जख्मी के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

एक की गोली मारकर हत्या, एक की हालत नाजुक, 27 लाख रुपए लूट का मामला

● एसआरपी हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन कर निकाली गई गोली

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। बीती रात तकरीबन 9 बजे रक्सौल अनुमंडल के रामगढ़वा थाना क्षेत्र के अमोदेई के समीप कसवा टोला में अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम देने के लिए दो लोगों को गोली मार दी। जिनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा जिंदगी-मौत की जंग लड़ रहा है। दोनों ही पीड़ित को पुलिस ने रक्सौल एसआरपी हॉस्पिटल में लाया, जहां चिकत्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। मामला रामगढ़वा थाना क्षेत्र का हैं, जानकारी के मुताबिक शिव शक्ति फ्लावर मिल के दो कर्मी, जिनमे आमोदेई शोभा टोला निवासी चालक सुरेश कुशवाहा एवं दूसरा कर्मी सीतामढ़ी के बैरगनिया निवासी दिलीप कुमार सिंह लहना वसूल कर फैक्ट्री में प्रवेश कर रहे थे, जिनके पास 27 लाख रुपए थी, ऐसा बताया जा रहा है, जिसकी लूट के लिए पहले से घात लगाए अपराधियों ने अचानक फायरिंग करना शुरू कर दिए। घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गए। जब दोनो ही घायल कर्मी को अस्पताल लाया गया, जहां रास्ते में ही दिलीप कुमार सिंह ने दम तोड़ दिया था, चिकित्सक ने पहुंचते ही उन्हें मृत घोषित कर दिए और घायल सुरेश कुशवाहा की ईलाज शुरू कर दी गई। इस संबंध में एसआरपी हॉस्पिटल के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि जब मरीज को लाया गया तो उसके सीने में गोली मारी गई थी, जो अंदर फंसी हुई थी, आंतरिक रक्त बहाव भी बहुत ज्यादा हो रहा था, मरीज की हालत काफी नाजुक थी, सबसे पहले उसे भर्ती कर ईलाज शुरू किया गया, 4 घंटे चले लंबे सफल ऑपरेशन के बाद लगी एक गोली को निकाल दिया गया। फिल्हाल आंतरिक रक्त बहाव बंद है, मरीज की हालत स्थिर है, परंतु अभी खतरा बना हुआ है, मरीज के जान बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। उधर घटना के बाद एसपी कांतेश मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और टीम गठित कर दिया है, लगातार छापेमारी जारी है। जानकारी के अनुसार हत्या वारदात में शामिल बोलेरों को नकरदेई से बरामद किया गया है। पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है ताकि अपराधी कोई भी हो बच न सके।

दीदी की रसोई से आए दीदीयो ने एक अद्वितीय प्रोग्राम आयोजित किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भोजन दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल मधुबनी के दीदी की रसोई से आए दीदीयों ने एक अद्वितीय प्रोग्राम आयोजित किया जिसमें पिरामल फाउंडेशन के मुदित पाठक ने फूड पे चर्चा का आयोजन किया। इस चर्चा में दीदीयो ने अपने काम करने में आने वाली चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की और इन चुनौतियों को पार करने के संभावित समाधानों पर भी बातचीत की। इसके साथ ही दीदीयों ने भोजन की बबार्दी और पानी की बबार्दी पर भी विचार किया। पूनम दीदी जो दीदी की रसोई के प्रमुख हैं ने भी अपने भावनाओं को साझा किया जब वह मरीजों को स्वादिष्ट भोजन परोसने के दौरान हैं। उन्होंने सेवा भाव और टीम बिल्डिंग के बारे में भी चर्चा की और यह कैसे संभावना स्थितियों के साथ समय पर आदेश मिलने पर और उन्हें समय पर पहुंचाने के साथ निबटते हैं। ह्लदीदी की रसोईह्व की शुरूआत से ही वे सभी परिवार की तरह काम कर रहे हैं और न्यूनतम लागत पर मरीजों और उनके परिवार को भोजन प्रदान कर रहे हैं। प्रमुख ने बताया कि वे सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक मरीज को न्यूनतम लागत में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता का भोजन मिलता है। इस अद्वितीय समारोह में दीदीयों ने न केवल अपने काम के प्रति अपनी संवादिता दिखाई बल्कि उन्होंने उन चुनौतियों का समाधान ढूंढने के लिए उनके समृद्ध अनुभव का साझा किया जिनसे वे रोजाना सामना करते हैं। उन्होंने भोजन की बबार्दी और पानी की बबार्दी के विचारों पर भी चर्चा की जो आज के दिन महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। यह समारोह दीदी की रसोई के दीदीयों के बीच टीम के रूप में काम करने और मरीजों और उनके परिवार को न्यूनतम लागत पर भोजन प्रदान करने के साथ कैसे मुश्किल स्थितियों का समाना करने में मददगार होने के बारे में भी चर्चा किया। इस समारोह ने दिखाया कि दीदी की रसोई की टीम एक परिवार की तरह काम करती है और मरीजों और उनके परिवार वे न्यूनतम लागत पर श्रेष्ठ गुणवत्ता वाले भोजन प्रदान करते हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर में विज्ञान मेला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर जिले के रामगढ़ प्रखंड के नगर पंचायत स्थित सोमवार को विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर बन्दीपुर रामगढ़ के प्रांगण में गणित विज्ञान मेला का आयोजन हुआ जिस कार्यक्रम का शुरूआत दिप मंत्र के साथ जिला परिषद अध्यक्ष रिंकी सिंह ,बंटी सिंह, पवन कुमार सिंह ,विद्यलाय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार विद्यार्थी ,सचिव देवेंद्रनारायण सिंह, प्रधानाचार्य राजीव रंजन दुबे ने सहुक्त रूप से दिप जलाकर कर विज्ञान मेला का शुभारंभ किया गया ,वही विज्ञान मेला में विद्यालय के भैया बहनो ने मॉडल बनाकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया ,चन्द्रयान से लेकर कई प्रकार के मॉडल को बनाया वही कैमूर जीप अध्यक्ष रिंकी सिंह ने एक एक कर सभी भैया बहनों का मॉडल को देख उनके हौशला को बढ़ाया साथ ही विद्यलाय प्रबन्धन समिति सदस्य और अभिभावकगण भी मॉडल को देख बच्चो को सराहा मौके पर विद्यालय प्रबन्धन समिति के सहसचिव शिवाजी पांडेय,कोषाध्यक्ष दीनदयाल वर्मा,सुनील गुप्ता, रामजी गुप्ता इंद्रावती देवी, विद्यलाय परिवार के सभी आचार्य, अभिभावकगण इत्यादि मौजूद रहे।

निर्ममता से पत्नी और पुत्री के हत्या करने वाले को उम्रकैद

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सात सुनील कुमार सिंह ने कासमा थाना कांड संख्या -33/21 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त ओपू रजक कासमा को भार्दवि धारा -302 में आजीवन कारावास और पचीस हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास होगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने अभियुक्त ओपू रजक को उम्रकैद की सजा सुनाई है, अभियुक्त को 12/10/23 को वाद के निर्णय पर दोषी ठहराया गया था जबकि एक अन्य अभियुक्त मालती देवी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया गया था, अधिवक्ता ने आगे बताया कि प्राथमिकी सूचक उमेश रजक हकीमचक रफीगंज ने 24/ 04/21 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्तों ने उसकी बेटी और नतिनी को दहेज के लिए जलाकर मार डाला, घटना से 14 दिन पहले महिला हेल्पलाइन में समझौता कराकर भेजा गया था, बेटी नीलम देवी की शादी 2013 मे ओपू रजक से की थी पैसा और बाइक की मांग अभियुक्तों द्वारा की जाती थी, पुलिस ने घटना के दुसरे दिन अभियुक्तों को गिरफतार किया था।

शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे दर्जनों पेंशनधारी

बखरी, बेगूसराय। रविवार को बखरी प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में सरकारी निदेर्शानुसार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के दर्जनों पेंशनधारी ने भाग लिया। इस दौरान दिनभर पंचायत भवनों के आसपास विभिन्न समस्याओं को लेकर विधवा, वृद्धा, दिव्यांगों ने शिविर में कागजात जमाकर सुधार करवाते दिखे। मौके पर बागवन पंचायत के मुखिया योगेन्द्र राय, कार्यपालक सहायक नीलू कुमारी, विकास मित्र प्रतिमा कुमारी, सुबोध सदा, स्वच्छता पर्यवेक्षक रामचरण महतो, ज्ञानचंद पासवान आदि शिविर में उपस्थित थे।

रक्तदान के क्षेत्र में एक से दूसरे जिले सम्मानित हो रहे बेगूसराय के रक्तवीर

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय ब्यूरो। रक्तदान के क्षेत्र में पटना जिले में डेवलपमेंट ऑफ रूरल इश्यूज के द्वारा आयोजित रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम सह सम्मान समारोह में बेगूसराय जिले में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जयमंगला वाहिनी परिवार को सम्मानित किया गया।जयमंगला वाहिनी परिवार का प्रतिनिधित्व करते हुए रक्तवीर मुरारी कुमार, रक्तवीर रवि प्रकाश और रक्तवीर अतुल कश्यप ने सम्मान ग्रहण किया। सम्मान ग्रहण करने के बाद मुरारी कुमार ने कहा कि अच्छा लगता है, जब हम सभी को रक्तदान के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के लिए जिले से बाहर भी सम्मानित किया जाता है। रवि प्रकाश व अतुल कश्यप ने बताया कि रक्तदान कर जीवन बचाने में सुखद अनुभव की अनुभूति होती ही है। साथ में जब उस हेतु प्रोत्साहित किया जाता है तो वो खुशी दोगुनी हो जाती हैं। मामले की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सुमित कुमार ने डेवलपमेंट ऑफ रूरल इश्यूज की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये अपार हर्ष का विषय है कि रक्तदान के क्षेत्र में किया जा रहे कार्य को जिलेवासी के साथ अन्य जिले के लोग भी उसकी सराहना करते हुए उस क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं। वहीं पर जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि हम सभी के सहयोग से कुछ बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं और इसमें कभी सफलता हाथ लगती है, तो कभी असफलता भी हाथ लगती है। लेकिन हमलोग सदैव प्रयास में लगे हुए रहते हैं कि जरूरतमंदों की सेवा होती रहे।

जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश

जिले के अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ दिलवाना करे सुनिश्चित डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में सात निश्चय योजना जल जीवन हरियाली सहित अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर एजेंडावार समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने कुओं के जीर्णोद्वार, पोखरे के जीर्णोद्वार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोख्ता निर्माण में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे महत्तपूर्ण जरूरत है। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी और घटते भूगर्भीय जल स्तर को देखते हुए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। इसके लिए छत वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण,सोख्ता निर्माण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा की सरकार के स्तर से हो रहे प्रयास के अतिरिक्त इसमें व्यापक जनसहभागिता जरूरी है। व्यापक जनसहभागिता के लिए लोगो के बीच वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि डस्टबिन केउप्योग करने को लेकर भी लगातार जागरूकता अभियान चलाए। डीएम ने सात निश्चय योजना के तहत आर्थिक हल युवाओं के बल निश्चय योजना अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना,कुशल युवा कार्यक्रम एवं स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ जिले के अधिक से अधिक युवाओं को मिले,इसको लेकर व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।उन्होंने डीआरसीसी प्रबंधक को कॉलेजों में कैंप लगाकर योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों में लंबित सेवांत लाभ के मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सेवांत लाभ के मामले में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नही की जाएगी जबाबदेही तय कर करवाई की जाएगी।इसके अतिरिक्त लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा प्रदान की जा रही पेंशन सांसद आदर्श ग्राम योजना राशन कार्ड के लंबित मामलों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राथमिकता देते हुए सभी महादलित टोलों के योग्य लाभुकों की पहचान की जाए। ताकि योजना को समय से लागू किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ को कार्यालय कार्य संस्कृति में सुधार लाने का भी निर्देश दिया। उन्होने कार्यालय की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की भी बात कही। पंजियो के रख-रखाव एवं संधारण को लेकर भी कई निर्देश दिए। उन्होंने लॉग बुक का संधारण अनिवार्य रूप से करने एवं निमित रूप से लॉग बुक की जाँच करने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया। उन्होंने कहा जिन प्रखंडों में अभी तक नजारत का प्रभार नही हो सका है,वहाँ 15 दिनों के अंदर प्रभार कार्य पूर्ण कर ले,अन्यथा जबाबदेही तय करते हुए कड़ी करवाई की जाएगी।उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विशाल राज प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा निधि राज जिला पंचायती राज पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सहित जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।गायघाट थाना क्षेत्र के ठीकापाही चौक के समीप एनएच 57 से पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया है। जब्त किया गया प्रतिबंधित कफ सिरप कोडिन की कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपए बताया गया है। थाना अध्यक्ष मोनू कुमार ने बताया कि मुजफ्फरपुर दरभंगा जिले की सीमा पर ठीकापाही चौक के समीप पुलिस वाहन जांच कर रही थी। इसी बीच दरभंगा की ओर जा रहे एक बगैर रजिस्ट्रेसन नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी हुई और उसमे सवार चालक व कारोबारी भाग चला। जब स्कॉर्पियो की तलाशी ली गई तो चार बोरा में भरे कोडीन नामक कफ सिरप का 2409 बोतल बरामद किया गया है। उन्होने बताया कि पुलिस स्कार्पियो गाड़ी व बरामद कफ सिरप को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

सोच को अपनाने से बनाया जा सकता है विकसित बिहार:विकास वैभव

● बखरी में आइपीएस विकास वैभव ने किया युवाओं से संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। रविवार की देर शाम आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने श्री विश्वबंधु पुस्तकालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पहले अंबेडकर चौक पर सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने उनका स्वागत किया। जहां डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात श्री विश्वबंधु पुस्तकालय पहुंचे, जहां उन्होंने पुस्तकालय का भ्रमण किया व पुस्तकों के बारे में जानकारी ली। पुस्तकालय सभागार में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन आईजी विकास वैभव, आरएसएस के मनोरंजन वर्मा, प्रभाकर राय, शिक्षक अशोक प्रियदर्शी, ई. मृणाल कश्यप, मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित युवाओं से संवाद के क्रम में आईपीएस वैभव ने कहा कि जब तक चिंतन के साथ-साथ अच्छे कार्य में योगदान नहीं होगा, तब तक हम अपने बिहार को बदलते बिहार में तब्दील नहीं कर पायेंगे।इसलिए सपना को साकार करने के लिए आइये मिलकर प्रेरित करें। बिहार के सोच को अपनाना होगा। तभी हम सभी बिहार के गौरवशाली प्राचीन इतिहास को बचाते हुए विकसित बिहार बना सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शिक्षा से जुड़े अपने सवाल भी पूछे। मंच संचालन अनुभव आनंद ने किया जबकि स्वागत गीत सरस्वती शिशु मंदिर के छात्राओं द्वारा किया गया। दूसरी ओर पुरानी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में बनारस के पुरोहितों द्वारा होने वाले संध्या आरती में भी आईजी श्री वैभव ने भाग लिया। मौके पर डीएसपी चंदन कुमार, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकास कुमार राय, तारानंद सिंह, पवन कुमार सुमन, जयशंकर जायसवाल, भोला चौधरी, जयदेव सान्याल, राजेश राज, सीताराम केसरी, प्रिंस सिंह, विकास मिश्रा आदि मौजूद थे।

वाजिब मजदूरी का भुगतान नहीं होने की शिकायत पर पहुंची टीम

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। सोमवार को श्रम अधीक्षक निखिल रंजन चौधरी के निर्देश पर श्रम परिवर्तन पदाधिकारी की टीम सदर प्रखंड क्षेत्र के लरूआरा पंचायत के बीड़ी मजदूरों से मिले। जहां वाजिब मजदूरी भुगतान का मुआयना की। टीम ने बताया कि पिछले दिनों बीड़ी मजदूर के नेता सह मुखिया पति डॉ. ए हक अंसारी ने कुछ नियोजकों के खिलाफ उक्त पंचायत के बीड़ी नियोजकों द्वारा मजदूरों को वाजिब मजदूरी भुगतान नहीं करने की शिकायत श्रम अधीक्षक से की थी। जिसके नतीजे में श्रम परिवर्तन पदाधिकारी सदर बेगूसराय के सलोनी मैडम के नेतृत्व में निलेश एवं झा जी लरूआरा पंचायत पहुंचकर निरीक्षण किया और सही पाया। वहां की दर्जनों महिला बीड़ी मजदूरों ने जांच टीम को बताया कि हमलोगों को वाजिब मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है।

रामलीला हमारी सभ्यता संस्कृति का धरोहर : गोपाल शरण सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के दुर्गा मैदान के प्रांगण में नवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य गोपाल शरण सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ,भाजपा के बरीय सदस्य अयोध्या सिंह आलोक सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि को दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ।संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि गोपाल शरण सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा की अवसर पर आयोजित रामलीला हमारी संस्कृति सभ्यता का धरोहर है। विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने संबोधन के क्रम में कहा कि सनातनी परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व नवरात्रि के अवसर पर रामलीला का मंचन वर्तमान पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो हमें संस्कार सिखाने का कार्य करती है । मौके पर दुर्गा पूजा समिति के सचिव संजय गुप्ता, उपसचिव संजीव कुमार , कोषाध्यक्ष पवन सिंह पप्पू रामसेवक शर्मा, रवि कुमार सिंह रंजीत कुमार सिंह दशरथ प्रसाद मनीष सोंडिक ,राहुल कुमार फेकू प्रसाद आनंदी कुमार मूर्तिकार सुमित कुमार, सोनू जायसवाल दिलीप लाइट सहित अन्य उपस्थित थे।

कांड दैनिकी वास्ते दो थानाध्यक्षों पर शोकोज

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन प्रंनव शंकर ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जिले के दो थानाध्यक्षों को शोकोज किया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पोथु थाना कांड संख्या -112/23 जो भार्दवि धारा -379,414 से सम्बंधित है उसमें वाद दैनिकी की मांग 22/09/23 से अभी तक की जा रही है अभियुक्त 05/09/23 से जेल में बंद हैं, न्यायालय के आदेश का अवमानना और याचिका निष्पादन में विलम्ब के कारण न्यायधीश द्वारा थानाप्रभारी को शोकोज किया गया है और कहा गया है कि क्यों न याचिका के निष्पादन में विलम्ब के दोषी मानते हुए आप पर अर्थदंड लगाया जाए, शोकोज पर अगली तिथि -18/10/23 निर्धारित किया गया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि दाउदनगर थाना कांड संख्या -47/23 में केश डायरी की मांग 02/09/23 से अभी तक की जा रही है मगर आज तक केस डायरी न्यायालय में उपलब्ध नहीं कराई गई है जो न्यायालय के आदेश का अवहेलना है इसलिए थानाप्रभारी को शोकोज करते हुए कहा गया है कि क्यों न वाद में विलम्ब का दोषी मानते हुए आप पर अर्थदंड लगाया जाए,यह वाद भार्दवि धारा -168/420 से सम्बंधित है सुनवाई के अगली तिथि -31/10/23 निर्धारित किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

कोषाध्यक्ष को नहीं मिला प्रभार,अध्यक्ष को लिखा पत्र

मुंगेर। विधिज्ञ संघ खड़गपुर के कोषाध्यक्ष चौबे कुमार ने एक आवेदन विधिज्ञ संघ खड़गपुर के अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद सिंहा को देकर कहा है कि अविलंब तत्कालीन कोषाध्यक्ष जयप्रकाश साह से प्रभार दिलाया जाए। श्री कुमार ने कहा है कि विधिज्ञ संघ खड़गपुर का डव वार्षिक आम चुनाव 2023 2025 छः माह पूर्व ही संपन्न हो चुका है तब से अब तक तत्कालीन कोषाध्यक्ष श्री साह के द्वारा प्रभार नहीं दिया गया है। इस संबंध में तत्कालीन कोषाध्यक्ष के साथ कई बार प्रभार देने के संबंध में बातचीत हुई। लेकिन तत्कालीन कोषाध्यक्ष श्री साह के कान पर जूं तक नहीं रेंगा मजबूरन मुझे अध्यक्ष के नाम से आवेदन देना पड़ गया है। वर्तमान कोषाध्यक्ष श्री कुमार ने तत्कालीन कोषाध्यक्ष श्री साह से कोष संचालन से संबंधित संधारित पंजी आय व्यय पंजी 2020 2022 का, बैंक पासबुक , बैंक चेक बुक एटीएम, सहित वाउचर पंजी इत्यादि देने की मांग विधिक संघ के अध्यक्ष से किया है।

बैंक अधिकारी के साथ बीडीओ ने की बैठक

संग्रामपुर (मुंगेर) ।सोमवार को प्रखंड कार्यालय संग्रामपुर में सभी बैंक अधिकारियों के साथ बीडीओ अजेश कुमार एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक डीडीएम नाबार्ड ने बैठक की।इस दौरान प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बाबत बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि बिहार ग्रामीण बैंक,युको बैंक,बैंक आफ इन्डिया,पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक शामिल थे। बैठक में बैंक अधिकारियों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान मुद्रा ऋण ,जीवका ऋण सहित अन्य कई प्रकार के ऋण के बारे में चर्चा की गई। विभिन्न प्रकार की योजनाओं के माध्यम से सरकार के द्वारा किसानों तथा बिजनेसमैन को कई प्रकार के ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बैठक में इन सभी विषयों पर चर्चा हुई किस तरह से आसान तरीके से लोगों को बैंक ऋण उपलब्ध करायेगी तथा आम लोगों की भी यह भागीदारी होनी चाहिए कि वह समय रहते बैंक का ऋण चुकता कर दे। बैठक में बीडीओ के द्वारा बैंक अधिकारियों को कई सुझाव भी दिए गए बैंक अधिकारी के भी द्वारा कई मुद्दों पर बातचीत की गई तथा कई प्रस्ताव रखे गए ।

विधान परिषद सदस्य मनोनीत किए जाने पर नेताओं ने दिया बधाई

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुशंसा पर बिहार के राज्यपाल ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद के पुत्र डॉ0 हर्षवघन आजाद को बिहार विधान परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है।उनके बिहार विधान परिषद का सदस्य मनोनीत किए जाने पर जिला जदयू के पूर्व प्रवक्ता मनोज कुमार रघु जिला सचिव संजय झा पूर्व युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष बबलू झा जदयू नेता पंकज मिश्रा पूर्व उप मुख्य पार्षद जदयू नेता विनय झा मनोज कुमार झा चंदन पाठक मनीष झा इत्यादि लोगों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है ।सभी लोगों ने कहा ब्राह्मण समुदाय से आने वाले डॉ0 आजाद को विधान पार्षद बनाकर जो सम्मानित मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार ने ब्राह्मणों का सम्मान बढ़ाने का काम किया इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति कृतज्ञता जाहिर करता हूं।

दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में नवरात्र महोत्सव का हुआ शुभारंभ

आरा। भगवान महावीर मार्ग, जेल रोड स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में दस दिवसीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ पंचरंगा जैन ध्वज फहराकर किया गया। रायपुर छत्तीसगढ़ से पधारे प्रतिष्ठाचार्य पंडित अजीत जैन शास्त्री के दिव्य मंत्रोच्चार के बीच एकम तिथि के श्रृंगारकर्ता किरण जैन सपरिवार द्वारा बड़े ही भक्तिपूर्वक जिनेद्र प्रभु का अभिषेक, पूजन, विधान इत्यादि किया गया तत्पश्चात देवी ज्वालामालिनी मां का दिव्य आराधना एवं भव्य गोद भराई, श्रृंगार किया गया। संध्या समय में महाआरती, माता का झूला, रतन वृष्टि तथा समाज के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया की नवरात्र महोत्सव में भाग लेने के लिए भक्त भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों से पधार रहे है। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के संयोजक डॉ शशांक जैन, मुनीसंघ सचिव अजय कुमार जैन, मनीष चंद्र जैन, साहू जैन, आकाश जैन, वंश जैन, श्रेयांस जैन, सिद्धांत जैन, मृगांक जैन, रौशन चंद्र जैन, ओंकार अग्रवाल का भरपूर सहयोग रहा।

भारत का पहला लैब जहां वृहित पैमाने पर मीठा बांस पौधा होता है तैयार : विभागाध्यक्ष

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। अपना देश कृषि प्रधान है और अपने इस भारतवर्ष में वृहद पैमाने पर मीठे बांस की खेती की जा रही है। बिहार के भागलपुर टीएमबीयू अंतर्गत टीएनबी कॉलेज में देश का पहला बम्बू टिश्यू कल्चर एक मात्र लैब है जहां मीठे बांस के पौधे को बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा हैं, इस मीठे बांस के पौधे को पूर्ण रूपेण व्यावसायिक रूप में लाने की दिशा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए पौधा सह वन विभाग के प्रयोगशाला की टीम भी अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। वही विभाग के बम्बु टिशु कल्चर लैब द्वारा तैयार मीठे बांस के पौधे छपरा, सिवान, कटिहार व पूर्णिया सहित कई जगहों पर पौधरोपण कार्य हेतू भेजे जा चुके हैं। पूर्व में यह केवल इलाके के जंगल झाड़ियां या फिर खेत खलिहान के अड्डे पर देखने को मिलती थी, लेकिन अब इसकी खेती की तरफ किसान बड़े उत्साह के साथ इस ओर आकर्षित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि भागलपुर जिला मुख्यालय स्थित विश्वविद्यालय के प्रांगण में देश का पहला टिशू कल्चर लैब है जहां बड़े पैमाने पर बांस के कई किस्म के पौधे को तैयार कर रहा है, इनमें से

सबसे खास है मीठे बांस का पौधा। टीएमबीयू परिक्षेत्र अंतर्गत बना लैब बिहार सरकार के वन विभाग द्वारा स्पॉन्सर्ड से बना एक मात्र लैब है। जहां पूर्व में बांस के टिशु को शोध कर रहे छात्रों द्वारा तैयार किया जाता है, जहां तैयार करने की प्रक्रिया में तकरीबन 3 फीट के हो जाने के बाद उसे वन विभागों को सौंप दिया जाता है। वही वन विभाग से लोग उक्त बांस के पौधे को बिहार के अलग-अलग जिलों में उत्पाद हेतू भेज दिया जाता हैं। बम्बू मैन ऑफ बिहार व टिशू कल्चर लैब के नाम से मशहूर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो./डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि भारत का यह पहला लैब है जिसमें इतने वृहित पैमाने पर बांस का उत्पादन किया जा रहा है, जहां पर एक बार में लगभग 2 लाख पौधों को तैयार किया जाता है। वहीं इसकी खेती करने पर किसानों को दोगुना मुनाफा भी होता है। एक बार की लागत से करीबन 100 साल से भी ज्यादा रकम तक का लाभ मुनाफा के रूप में कमाया जा सकता है। इसके लिए बंजर जमीन और वैसी जमीन जहां पर अन्य खेती होने की संभावना नहीं है उक्त स्थल पर भी कई किस्म के बांस की खेती संभव है, शास्त्रों में भी सनातन धर्म में बांस की महत्वता काफी अधिक दी गई है। जहां पौधे के विषय जांच में लैब द्वारा विगत 20 वर्षों से पेड़ पौधों पर शोध करते आ रहे है। वही मामले को लेकर पीटीसीएल के परियोजना निदेशक प्रो. डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय बांस मिशन व राज्य बांस मिशन के अंतर्गत वन विभाग मीठे बांस के पौधे बड़े पैमाने पर पैदावार बढ़ाने पर जोड़ देगा। वही किसानों को वन विभाग से 10 रुपये की दर पर यह बांस का पौधा निर्गत किया जा रहा है, वही 3 वर्ष बाद इन पौधे की पुनः जांच की कवायद शुरू की जाएगी यदि किसानों द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत से अधिक पौधे बचे रहते हैं, तो वन विभाग की ओर से देखभाल के लिए प्रति पौधा 60 रुपये के डर से दिए जाएंगे और बांस के पौधे की कीमत 10 रुपये भी किसानों को वापस कर दिए जाएंगे। वही पर्यावरण की दृष्टिकोण से भी बांस काफी अच्छा होता है, क्योंकि इसका पौधा सबसे अधिक तेजी से बढ़ता है, जिस वजह से यह ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड, अब्जॉर्ब करता है, और ऑक्सीजन की मात्रा अधिक देता है। इस वजह से हमारे पर्यावरण को लाभ पहुंचता है। वहीं इसकी खेती से बिहार में उद्योग को भी बढ़ावा मिल सकता है, बांस का उपयोग पेपर इंडस्ट्री, फर्नीचर व इससे दैनिक जीवन में इस्तेमाल करने वाले समान को भी बनाया जा सकता है, वहीं बांस से एथेनॉल भी अधिक मात्रा में तैयार होता है। बम्बू मैन ने बताया है कि खासकर पूरे बिहार में मीठे बांस की खेती होती है, तो बिहार की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से बदल जाएगी। क्योंकि मीठे बांस के अचार, चिप्स, केटलेट के अलावे कैंसर की दवाइयां भी तैयार की जा रही है, खासकर बांस की कई प्रजातियों का प्रयोग चीन, ताइवान व सिंगापुर जैसे देशों में बड़े पैमाने पर पैदावार किया जा रहा है, वही बांस को प्लास्टिक का सबसे बड़ा विकल्प माना जा रहा है।

विशेष राज्य दर्जा की बात को ले कांग्रेस दल के विधायक ने किया प्रहार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। इन दिनों बिहार के विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की राजनीति सरगर्मी पुनः तेज होती दिख रही हैं। वही बिहार के विशेष राज्य के दर्जे दिलाने की बात को लेकर कांग्रेस दल के नेता सह विधायक अजीत शर्मा ने भाजपा दल के नेता सुशील मोदी पर कड़ा प्रहर किया है। वही श्री शर्मा ने कहा है कि अब सुशील मोदी को याद कैसे आ गई जिन्होंने वर्तमान सरकार से विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की बात कह रहे हैं। जब वह सत्ता में विराजमान थे तो उस वक्त उन्होंने क्यों नहीं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाया था, वही विधायक श्री शर्मा ने कहा कि बिहार एक गरीब राज्य है जहां किसानों व मजदूरों को अपने रोजी रोटी के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। वही केंद्र सरकार और राज्यों के बनिस्पत बिहार पर कम ध्यान देती रही है वही उनके द्वारा अन्य राज्यों से कम राशि भी आवंटित किया जाता रहा है, बिहार के साथ केंद्र सरकार का सौतेले पन का व्यवहार अपनाए चल रही हैं वो कहीं से सही नहीं है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा केंद्र सरकार जानबूझकर देना नही चाहती है, क्योंकि बिहार में एनडीए की सरकार नहीं रही है। वही भाजपा के शुभ चिंतक सुशील मोदी के सत्ता के समय दौर में जब बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया जा सका था, उक्त सवालों को बिहार की पूरी जनता पूछ रही है, साथी उन्होंने कहा कि जनता सब देख समझ रही है, इसका जवाब आगामी 2024 के चुनाव में एनडीए को मुहतोड़ जनता जबाब देने वाली है।

संपूर्ण वैश्य समाज की अहम बैठक हुई संपन्न

आगामी 29 अक्टूबर को पटना के गांधी मैदान में होगा महाधरना का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। शहरी क्षेत्र स्थित स्थानीय गौशाला के प्रांगण में संपूर्ण वैश्य समाज की अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 29 अक्टूबर को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान प्रांगण में आयोजित महारैली कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी को ले विस्तृत चर्चा की। बैठक की शुरूआत जिलाध्यक्ष रंजीत साह की अध्यक्षता में हुई वही बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संपूर्ण समाज के प्रदेश अध्यक्ष वैश्य पुत्र रवि रंजन गुप्ता एवं प्रदेश महासचिव विनय कुमार उर्फ गुड्डू उपस्थित थे। वही बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवि रंजन गुप्ता एवं प्रदेश संरक्षक सुरेश भगत ने पटना में होने वाले रैली को सफल बनाने की

वैश्य समाज के लोगों से अपील की साथ ही कार्यक्रम को लेकर संगठन के प्रदेश महामंत्री विनय कुमार गुड्डू एवं जिला अध्यक्ष रंजीत साह ने कहा कि सरकार व स्थानीय जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि व्यावसायिक वर्ग के लोगों को सुरक्षा मुहैया कराना सुनिश्चित करें। जिससे व्यवसायी अपने व्यवसाय प्रतिष्ठान को कुशलता से आम लोगों के बीच संचालित करने में निडर होकर अपने व्यवसाय का निर्वाह कर सकें।

चारों तरफ मातादी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा शहर

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। शारदीय नवरात्रि के शुरूआत होते ही पूजा अर्चना के साथ नवरात्रि पर्व भक्तों की भीड़ माता के मंदिरों में उमड़ पड़ी है। वही मां ब्रह्मचारणी की पूजा अर्चना को लेकर भक्तों व श्रद्धालुओं ने चित्रा नक्षत्र के पावन अवसर पर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना को लेकर मंदिर प्रसाल में भक्तों की भीड़ सुबह से ही लगी रही थी। वही शारदीय नवरात्र के प्रारंभ होते ही शहरी क्षेत्र सहित आसपास के इलाके में चारों तरफ भक्तिमय माहौल बना हुआ है। शहर के हर गली मोहल्ला व आसपास के

इलाके में बसे कॉलोनी व चौक चौराहों तक मां दुर्गा की स्तुति आराधना के भक्तिपूर्ण गीत से गुंजायमान हो उठा हैं। भागलपुर शहर के दुगार्बाड़ी, मसाकचक कालीबाड़ी, माणिक सरकार घाट, रिफ्यूजी कॉलोनी, महाशयड्योरि, बंगाली टोला, हाउसिंग बोर्ड, रेलवे कालोनी समेत विभिन्न क्षेत्रों में मां दुर्गा के मंदिर में अलग ही हर्षोउल्लास का माहौल देखने को मिला है। वही लोगों ने शारदीय नवरात्रि के दसरे दिन भी मां ब्रह्मचारिणी की विधि विधान से पूजा अर्चना करते दिखे।

टैफिक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर पूरी तरह बनकर है तैयार : डीएम

भागलपुर। स्मार्ट सिटी योजना के तहत अब शहर में नई ट्रैफिक व्यवस्था के तहत ई-चालान लागू होना सुनिश्चित था, लेकिन शहर में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं देखी जा रही हैं। वही शहरी क्षेत्र इलाके में ई-चालान व्यवस्था लागू किये जाने को लेकर परिवहन सचिव के आदेश पत्र नहीं मिलने के कारण व्यवस्था धरातल पर शुरू नहीं किया जा सका है।व्यवस्था के सुधार को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कहा कि ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट से जो जानकारी मांगी गई थी, उसका जवाब संबंधित विभाग को भेज दे दिया गया है साथ ही मेरे स्तर से भी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने हेतू लिखित दस्तावेज संबंधित विभाग को भेजा गया है। जिससे जल्द से जल्द व्यवस्था को लागू कर नियम के तहत ई-चलन शुरू किया जा सकें, ताकि लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के साथ साथ ई-चालान जुमार्ना के तहत व्यवस्था शुरू हो सके। वही आई टी ट्रिपल सी पूरी तरह से काम करने लगा है, वही इसके लिए शहर में 18 सौ कैमरे लग गए हैं।

नौदिवसीय शारदीय नवरात्र का शुभारंभ कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड में ददरीजाला पंचायत के भिखाडिह दुर्गा पूजा समिति की ओर से आयोजित नौदिवसीय शारदीय नवरात्र का शुभारंभ पैक्स अध्यक्ष सह आचार्य शिव कुमार शिव न द्वारा दीप जलाकर कर भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। इस अवसर पर 251 कन्याएं व

महिलाओं के माथे पर कलश लेकर कांतिकारी नागा बाबा ने समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता एवं आचार्य शिवकुमार शिवन के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ जय माता दी का जयकारा लगाते हुए भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली।

कलश यात्रा पूजा स्थल से शुरू हो ददरीजाला पंचायत के विभिन्न प्रमुख रास्तों से गुजरते हुए पड़ोसी भलुआ ,महेशपुर ,सरकटिया होते हुए महानय नदी का पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पूजा स्थल पर पहुंची, जहां पूर्व से मौजूद आचार्य पंडितों ने कलश की विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना के साथ नौदिवसीय शारदीय नवरात्र का शुभारंभ किया। पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि पूजा के दौरान कलश स्थापना के दिन से ही श्री राम कथा एवं संध्या भजन की शुरूआत हुई,इस कलश यात्रा में पंचदेव विश्वकर्मा,दशरथ राम,संदीप गुप्ता,कन्हैया पाण्डेय,दिलीप पाण्डेय। ,जिशू गुप्ता ,राजीव गुप्ता, रविन्दर प्रसाद सिंह आदि शामिल थे।

घटनास्थल जांच हेतू निरीक्षण करने देर रात पहुंचे एसएसपी

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। नाथनगर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड स्थित सुखराज राय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंपस में विगत दिनों अज्ञात युवती के शव बरामदगी किये जाने के बाद मामले को गम्भीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, एसपी सिटी अमित रंजन, डीएसपी सिटी अजय कुमार चौधरी देर रात घटनास्थल निरीक्षण हेतू पहुंचे। जहां उन्होंने बारीकी से घटनास्थल व आसपास के प्रांगण का जायजा लेने के साथ संबंधित पुलिस कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिये हैं।

ज्ञात हो कि नाथनगर रेलवे स्टेशन रोड स्थित सुखराज राय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंपस प्रांगण में एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया गया था। वही युवती के शव मिलने की सूचना इलाके में काफी

तेजी से आग की तरह फैल गई थी, वही सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई थी। वहीं घटना की सूचना पर नाथनगर थानाध्यक्ष मो. मेहताब खान अपनी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की पड़ताल में जुट गए थे। वही पुलिस ने स्थल जांच व अपराधियों के सुराग की तफ्तीश में डॉग स्क्वायड की टीम व फोरेंसिक जांच की टीम को स्थल जांच हेतू मौके पर बुलाया गया था। जहां संबंधित टीम पहुंच युवती के शव व आसपास के स्थल से ब्लड, व कपड़े को सैंपल के रूप में जांच हेतू कलेक्ट किया था।

वही युवती के हत्या मामले को लेकर एसएसपी आनंद कुमार ने कहा है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इस कांड के उद्वेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। वही मृत अज्ञात युवती की पहचान पुलिस टीम द्वारा कर ली गई है। हत्याकांड के अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा।

18 अक्टूबर को जॉब कैंप का किया जाएगा आयोजन

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय मुंगेर के प्रांगण में आगामी 18 अक्टूबर 2023 को जॉब कैंप का आयोजन किया गया है। इस दिन 11:00 बजे दिन से 4:00 बजे शाम तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैंप में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन जमा कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इस आशय की जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी मोहम्मद तौसीफ क्याम ने प्रेस को दी है। उन्होंने बताया कि जॉब कैंप में भाग लेने वाले आवेदक कार्यालय में आकर एनसीएस पोर्टल पर निबंध आवश्यक कर ले। जिस अभ्यर्थी का एनसीएस पोर्टल पर निबंध नहीं होगा वैसे अभ्यर्थी इस जॉब कैंप में हिस्सा नहीं ले सकेगा। नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि डॉन बॉक्सो टेक्निकल सोसाइटी कंपनी के द्वारा चार पदों पर क्रमशः इलेक्ट्रॉनिक ट्रेनर ,ऑटोमोबाइल ट्रेनर, आईटीआई ट्रेनर और मोबिलाइजर इन चारों पद पर रिक्त पदों की संख्या करीब 06 है। आयु सीमा 20 वर्ष से 35 वर्ष के बीच और चयनित उम्मीदवारों को मुंगेर जिला में कार्य करना है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि चारों पदों के लिए मानदेय 15000 से 20000 के बीच निर्धारित नियोजक के द्वारा किया गया है। इसके लिए अभ्यर्थी को आईटीआई डिप्लोमा या बैचलर डिग्री इन इलेक्ट्रिकल, आईटीआई डिप्लोमा या बैचलर डिग्री इन मैकेनिकल, आईटीआई डिप्लोमा या बैचलर डिग्री इन कंप्यूटर डिग्री धारक होना चाहिए।

नदी की तेज धार में जाने से युवक की हुई मौत

गंगा स्नान के दौरान युवक का पांव फिसला, पानी में डूबने से हुई मौत

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में गंगा नदी के पानी में डूबने से हुई लोगों के मृत्यु का दौर लगातार जारी है, इसी कड़ी में एक और घटना घटित होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि नवरात के आगमन के साथ ही लोगों का गंगा स्नान करने हेतू गंगा घाट पर भीड़ उमड़ पड़ी। वही शारदीय नवरात्रा के के मौके पर कई इलाके में गंगा घाट पर लोग पहुंच स्नान करने में लगे हुए थे। इसी क्रम में श्रद्धालुओं के डूबने की सूचना लगातार मिल रही हैं। वही दूसरी तरफ नाथनगर थाना परिक्षेत्र के शंकरपुर दियारा इलाके के दारापुर गंगा घाट स्थित गंगा स्थान करने के दौरान एक तीस वर्षीय युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बूढ़ानाथ के गंगा घाट पर

स्नान करने के क्रम में डूबते देख दो अन्य युवकों को स्थानीय लोगों ने डूबने से बचाया था, लेकिन डूबे हुए युवक की सूचना नही होने के कारण एक युवक को नही बचाया जा सका जिससे उसकी मौत डूबने से हो गई। वही मृतक युवक की पहचान बबरगंज हुसैनाबाद के राजकुमार साह के इकलौते पुत्र राजा कुमार के रूप में हुई है। वही घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों के बीच कोलाहल मच गया है। मिली जानकारी के तहत स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद मृतक युवक के शव को बरामद कर गंगा के पानी से बाहर निकाला जिसे देख कर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नाथनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों के मौखिक रूप से दर्ज बयान पर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवलखा भेज दिया है।

दस दिवसीय रामलीला मंच का का भव्य उद्घाटन

प्रात : किरण ब्यूरो

आरा : स्थित रामलीला मैदान में, नगर राम लीला समिति की अध्यक्षा डा०अर्चना सिंह,संरक्षक मंडल के वरीय सदस्य कुमार द्विजेन्द्र, वरीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता,सचिव-शंभूनाथ प्रसाद,रेडक्रॉस के अध्यक्ष डा० एस के रूंगटा ,डा० के एन सिंहा कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद सह कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर,मिडिया प्रभारी मनोज कुमार सिंह, रेडक्रॉस सोसायटी की सचिव बिभा कुमारी,डा०

सविता रूंगटा, समाजिक कार्यकर्ता भाई ब्रमेश्वर के करकमलों से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उक्त अवसर पर समिति के वरीय सलाहकार डा० मेजर राणा प्रताप सिंह,108 बड़ी मठिया के महाराज किंकर दास जी ,राम कुमार सिंह,शिक्षाविद सह पत्रकार राजीव नयन अग्रवाल अवधेश कुमार पांडेय,राम कुमार सिंह,चौधरी सुरेश सिंह, योगेन्द्र सिंह के अलावे समिति के सभी संरक्षक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के बाद सभी सम्मानित अतिथियों को रामलीला के प्रतिक चिन्ह और अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात वृन्दावन से आए लोकेश भारद्वाज की मंडली के द्वारा आरती प्रस्तुत की गई। इसके बाद नगर रामलीला समिति की अध्यक्षा डा० अर्चना सिंह ने उपस्थित अतिथियों का और इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। फिर जय श्री राम के नारें की गूंज के साथ रामलीला के कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस लीला को देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में महिला,पुरूष,युवक,युवतिया और बच्चे उपस्थित रहें।मंच का संचालन समिति के वरीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता ने किया।

आरक्षण संघर्ष समिति स्टेयरिंग कमिटी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस किया गया

आरा। श्री कृष्ण चेतना समिति के सभागार में आरक्षण संघर्ष समिति स्टेयरिंग कमिटी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस किया गया।प्रेस से वार्ता करते हुए आरक्षण संघर्ष समिति के केन्द्रीय संयोजक श्री नन्द किशोर सिंह यादव ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा जो नारी शक्ति वंदन विधेयक पास किया गया है उस विधेयक मे डइउ ,रउ,रळ, अल्पसंख्यक महिलाओं का 33% के अन्दर संख्या के अनुपात मे सीट रिजर्व नहीं होना ल्पसंख्यक महिलाओं के साथ घोर अन्याय है। आरक्षण संघर्ष समिति इसका पुरजोर विरोध करती है। इसे लेकर भोजपुर जिले के प्रत्येक प्रखण्डो मे बैठक कर लोगों को जागरूक किया गया तथा दिनांक 18/10/2023 को आरक्षण संघर्ष समिति आरा समहरणालय पर महा धरना देने जा रही है।धरना के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जाएगा। साथ ही केन्द्रीय स्तर पर न्यायिक आयोग का गठन करने ,लैटरल इन्ट्री सिस्टम में संख्यानुपात में हिस्सेदारी सहित अन्य मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रेस वार्ता मे आरक्षण संघर्ष समिति के स्टेयरिंग कमिटी के, शेषनाथ यादव, मन्टू शर्मा, ज्ञानचंद कुशवाहा,अमरजीत पासवान,सुरेश विश्वकर्मा , राकेश कौशल पप्पू मौजूद रहे।

छात्र छात्राओं को इस अधिनियम के प्रमुख बातों को विस्तार से जानकारी दी गई

प्रात : किरण ब्यूरो

आरा। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन,(यू. एस), दिशा एक प्रयास एवं मिशन सुरक्षित बचपन के सौजन्य से उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामपाली,अंचल उदवंतनगर में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को इस अधिनियम के प्रमुख बातों को विस्तार से जानकारी दी गई।विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ.मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि

21 वर्ष से कम उम्र के लड़के एवं 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों का विवाह करना कानूनन जुर्म है।इस कानून का उल्लंघन करने वाले को 2 वर्ष तक के कारावास की सजा या 1 लाख रुपए का जुमार्ना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है।बाल विवाह रुकवाने के लिए चाइल्ड लाइन के 1098, पुलिस के 112 या बचपन बचाओ आंदोलन के टॉल फ्री नंबर 18001027222 पर जानकारी दे सकते हैं।सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। बाल विवाह में शामिल माता पिता,पंडित, काजी, टेंट एवं बैंड वाले, हलवाई, फोटोग्राफर, बाराती, रिश्तेदार आदि सब अपराधी एवं सजा के पात्र हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार ,हरीश कुमार,सुनीता कुमारी, बीना सिंह,रूबी सिंह, कमलेश कुमार, कुमारी आरती सिंह,पन्नुलाल सिंह,आरती कुमारी, सीमा कुमारी, प्रियंका कुमारी,रीना कुमारी एवं प्रियंका मौर्या ने मुख्य रूप से सहयोग किया।

वरीय अधिवक्ता प्रीतम सिंह बग्गा का निधन

प्रात : किरण ब्यूरो

गया। गया बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रहे, वरीय अधिवक्ता, अपर लोक अभियोजक, सामाजिक कार्यकर्ता,शांति समिति एवं जनता पुलिस सहयोग समिति के सदस्य एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में कई वर्षो तक विभिन्न पदों को सुशोभित करने वाले सरदार प्रीतम सिंह बग्गा का निधन इलाज के दौरान शनिवार की देर रात हो गया। वे पिछले कई वर्षो से अस्वस्थ चल रहे थे। शहर के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे तीन पुत्रियां और एक पुत्र छोड़कर गए हैं।इनके निधन की खबर मिलते ही पंजाबी समुदाय में शोक की लहर छा गई। उनके पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों, पंजाबी बिरादरी, गया बार एसोसिएशन के अधिवक्ता, नगर विकास परिषद एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय विष्णुपद स्थित श्मशान घाट में किया गया। इनके निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता मसूद मंजर,जद यू नेता लाल जी प्रसाद, डॉ वीरेंद्र कुमार यादव, मनजीत सिंह छाबड़ा, गुरचरण सिंह, रामकुमार यादव, मोहम्मद याहिया, रंजन कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ टिब्लू सिंह, विनोद उपाध्याय, मुरारी कुमार हिमांशु,वागेश कुमार, राम लखन स्वर्णकार,नवीन कुमार गुप्ता, मणिलाल बारीक, स्त्री सत्संग की प्रधान कमलजीत कौर, सिमरन कौर, शीतल कौर,लक्ष्मी कौर एवं अमरजीत कौर ने गहरा दुख प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

संक्षिप्त खबरें

त्योहार के दौरान शहर के सभी मुर्गा, मिट आदि के दुकाने रहेंगे बन्द

शेरघाटी। अनुमंडल पदाधिकारी ने शहर के अलग-अलग इलाको में बेची जा रही, मीट मछली,मुर्गा की बिक्री करने वाले दुकानदारों को शीघ्र बंद करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक दशहरा पर्व प्रारंभ से अंतिम दिन तक शहर में किसी प्रकार की मछली, मीट, मुर्गा आदि की दुकान नहीं खुलेंगे, उन्होंने यह निर्देश दिया की पूजा पंडाल लगाया जाता है। इसको लेकर उन्होंने थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व नगर परिषद समेत तमाम पदाधिकारी को आदेश भी जारी किया है।

स्कूल के लिए निकली बालिका नही लौटी घर

शेरघाटी।शहर एक मुहल्ला से स्कूल से पढ़ने निकली बालिका अब तक नहीं लौटी घर उक्त घटना के बाद पीड़ित परिजनों ने शेरघाटी थाने में आवेदन देते हुए शिकायत दर्ज करवाया है, थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि परिजनों के द्वारा दिए गए आवेदन के कहा गया है कि 12 अक्टूबर को घर से प्रोजेक्ट इंटर स्कूल में पढ़ाई करने के लिए निकली थी। इसके बाद चार दिन बीत गए लेकिन अबतक घर नहीं लौटी है। परिजनों का आरोप है की लड़की को शादी के नियत से भाग लिया गया है, इधर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

साफ सफाई बेहतर करने के दिया निर्देश

शेरघाटी।अनुमंडल पदाधिकारी अनुग्रह नारायण सिंह ने ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल के मैदान व रावण बध कार्यस्थल का क्या निरीक्षण। उन्होंने बीते दिन जांच पड़ताल कहते हुए जल जमाव एवं नाली की समस्या दूर करने को नगर परिषद को आदेश दिया था। जिसका उन्होंने निरीक्षण किया वही नगर परिषद के द्वारा नाली का निर्माण कराया गया और सड़क पर वह रहे पानी को भी बंद करवाया गया। साथ ही साथ ढक्कन की जरूरत थी वहाँ नाली का ढक्कन देकर बन्द किया गया। इसके बाद उन्होंने नगर परिषद को या आदेश दिया की साफ सफाई बेहतर तरीके से करें साथ ही परिसर में लगे झाड़ी आदि को भी सफाई करवा दें ताकि रावण वध देखने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए साफ सफाई वेहतर मिल सके। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि रावण वध को लेकर सीसीटीवी कैमरे भी लगा दिया जाएगा एवम वेहतर तरीके से लाइट का भी व्यवस्था किया जाएगा।उन्होने नगर परिसद द्वारा कराये कार्यो को देख काफी प्रसन्नता जाहिर किया।

पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ किया एक को गिरफ्तार

गड़हनी।(भोजपुर) स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के अगियांव से 2 लीटर 250 एम एल इन्लिश शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ये शराब इम्पेरियल ब्लू था जो चंडीगढ़ हरियाणा निर्मित था। गिरफ्तार युवक अगियांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र धनजय कुमार उर्फ धनजी कुमार बताया जा रहा है। गड़हनी थानाध्यक्ष गस्ती में निकली थी ,पुलिस को देख धंधेबाज इधर उधर भागने लगा जिसको ले पुलिस ने खडेढ़ कर दबोच लिया। गिरफ्तार युवक को मध्य निषेध उत्पाद अधिनियम कांड संख्या 161/23 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बता दे कि थानाध्यक्ष इस समय दुर्गा पूजा को ले चौकस है, लगातार पूजा पंडालों में जाकर जांच पड़ताल कर रही है। जिससे शराब पीने व बेचने वाले भी भय ब्याप्त है।

शारदीय नवरात्र की प्रारंभ होते ही मंत्रों से गूंज रहा क्षेत्र

करपी (अरवल) बीते 15 अक्टूबर से आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में मनाये जाने वाला शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो चुकी है ! इस पर्व में नौ दिनो तक शक्तिस्वरूपायनी मां दुर्गा के नौ रूपो की पूजा अलग-अलग दिन किया जाता है ! जिस दिन से मां दुर्गा की आराधना प्रारंभ हुई है पूरे क्षेत्र में मंत्र उच्चारण की गुंज सुनाई पड़ रही है ! आध्यात्मिक दृष्टिकोण से साल के दो महीने चैत्र मास एवं अश्विन मास में शुक्ल पक्ष प्रतिपदा में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा शुरू की जाती हैं ! नौ दिन तक चलने वाले इस उपासना में भक्तों के द्वारा महादेवी की पूजा के लिए अक्षत चंदन और ओङहुल का फूल फल इत्यादि सामग्री का उपयोग किया जाता है ! पूरा क्षेत्र भक्तिमय में बना हुआ है ! घर घर में लोगो के द्वारा कलश स्थापना कर मां भवानी की पूजा अर्चना की जा रही है !गांवो से लेकर शहरो तक के मंदिरों में भक्ति की बयार बह रही है !हर जगहो पर मूर्ति स्थापना को लेकर भी काफी जोर शोर से तैयारी की जा रही है ! क्षेत्र के शहर तेलपा करपी बेलखारा केयाल इत्यादि गांवों में मां दुर्गा की आराधना बड़े धूमधाम से की जा रही है !बाजारों में पंडालों की सजावट के लिए कलाकार दिन रात लगे हुए हैं !बाजारों में इतनी चल-पहला बढ़ी हुई है कि गाड़ियों का आना-जाना काफी बाधित हो रहा हैं ! क्षेत्र के जितने भी सारे मंदिर है उन तमाम मंदिरों पर सुबह चार बजे से ही लाउडस्पीकर के द्वारा मंत्र उच्चारण की गूंजे सुनाई पड़ रही है।

केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

सभी पत्रकार को पास निर्गत किया जाना चाहिए

प्रात : किरण संवाददाता

गया।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राष्ट्रपति, भारत के 20 अक्टूबर को गया जिला में आगमन के अवसर पर पूर्व तैयारी की संबंधित जिले के वरीय पदाधिकारियों एव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न फील्ड एवं अनुमंडल एव प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। दिनांक 20 अक्टूबर को महामहिम द्वारा महाबोधि मंदिर विजिट एवं साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी पंचानपुर टेकारी में आयोजित प्रोग्राम का मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होने हेतु राष्ट्रपति ,भारत का कार्यक्रम निर्धारित है।

इस अवसर पर उपरोक्त कार्यक्रम स्थानों, रुट लाइन में विधि व्यवस्था के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने, साफ सफाई , बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग, ग्रीन रूम, कार्केट , सिटिंग अरेंजमेंट, सेफ हाउस, एंबुलेंस, अग्निशमन, पुलिस, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति आदि की व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु संबंधित जिले के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

आगे निर्देश देते हुए कहा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के आयोजक एवं जिला प्रशासन आपस में समन्वय स्थापित कर राष्ट्रपति, भारत के कार्यक्रम को सफल बनाना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिया है कि एयरपोर्ट गया, महाबोधि मंदिर एवं दक्षिण बिहार केंद्रीय महाविद्यालय में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों को शत प्रतिशत पहचान पत्र तेजी से बनवाकर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे।जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल पदाधिकारी टिकरी को निर्देश दिया कि राष्ट्रपति का रूट लाइन में भवन निर्माण विभाग से समन्वय कर प्रॉपर बैरिकेडिंग एवं ड्राप गेट लगवाने का कार्य करें। पर्व त्यौहार एवं आम जनता के आवागमन की सुविधा के साथ-साथ वाहनों के आवागमन को ध्यान में रखकर बैरिकेडिंग करवाये।

अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग को निर्देश दिया कि उपरोक्त विभिन्न स्थानों पर निर्धारित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए उक्त तिथि में निर्वाध बिजली आपूर्ति सुचारू रखेंगे। सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि इन सभी कार्यक्रम स्थान पर मेडिकल फैसिलिटी टीम एंबुलेंस सहित उपलब्ध रखना सुनिश्चित करेंगे साथ ही फूड इंस्पेक्टर को निर्देश दिया कि लगातार भोजन की गुणवत्ता का जांच करेंगे। इस बैठक में नगर आयुक्त गया नगर निगम, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अनुमंडलों एव प्रखंडों के अधिकारी मौजूद थे।

बिहार के सभी 40 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी एनआरएमपी: राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

गया।नेशनल रोड मैप पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाफिज बुरहानुद्दीन एवं बिहार प्रदेश के प्रभारी मो शकील अहमद ने प्रेस वार्ता में कहा की 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों, दलितों, वंचितों और समाज के निम्न वर्गो के लिए विकल्प के तौर पर बिहार के सभी 40 सीटों और उत्तर- पूर्वी भारत के लगभग 100 सीटों पर अपनी देवदारी करेगी। एनआरएमपी बिहार की धरती से पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में आ रही है। क्योंकि बिहार की धरती राजनीति का केंद्र रहा है। बिहार की धरती लोकतंत्र की जननी रही है। इसी धरती से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगें। अब तक सभी राजनीतिक दलों ने अल्पसंख्यकों दलितों और वंचित वर्गो को राजनीति में हाशिये पर रखा है।उनके अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया है। जनता को उनका हक दिलाने के लिए नेशनल रोड मैप पार्टी पूरे बिहार,झारखंड,असम,नागालैंड एवं मणिपुर में चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करेगी। जातीय जनगणना के आंकड़े के अनुसार मुसलमान की आबादी लगभग 18% है। इसलिए यह पार्टी मुसलमान को राजनीतिक में भागीदारी देगी। बिहार में अब संख्या दलित और पिछड़े को हाथ दिलाने और उन्हें राजनीति में भागीदारी देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वही बिहार प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शकील अहमद ने कहा कि पूरे बिहार में पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर एक राज्य में अभियान चलाकर पार्टी का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने पार्टी का एजेंडा प्रस्तुत करते हो कहा कि बिहार के सीमांचल, मिथिलांचल और मगध प्रमंडल के विकास के लिए बजट को तीन हिस्सों में करने पर जोर दिया। अमीर और गरीब हिंदू मुस्लिम परिवारों को बराबरी और सम्मान का दर्जा देने, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, मदरसा बोर्ड के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिलाने में सुविधा देने, बिहार के पिछड़े इलाके सीमांचल का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

भीम संसद संवाद जनसंपर्क रथ गया जिला में अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष ने किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।जदयू का भीम संसद संवाद जनसंपर्क रथ गया जिला में अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष ललन भुइयां एवं अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रौशन मांझी के नेतृत्व में रथ आमस प्रखंड के बुधौल, बारा, महापुर,तेतरिया, गोवर्धनपुर, कोरमाथू, शेरघाटी, डोभी, बोधगया, बेलागंज के सैकड़ों दलित, महादलित टोलों एवं गांवों में भीम संसद संवाद जनसंपर्क रथ घुमाकर हजारों लोगों से संपर्क कर 05 नवंबर को जदयू द्वारा प्रस्तावित भीम संसद संवाद रैली पटना वेटनरी कालेज पटना में चलने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया है।अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रौशन मांझी ने बताया कि 5 नवंबर की प्रस्तावित रैली में पांच हजार से ज्यादा की संख्या में महादलित परिवार के लोग पटना पहुंचेंगे। प्रतिदिन कम से कम एक दर्जन महादलित टोला में जनसंपर्क किया जा रहा है। रथ भ्रमण कार्यक्रम में डा शंकर चौधरी, कैलाश पासवान, सोनम दास, सतेंद्र गौतम मांझी, विनेश पासवान, मुसाफिर मांझी, रणधीर रजक, जितेंद्र दास, जयप्रकाश मांझी, राजकुमार रजक, नरेश मांझी एवं अन्य लोग सम्मिलित रहें।

अग्रवाल समाज ने धूमधाम से मनाया महाराजा अग्रसेन जी की जयंती

गया।स्थानीय किरानी घाट स्थित श्री अग्रसेन भवन में अग्रवाल सेवा संघ के बैनर तले रघुकुल के वंशज चक्रवर्ती सम्राट श्री अग्रसेन जी महाराज की जयंती धूमधाम से उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाई गई। महाराज श्री अग्रसेन जी का "अग्रोहा धाम हरियाणा में हुआ था। उनके ही वंशज अग्रवाल समुदाय के लोग पूरे विश्व में अपनी काबिलियत का परचम लहरा रहे हैं।सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अग्रसेन जी महाराज के तस्वीर पर संघ के सभापति अमरेश अग्रवाल एवं महिला समिति की अध्यक्षा किरण अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर किया गया है।इस बीच महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस, नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपने जलवे प्रस्तुत कर दर्शकों का मंत्र मुग्ध कर दिया है। दर्शकों ने खूब तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया है। वही इस बीच खेलकूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को के बीच पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया है। मंच का संचालन महिला समिति की सचिव किरण प्रकाश एवं पूनम शंकर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विनोद कुमार मित्तल, उपसभापति प्रमेंद्र अग्रवाल,अजय अग्रवाल, विशाल आनंद, रचना अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बच्चों को अपनी पौराणिक-सांस्कृतिक परंपरा का ज्ञान होना चाहिए : नीशू जायसवाल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। स्थानीय बी.एस.डीएवी. प.स्कूल, मील रोड में आज दशहरा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने जहाँ रामायण के अलग-अलग पात्रों के वेष में लोगों को रिझाया , वहीं गरवा, डांडिया और बंगाली नृत्य से छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक वैविध्य को अभिव्यक्त कर सबका ध्यान खींचा। कार्यक्रम का खास आकर्षण रामायण की संक्षिप्त प्रस्तुति रही। इस प्रस्तुति विशेष में बच्चों ने धनुष यज्ञ, सीता हरण, जटायु-रावण युद्ध, हनुमान द्वारा सीता की खोज, राम-रावण युद्ध आदि दृश्यों के सहारे संक्षिप्त रामायण को प्रस्तुत कर सबको अभिभूत कर दिया। इस प्रस्तुति से बच्चों तथा अभिभावकों ने खूब आनंद उठाया । पूरा परिसर क्षणभर के लिए भक्तिमय हो उठा। राम की भूमिका में आर्यन, रावण की भूमिका में अमन और हनुमान की भूमिका में ऋषिकेश ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। इस अवसर प्रधानाचार्या नीशू जायसवाल ने सभी बच्चों और अभिभावकों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएँ दी। प्रधानाचार्या ने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार हमें एकता के सूत्र में बाँधे रखते हैं और सामाजिक समरसता को बनाए रखने में भी सहयोगी होते हैं। बच्चों को अपने पौराणिक-सांस्कृतिक परंपराओं का ज्ञान होना चाहिए। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से उन्हें अपसंस्कृति से बचाये रखने में सहयोगी होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वर्णिका और समृद्धि ने किया।

आगामी 02 नवम्बर को होने वाला लोजपा (रा) के समीक्षा बैठक के तैयारी को लेकर की गई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल ।जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के निदेर्शानुसार प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी के नेतृत्व में आगामी 02 नवम्बर 2023 को समय सुबह 09 बजे से बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट संकल्प यात्रा के तहत संगठन की समीक्षा बैठक के तैयारी करने को लेकर जिला मुख्यालय के डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर वाचनालय भवन में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई ।

बैठक की अध्यक्षता जिला लोक जनशक्ति पार्टी पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया , उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के सम्मान में जिला मुख्यालय के प्रमुख जगहों पर तोरणद्वार , होडिंग , बैनर एवं पोस्टर लगाए जायेंगे । बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि समीक्षा बैठक इंडोर स्टेडियम (अरवल) में करने का निर्णय लिया गया । बैठक में मेन विंग के जिला कमिटी , सभी प्रकोष्ठ के जिला कमिटी , मेन विंग के प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य के साथ साथ पंचायत अध्यक्ष , सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य के साथ साथ पंचायत अध्यक्ष एवं नगर कार्यकारिणी सदस्य के साथ साथ नगर वार्ड अध्यक्ष की उपस्थिति अति अनिवार्य है । अरवल जिला का संगठन बिहार में मजबूत संगठन के रूप में जाना जाता है । बैठक में युवा प्रदेश महासचिव पप्पू राज , लोजपा रामविलास के नेता रामाज्ञा यादव , अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार पासवान , अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता , चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर शशि कुमार , आई0 टी0 सेल जिलाध्यक्ष लालबदन कुमार, जिला प्रवक्ता रविन्द्र कनौजिया, जिला महासचिव रामानंद भगत, सुनील कुमार ,अखिलेश कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए ।

पारस एचएमआरआई ने ग्लोबल हैंड वॉश डे मनाया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई में सोमवार को ग्लोबल हैंड वॉश डे अर्थात वैश्विक हैंड वॉश दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के नर्सिंग कैडर ने नृत्य के माध्यम से बीमारी से बचाव के लिए हैंड वॉश या हाथ धोने के महत्व और स्टेप को बताया। पारस एचएमआरआई के लॉबी में एक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में इंफेक्शन कंट्रोल नर्स सरिता ने डेमो करके हैंडवॉश को बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हॉस्पिटल के माइक्रोबॉयोलाजिस्ट और इंफेक्शन कंट्रोल अधिकारी डॉ. शशि किशोर ने कहा कि साबुन और पानी से हाथ धोएंगे तो कम्युनिटी बीमारी जैसे- हैजा, डायरिया, टायफॉयड आदि को फैलने से रोका जा सकता है। इसलिए हाथ धोने को प्राथमिकता देनी चाहिए तो संक्रमण से फैलने वाली बीमारी को फैलने से रोका जा सके। वहीं पारस हेल्थ के जोनल डायरेक्टर डॉ. विक्रम सिंह चौहान ने कहा कि हम अपने आप को और मरीज को क्रास इंफेक्शन से बचा सकते हैं। हाथ धोने को इस्तेमाल में लाएंगे तो जीवन बचाया जा सकता है। इसलिए अपने हाथ को साफ रखें।कार्यक्रम के अंत में नर्सिंग सुप्रिटेंडेंट मिनी सुब्रामणि ने धन्यवाद ज्ञापन किया।पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार और झारखंड का पहला कॉर्पोरेट हॉस्पिटल है। 350 बिस्तरों वाले पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुधार्तुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के लिए प्रसिद्ध है।

जलभरी के साथ दुर्गा पूजा कलश स्थापित

प्रात : किरण संवाददाता

सहार भोजपुर जिला अंतर्गत सहार श्री लक्ष्मी पुस्तकालय के प्रांगण में मां दुर्गे का शारदीय नवरात्र को लेकर कलश स्थापना के लिए सामूहिक रूप से गाजे बाजे के साथ कलश जलभरी यात्रा सहार श्री लक्ष्मी पुस्तकालय के प्रांगण से चलकर बाजार होते हुए सूर्य मंदिर के समीप सोन नद के तट तक संपन्न किया गया । इसी के साथ धूम धाम से शारदीय नवरात्र पूजा का शुभारंभ किया गया। कलश स्थापना कलश यात्रा जलभरी कार्यक्रम के तत्वाधान से 9:00 से 11:00 तक आचार्य मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न किया गया। कलश स्थापना के साथ नवरात्रि की शुरूआत होती है। नवरात्रि में माता रानी की नौ रूपों की पूजा 9 दिनों तक चलती है। नवरात्र रखने वाले आमतौर पर कलश स्थापना के दिन उपवास रखते हैं और माता शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी चंद्रघंटा कूष्मांडा स्कंदमाता कात्यायनी कालरात्रि महागौरी सिद्धिदात्री की आराधना करते हैं नवरात्रि के 9 दिन उपवास रखने की भी परंपरा है कई लोग घरों में अखंड दीप जलाकर माता की आराधना करते हैं।

प्रखंड के खैरा, सहार, बरूही,एकवारी, पेरहाप खड़ाव अंधारी सहित अन्य गावों में धूम धाम तथा आपसी भाईचारा के साथ शारदीय नवरात्र मनाया जा रहा है।

बाल विवाह के खिलाफ मशाल जुलूस व जागरूकता हेतु आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

प्रात : किरण

गया।पूरे देश में चल रहे ह्लबाल विवाह मुक्त भारतह्व अभियान के तहत 16 अक्टूबर को मनाए गए बाल विवाह मुक्त भारत दिवस के मौके पर गैर सरकारी संगठन प्रयास बिहार के गया जिले में करीब 42 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इन कार्यक्रमों में करीब 21000 महिलाओं, बच्चों और आम लोगों ने शपथ ली कि वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न इसे बर्दाश्त करेंगे। बड़े पैमाने पर हुए इन कार्यक्रमों मे पंचायत प्रतिनिधि सहित बच्चो,महिलाओं और पुरुषो ने हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में योगदान दिया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 एनएचएफएस-2019-21 के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में 20 से 24 आयुवर्ग के बीच की 23.3 प्रतिशत युवतियों का विवाह 18 वर्ष की होने से पहले ही हो गया था।बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश के 300 से भी ज्यादा जिलों में चलाया जा रहा है। भारत से 2030 तक बाल विवाह के समग्र खात्मे के लक्ष्य के साथ पूरी तरह से महिलाओं के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से देश के 160 गैर सरकारी संगठन जुड़े हुए हैं। 16 अक्टूबर को इस अभियान के एक साल पूरे हुए। इस अर्से में पूरे देश में हजारों बाल विवाह रुकवाए गए और लाखों लोगों ने अपने गांवों और बस्तियों में बाल विवाह का चलन खत्म करने की शपथ ली है।गांवों में पूरे दिन इस अभियान के समर्थन में उतरे लोगों की चहल पहल रही और इस दौरान रैली,बैठक,बाल विवाह ना करने हेतु पेंटिंग और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।सूरज ढलने के बाद हजारों लोगों ने हाथों में मशाल लेकर मार्च भी किया और लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि नए भारत में बाल विवाह की कोई जगह नहीं है। इस मार्च में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, धार्मिक नेताओं सहित समाज के सभी वर्गो और समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया है। इस मार्च का मकसद जिले के 5 प्रखंड के 150 गांवों और कस्बों में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करना था। इस दौरान विवाह समारोहों में अपनी सेवाएं देने वालों जैसे कि शादियों में खाना बनाने वाले हलवाइयों, टेंट-कुर्सी लगाने वालों, फूल माला बेचने व सजावट करने वालों, सफाई कर्मी, पंडित और मौलवी जैसे पुरोहित वर्ग को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। संस्था के जिला प्रभारी देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा, ह्लबाल विवाह वो अपराध है जिसने सदियों से हमारे समाज को जकड़ रखा है। लेकिन नागरिक समाज और बिहार सरकार द्वारा राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता और प्रयास जल्द ही एक ऐसे माहौल और तंत्र का मार्ग प्रशस्त करेंगे जहां बच्चों के लिए ज्यादा सुरक्षित और निरापद वातावरण होगा। इन दोनों द्वारा साथ मिल कर उठाए गए कदमों और लागू किए गए कानूनों के साथ समाज व समुदाय की भागीदारी 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत सुनिश्चित करेंगी।ह्लमानपुर में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया पिंकी देवी ने सभी से बाल विवाह से होने वाले हानि को बताया है ।

मुकुंदपुर में अफसरों ने जन संवाद कर योजनाओं की दी जानकारी

प्रात : किरण

चपोखरी। प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के पंचायत भवन पर सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रमुख रामचंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचलन बीपीआरो संजय कुमार ने किया।आयोजित कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया प्रवीण कुमार उर्फ राजू कुशवाहा ने पंचायत में पहुंचे विभिन्न विभाग के अधिकारियों, कर्मी एवं जनप्रतिनिधि को पौधा व अंगवस्त्र देकर सम्मानित करने का काम किया। आयोजित इस जन संवाद कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विभाग के उपस्थित पदाधिकारी ने अपने-अपने विभाग से संबंधित सरकारी योजनाओं के संबंध में वहां उपस्थित लोगों को जानकारी प्रदान की।

अधिकारियों ने योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। अंचलाधिकारी रितिका कृष्ण ने बताया कि वर्तमान में सभी रैयती किसान अपने जमाबंदी को आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर से जोडवने के लिए अपने जमाबंदी का रसीद एवं आधार तथा मोबाइल नंबर अपने संबंधित कर्मचारियों को उपलब्ध करा दें, ताकि आपके जमाबंदी से कोई भी बदलाव होने पर आपको मोबाइल के माध्यम से सूचित किया जा सके। बसेरा के अंतर्गत भूमिहीनों को जमीन बंदोबस्ती करने का भी कार्य चल रहा है। ऐसे लोगों से भी आवेदन आमंत्रित किया जा रहे हैं। साथ ही भूमि विवाद के लिए और प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार थाना में लगता है, वहां पहुंचकर अपनी समस्या का निदान करने का भी अपील की।

बिजली विभाग के कनिय अभियंता अमित कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कोई भी खुला तार नहीं होना चाहिए, इसके लिए विभाग द्वारा अभी कौभर वाला तार लगाने का काम चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अस्पताल में सभी तरह के जांच मुफ्त किए जा रहा है, 150 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल में पहुंचकर इलाज कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनिका कुमारी ने बिकास कार्य में सहयोग कर सरकारी योजनाओं क लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राधिका रमन रानी, कल्याण पदाधिकारी राजलक्ष्मी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अंशु कुमार दीपक, प्रभारी चिकित्सा संजय कुमार, जिविका बीपीएम अमरिश कुमार ने अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

जन संवाद कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे कई विभाग के अधिकारी: जिला के निर्देश पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में भी प्रखंड के कई विभाग के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे जिसमें कृषि विभाग , मनरेगा, पुलिस प्रशासन सहित कई विभाग के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

उप प्रमुख ने जन संवाद कार्यक्रम को बताया खानापूर्ति: कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड उप प्रमुख पप्पू कुमार शाह ने कहां की जनसंवाद कार्यक्रम में सिर्फ अधिकारियों, कर्मचारी एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया, लोगों को बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं थी, अधिकारियों द्वारा योजनाओं की सिर्फ जानकारी दी गई । स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्या नहीं सुनी गई एवं उसके निदान के लिए कोई ठोस कारगर कदम भी उठाए गए, आश्वासन भी नहीं दिया गया । यहां तक की शिकायत आवेदन लेने के लिए कोई समुचित काउंटर की व्यवस्था नहीं की गई थी।

ग्रामीणों ने किया मांग: मुकुंदपुर गांव में स्थापित स्वास्थ्य केंद्र को तत्काल चालू कर समुचित इलाज की व्यवस्था उपलब्ध कराया जाने, पंचायत भवन पर पंचायत का आरटीपीएस काउंटर शुरू किए जाने तथा मदई गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाने , सहित पंचायत के विभिन्न गांव से पहुंचे लोगों ने नाली, गली, पेंशन सहित अन्य समस्या के लिए आवेदन दिए। लगभग 15 आवेदन जन संवाद कार्यक्रम में प्राप्त हुए।

चीन के बैंकों में लगी हैं लंबी-लंबी कतारें

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश चीन में सबकुछ ठीक नहीं है। देश का रियल एस्टेट संकट लगातार गहराता जा रहा है। चीन की जीडीपी में रियल एस्टेट और उससे जुड़ी गतिविधियों की करीब 25 परसेंट हिस्सेदारी है। माना जा रहा है कि यह संकट पूरी इकॉनमी को डुबो सकता है। रियल एस्टेट कंपनियां कर्ज के भुगतान में डिफॉल्ट कर रही हैं जिससे बैंकिंग सेक्टर पर भी खतरा मंडरा रहा है। लोगों को अपने पैसे डूबने का डर लग रहा है और वे बैंकों से अपना पैसा निकाल रहे हैं। देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रेंड दिवालिया हो चुकी है जबकि हाल में एक और बड़ी कंपनी कंट्री गार्डन ने डेट पेमेंट में डिफॉल्ट किया है। देश का रियल एस्टेट इंडेक्स अपने उच्चतम स्तर से 85 परसेंट गिर चुका है। इससे चीन में मंदी की आशंका तेज हो गई है।

इस संकट की शुरुआत तो कुछ साल पहले ही हो गई थी जब एवरग्रेंड ने पेमेंट में डिफॉल्ट किया था। हाल में इसके चेयरमैन को पुलिस कस्टडी में भेजा गया है और शेयरों की खरीद फरोख्त सस्पेंड कर दी गई है। एवरग्रेंड दुनिया में सबसे ज्यादा कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी है। इसका असर दूसरी रियल एस्टेट कंपनियों पर भी दिखा। देखते-देखते चीन का रियल एस्टेट सेक्टर गहरे संकट में आ गया। चीन की इकॉनमिक ग्रोथ में इस सेक्टर की अहम भूमिका है। यही वजह है कि इस संकट के कारण चीन की पूरी इकॉनमी के डूबने का खतरा है।

दुनिया की फैक्ट्री: चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है और करीब दो दशक से दुनिया की फैक्ट्री बनी हुई है। दुनियाभर के बाजार चीनी माल से

पटे हुए हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां चीन में सामान बना रही हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से चीन की इकॉनमी के बारे में डराने वाली खबरें आ रही हैं। देश का रियल एस्टेट मार्केट संकट में है, एक्सपोर्ट गिर रहा है, बेरोजगारी चरम पर है और ग्रोथ धीमी पड़ गई है। भविष्य की चिंता के कारण लोग पैसे खर्च करने से बच रहे हैं। ऐसे में विदेशी कंपनियां वहां से अपना बोरिया-बिस्तर समेट रही हैं और अमेरिका का साथ तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि चीन की इस समस्या के दुनिया के लिए क्या मायने हैं। इससे मल्टीनेशनल कंपनियों, उनके वर्कर्स और कई ऐसे लोगों के भी प्रभावित होने की आशंका है जिनका चीन के प्रत्यक्ष रूप से कोई लेनादेना नहीं है। अगर चीन के लोग अपने खर्च में कटौती की तो इससे ग्लोबल इकॉनमी भी प्रभावित होगी। जाहिर है कि इससे उन कंपनियों पर असर पड़ेगा जो चीन को सप्लाई करती हैं। ऐपल, फॉक्सवैगन और बरबरी जैसी सैकड़ों ग्लोबल कंपनियों की कमाई का मुख्य जरिया चीन का बाजार है। अगर चीन के लोग कम खर्च करेंगे तो इन कंपनियों का नुकसान होगा। इससे इन कंपनियों के सप्लायर्स और वर्कर्स पर असर होगा।

क्या होगा असर: दुनिया में एक-तिहाई ग्रोथ के लिए चीन जिम्मेदार है और वहां किसी भी तरह की सुस्ती का असर पूरी दुनिया पर दिखाई देगा। अमेरिका की क्रेडिट एजेंसी फिच ने पिछले महीने कहा था कि चीन में सुस्ती से ग्लोबल ग्रोथ की संभावनाओं पर ग्रहण लग सकता है। एजेंसी ने 2024 में पूरी दुनिया के ग्रोथ अनुमान को घटा दिया था। हालांकि कुछ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस आइडिया को बढ़ाचढ़ाकर पेश किया जाता है कि चीन दुनिया की समृद्धि का इंजन है।

यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफर्ड के चाइना सेंटर में इकनॉमिस्ट जॉर्ज मैग्नस ने कहा कि गणित के हिसाब से देखें तो यह सही है कि ग्लोबल ग्रोथ में चीन की हिस्सेदारी करीब 40 परसेंट है। लेकिन इस ग्रोथ से किसे फायदा हो रहा है। चीन का ट्रेड सरप्लस बहुत ज्यादा है। उसके इम्पोर्ट की तुलना में उसका एक्सपोर्ट बहुत ज्यादा है। इसलिए चीन की ग्रोथ से उसे ही फायदा हुआ है, दुनिया को नहीं। चीन में डिमांड कमजोर होने से कीमतें कम रहेंगी। पश्चिमी देशों के लिए यह अच्छी बात है क्योंकि इससे कीमतों में गिरावट आएगी और महंगाई कम होगी। यानी शॉर्ट टर्म में दुनियाभर के लोगों को चीन के स्लोडाउन से फायदा होगा। लेकिन जिन देशों में चीन ने निवेश किया है, उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। चीन ने अपने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव पर पिछले 10 साल में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च किए हैं। 150 से अधिक देशों को चीन ने पैसा और टेक्नोलॉजी दी है। अगर चीन में आर्थिक समस्याएं बढ़ती हैं तो फिर वह इस निवेश से हाथ खींच सकता है।

विस्की की दुनिया में तहलका मचा रहे हैं देसी ब्रांड्स, विदेशी कंपनियों के छूटने लगे पसीने

नई दिल्ली, एजेंसी। देश और दुनिया के विस्की बाजार में किसी जमाने में विदेशी ब्रांड्स का दबदबा था। लेकिन अब यह ट्रेंड तेजी से बदल रहा है। 18 अरब डॉलर के भारतीय विस्की मार्केट में घरेलू ब्रांड्स अब तेजी से ग्रोथ कर रहे हैं और विदेशी ब्रांड्स को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। पिछले साल यानी 2022 में इंडियन सिंगल माल्ट ब्रांड्स और स्कॉच ब्रांड्स में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस दौरान इंडियन सिंगल माल्ट ब्रांड्स की बिकी 2.4 परसेंट तेजी के साथ 2,81,000 केस रही जब स्कॉच ब्रांड्स की बिक्री 35 परसेंट की तेजी के साथ 2,96,000 केस रही। भारत में विस्की का मार्केट 24.2 करोड़ केस है जो ओवरऑल स्पिरिट्स मार्केट का दो तिहाई है।

सिंगल माल्ट एमेच्योर क्लब के फाउंडर हेमंत राव ने कहा कि करीब 15 साल पर भारतीय विस्की को मोलेसेज कहकर खारिज कर दिया गया था। 2013-14 में केवल दो या तीन घरेलू ब्रांड थे। अब इनकी संख्या 30 पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इंडियन सिंगल माल्ट्स ने काफी ग्रोथ की है। 2022 की बिक्री के आंकड़ों पर नजर डालें तो अमृत के दो ब्रांड पहले दो नंबर पर है।

डियाजियो इंडिया के चीफ इनोवेशन ऑफिसर विक्रम दामोदरन ने कहा कि हालिया आंकड़ों के मुताबिक इंडियन सिंगल माल्ट्स पिछले पांच साल में 53 परसेंट की सालाना ग्रोथ से बढ़े हैं। कोरोना महामारी के कारण प्रीमियम प्रॉडक्ट्स की ग्रोथ को प्रोत्साहित किया है। रेडिको के सीओओ अमर सिन्हा ने कहा कि जैसे-जैसे लोगों के पास पैसा बढ़ रहा है, वैसे-वैसे वे महंगी शराब पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। लोग अलग तरह का अनुभव लेना चाहते हैं।

यूट्यूब के लिए छोड़ दिया स्कूल, मां ने घर से निकाला, आज हैं दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूबर, करोड़ों डॉलर की कमाई

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े यूट्यूबर जिम्मी डॉनल्डसन के सब्सक्राइबर्स की संख्या 20 करोड़ पहुंच गई है। उनसे पहले केवल एक ही यूट्यूब चैनल को यह उपलब्धि हासिल थी। भारत में टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर्स की संख्या 25.1 करोड़ है। ऑनलाइन दुनिया में जिम्मी डॉनल्डसन की पहचान मिस्टरबीस्ट के रूप में है। उन्होंने करीब एक दशक पहले 12 साल की उम्र में अपने यूट्यूब करियर की शुरुआत की थी। शुरुआत में उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा लेकिन आज उनके हर वीडियो पर लाखों व्यूज आते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 10 करोड़ डॉलर यानी करीब 8,74,43,52,750 रुपये है। यूट्यूब से उनकी सालाना कमाई 2.6 करोड़ डॉलर से अधिक है। वह अपने यूट्यूब चैनल्स पर विज्ञापनों के जरिए कमाई करते हैं। वह अपने मुख्य यूट्यूब चैनल के लिए 10 लाख डॉलर स्पॉन्सरशिप फीस चार्ज करते हैं। साथ ही वह हरेक महीने मर्केंडाइज के जरिए करीब 25 लाख डॉलर कमाते हैं।

25 साल के डॉनल्डसन का ताल्लुक अमेरिका में नॉर्थ कैरोलाइना के शहर ग्रीनविले से है। वह 12 साल की उम्र से यूट्यूब पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे

लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिल रही थी। साल 2016 में उन्होंने स्कूल की पढ़ाई छोड़कर मीडिया की सबसे बड़ी पहेली को सुलझाने की कोशिश की। यह पहेली थी कि यूट्यूब पर वीडियो कैसे वायरल होता है। उस समय उनकी उम्र 16 साल थी। वह करीब पांच साल से यूट्यूब पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिल पा रही थी। उन्हें लगा कि वह यूट्यूब के अलगॉरिद्म को अनलॉक करने के काफी करीब हैं। इसके बाद उन्होंने अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर इस कोड को क्रैक करने की कोशिश की।

यूट्यूब के प्रति दीवानगी: डॉनल्डसन याद करते हैं, मैं हर समय यूट्यूब के बारे में सोचता था, वीडियो और फिल्ममेकिंग के बारे में सोचता था। यही मेरी दिनचर्या थी। जब उन्होंने स्कूल छोड़ा तो उनकी मां बहुत निराश हुई। मां ने डॉनल्डसन को घर से निकाल दिया था। लेकिन डॉनल्डसन का यह फैसला रंग लाया। साल 2017 में उनके पहले वायरल वीडियो में उन्होंने अपने कमरे में एक चेयर पर बैठकर 100,000 तक गिनती की। इसमें उन्हें 40 घंटे का समय लगा। जैसे-जैसे उनके फॉलोअर्स की संख्या बढ़ने लगी उन्हें विज्ञापन भी मिलने लगे। इस कमाई को उन्होंने वीडियो बनाने पर खर्च किया और शानदार तथा बेहतर स्टंट किए।

आज यूट्यूब में उनके फॉलोअर्स की संख्या 20 करोड़ पहुंच गई है। जुलाई तक के आंकड़ों के मुताबिक टिकटॉक पर भी उनके 8.5 करोड़ फॉलोअर्स और इंस्टाग्राम पर 3.9 करोड़ फॉलोअर्स हैं। मेटा को नए सोशल ऐप पर 10 लाख फॉलोअर्स हासिल करने वाले वह पहले शख्स थे। उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग से पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली थी। उन्होंने इस उपलब्धि हासिल करने का जश्न भी अपने अंदाज में मनाया और रेंडम तरीके से चुने गए एक फैन को टेस्ला की कार गिफ्ट की।

यूएई में सबसे ज्यादा लोगों के पास है क्रिप्टोकरेंसी, दुनिया में आबादी के हिसाब से सबसे ज्यादा भारतीयों के पास

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना काल में डिजिटल करेंसीज का चलन तेजी से बढ़ा था। दुनिया में आबादी के हिसाब से सबसे ज्यादा क्रिप्टोकरेंसी भारतीयों के पास है। भारत में 7.23 परसेंट यानी करीब 10 करोड़ लोगों के पास क्रिप्टोकरेंसी है। लेकिन परसेंटेज के हिसाब से देखा जाए तो दुनिया के कई देश भारत से आगे हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा क्रिप्टोकरेंसी यूएई के लोगों के पास है। इस देश में 27.67 परसेंट लोगों के पास डिजिटल करेंसी है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वियतनाम है। इस देश में 20.54 परसेंट आबादी के पास क्रिप्टोकरेंसी है। सऊदी अरब में 17.53 परसेंट, ईरान में 13.46 परसेंट और अमेरिका में 13.22 परसेंट लोगों के पास डिजिटल करेंसी है।

युद्ध से जूझ रहे देश यूक्रेन में 10.30 परसेंट लोगों के पास डिजिटल करेंसी है। वेनेजुएला में महंगाई दुनिया में सबसे ज्यादा है जबकि इस देश में पेट्रोल की कीमत सबसे कम है। इस देश में 10.30 परसेंट लोगों के पास डिजिटल करेंसी है। इस लिस्ट में अगला नाम साउथ अफ्रीका का है। इस देश में 10 परसेंट लोगों के पास डिजिटल करेंसी है। थाईलैंड में 9.32 परसेंट लोगों के पास

क्रिप्टोकरेंसीज हैं। इस लिस्ट में भारत दसवें नंबर पर है। भारत में 7.23 परसेंट आबादी के पास डिजिटल करेंसी है। पड़ोसी देश पाकिस्तान की बात करें तो वहां 6.4 परसेंट लोगों के पास डिजिटल करेंसी है।

नॉर्थ कोरिया सबसे नीचे: फ्रांस में 5.90 प्रतिशत, रूस में 5.87 प्रतिशत, यूके में 5.52 प्रतिशत, तुर्की में 5.46 प्रतिशत, जर्मनी में 4.19 प्रतिशत और कनाडा में 4.14 परसेंट लोगों के पास डिजिटल करेंसी है। चीन में केवल 4.08 परसेंट लोग डिजिटल करेंसी के मालिक हैं जबकि जापान में यह आंकड़ा 4.13 परसेंट है। दुनिया में स्टार्टअप्स का हब कहे जाने वाले इजरायल में केवल 1.21 परसेंट आबादी के पास डिजिटल करेंसी है। अफगानिस्तान में 0.90 परसेंट लोगों के पास डिजिटल करेंसी है जबकि नॉर्थ कोरिया में किसी के भी पास डिजिटल करेंसी नहीं है।

अडानी ग्रुप बंदरगाह कारोबार में करेगा 20,000 करोड़ का बड़ा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी समूह ने अपने बंदरगाह कार्गो की क्षमता 2030 तक चार गुना बढ़ाकर 1 अरब टीयू करने के लिए 20,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। समूह की योजना दुनिया की सबसे बड़ी बंदरगाह कंपनी बनने की है। अडानी समूह के उत्तराधिकारी और अडानी पोर्ट्स ऐंड सेज के मुख्य कार्याधिकारी करण अडानी ने आज कहा कि अगर अच्छा स्थानीय साझेदार मिले और देश राजनीतिक एवं आर्थिक तौर पर स्थिर हो तो समूह किसी भी देश में बंदरगाह क्षेत्र में अधिग्रहण की संभावना तलाश सकता है।

अडानी समूह ने इस साल की शुरुआत में इजरायल में हाइफा पोर्ट का 1.2 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया है और अब पूर्वी अफ्रीका (केन्या एवं तंजानिया), वियतनाम तथा भूमध्यसागर इलाके में वह बंदरगाह का अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रहा है। अडानी ने कहा, 'विदेशी बंदरगाहों के भारत के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध होने चाहिए और निवेश के लिहाज से उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था भी मजबूत होनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि दुनिया में कई बंदरगाहों का परिचालन सरकारों द्वारा किया जाता है और वे इसका निजीकरण करने की संभावनाएं टटोल रही हैं। हमारी नजर ऐसे ही बंदरगाहों पर है। अडानी ने कहा कि हाइफा पोर्ट के परिचालन पर अभी तक हमास और इजरायल युद्ध का कोई असर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'हम हाइफा में अपने निवेश को लेकर आश्वस्त हैं। जब हमने हाइफा पोर्ट की जांच-परख की थी तो अनुमान लगाया गया था कि कुछ अड़चनें आएंगी। इस समय बंदरगाह का संचालन हो रहा है और आगे भी किसी तरह की समस्या की आशंका नहीं है।' वर्तमान में अडानी पोर्ट्स के कुल वॉल्यूम में हाइफा पोर्ट की हिस्सेदारी महज 3 फीसदी है। अडानी ने कहा, 'जब हम किसी देश में कारोबार के लिए जाते हैं तो कई चीजों को देखा जाता है लेकिन राजनीतिक स्थिरता सबसे महत्त्वपूर्ण है।'

अडानी ने कहा कि कंपनी अपने क्षमता विस्तार पर हर साल 5,000 से 6,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी हर साल 7,000 से 8,000 करोड़ रुपए की नकदी कमा रही है जिसका उपयोग विस्तार के लिए किया जाएगा। अडानी ने कहा कि समूह ने विझिंजम में ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल की शुरुआत की है। कंपनी अपने 65 करोड़ डॉलर के सभी विदेशी मुद्रा बॉन्ड की अगले साल जनवरी तक पुनर्खरीद कर लेगी। विझिंजम परियोजना के पहले चरण की अनुमानित लगात करीब 7,700 करोड़ रुपए है। इस बंदरगाह को लेकर कई शिपिंग कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है।

रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 83.24 प्रति डॉलर पर

मुंबई एजेंसी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे की बढ़त के साथ 83.24 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों में वृद्धि और व्यापार घाटे में सुधार से स्थानीय मुद्रा को बल मिला।

हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव खासकर इज़राइल-हमास संघर्ष ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.25 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और फिर 83.24 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.53 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.99 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 317.01 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

हेल एनर्जी के क्रिकेट क्रेजी कैंपेन के लिए क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी बने ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट के लिए बेशुमार दीवानगी वाले देश में क्रिकेट के त्यौहार को सेलिब्रेट करने के लिए, भारत में सबसे प्रसिद्ध एनर्जी ड्रिंक ब्रांडों में से एक और कैन सेगमेंट में बाजार में अग्रणी हेल एनर्जी ने शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी को अपने क्रिकेट स्पेशल ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया। इस जोड़ी ने अपना लिमिटेड एडिशन पैकेज्ड एनर्जी ड्रिंक, हेल क्रिकेट क्रेजी लॉन्च किया।

शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी दोनों भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं जो खेल के सभी प्रारूपों में भारत के लिए खेलते हैं।

अलग अलग स्पोर्ट्स इवेंट को बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए अपनी कंज्यूमर कनेक्ट स्ट्रेटजी के अनुरूप, हेल एनर्जी ने कई साल पहले जब अपना अंतरराष्ट्रीय विस्तार शुरू किया था तब ⁄ञ×ञ विलियम्स फॉर्मूला वन टीम को को स्पॉन्सर किया था। हेल ने लिमिटेड एडिशन हेल फुटबॉल फैंटिक ड्रिंक लॉन्च करके फुटबॉल के प्रति अपने निर्विवाद प्रेम को भी दिखाया था, जिसमें फुटबॉलर डिज़ाइन एल्युमिनियम के डिब्बों में क्लासिक फ़िज़ी टूटी-फ्रूटी स्वाद वाली एनर्जी ड्रिंक थी।

कैंपेन पर हेल एनर्जी इंडिया के कंट्री हेड, श्री उन्नीकनन गंगाधरन ने कहा, हेल एनर्जी एक ऐसा ब्रांड है जिसने अलग अलग पार्टनरशिप से खेलों को लगातार समर्थन दिया है और अपने गहरे जुड़ाव के लिए कई लोगों से जुड़ा हुआ है। हमें गर्व है कि हम 2023 में सबसे लोकप्रिय क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान दो शानदार क्रिकेटरों के साथ जुड़े हैं। खेल के लिए उनके अटूट जुनून के साथ इन दो क्रिकेटरों द्वारा दिखाई गई गतिशीलता, शैली और स्वभाव उस संदेश को दिखलाता है जिसे हम ब्रांड के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं।

इस अंतरराष्ट्रीय ब्रांड का हिस्सा बनने पर उत्सुकता व्यक्त करते हुए, शार्दुल ठाकुर ने कहा, मैं हेल एनर्जी जैसे ग्लोबल ब्रांड से जुड़कर रोमांचित हूं, यह खेल को बढ़ावा देती है जो कि मेरे लिए बेहद रुचि का कार्य है। फिलहाल चल रहे क्रिकेट विश्व कप के दौरान हमारी टीम के समर्थक के रूप में, हेल हम सभी के लिए एक बेहतरीन साथी है। तो हेल एनर्जी को थामें और अपनी सारी ताकत से चीयर्स करें।

मोहम्मद शमी ने कहा मेरा प्रयास है कि मैं सभी मुश्किलों को जीतूं और हमेशा टॉप पर रहूं इसके मेरे प्रयास का संकल्प ही है जो मुझे एक क्रिकेटर के रूप में बनाए रखता है। मुझे खुशी है कि मैं एनर्जी ड्रिंक्स के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांडों में से एक हेल एनर्जीका प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। इस ड्रिंक की सफलता का कारण इसकी शानदार क्वालिटी है, और यह मेरी फिलोसिपी पर खरा उतरती है कि जीवन में आने वाली कई चुनौतियों के बावजूद, अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करते रहें।

एसबीआई ग्राहकों को यूपीआई पेमेंट करने में आ रही दिक्कत, बैंक ने बताई वजह

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहकों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, एसबीआई की यूपीआई सर्विस पिछले 3 दिन से काम नहीं कर रही है जिसके चलते बैंक के करोड़ों यूपीआई यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात कि जानकारी दी है कि उनका यूपीआई सिस्टम थोड़ा वीक है और लोगों को इससे पेमेंट करने में दिक्कत भी आ सकती है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एसबीआई ने इसका कारण बताते हुए कहा है कि वो अभी टेक्नोलॉजी अपग्रेड करने के प्रोसेस में हैं। ऐसे में आपको यूपीआई सर्विस में कभी-कभी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हम इसके लिए खेद व्यक्त करते हैं। हम जल्द ही आपको अगला

अपडेट देंगे। बता दें ग्राहकों को शनिवार से ही यूपीआई इस्तेमाल करने में दिक्कत आ रही है।

बैंक समय-समय पर करते हैं ये काम: आपको बता दें कि बैंक एक अंतराल पर शेड्यूल्ड एक्टिविटी करते रहते हैं। अच्छी बात है कि बैंक पहले से उनके बारे में बता भी देते हैं। उससे ग्राहकों को कोई जरूरी काम पहले ही निपटा लेने या वैकल्पिक व्यवस्था करने का समय मिल जाता है। हालांकि उसके अलावा भी बैंक कई विकल्प देते हैं, जिन्हें चुन कर आप अपनी परेशानियों को कम कर सकते हैं।

वहीं कई यूजर्स ने इंटरनेट बैंकिंग के इस्तेमाल में भी परेशानी की शिकायत की। हालांकि एसबीआई ने इस परेशानी के लिए पहले ही कस्टमर्स को जानकारी दे दी थी। बैंक ने मैसेज में कहा था कि शेड्यूल्ड एक्टिविटी के चलते 14 अक्टूबर 2023 को 00:40 बजे से 02:10 बजे तक इंटरनेट बैंकिंग एप्लीकेशन सर्विस उपलब्ध नहीं रहेंगी।

मैं चाहता हूं कि रिंकू सिंह 2024 टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा बनें : आकाश चोपड़ा

नईदिल्ली (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाज रिंकू सिंह को अगले साल के टी20 विश्व कप के लिए भारतीय जर्सी में देखने में गहरी रुचि व्यक्त की है। 2023 इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज यश दयाल को एक ओवर में पांच छक्के लगाने के बाद रिंकू सुर्खियों में आए और उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 14 मैचों में 474 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था।

कई सीजन तक घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने और आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद रिंकू को अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में पहली बार भारत में बुलाया गया और बाद में उन्हें एशियाई खेलों के लिए भारत की टीम में नामित किया गया। चोपड़ा ने पांच खिलाड़ियों को चुना जिनके प्रदर्शन पर वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान बारीकी से नजर रखेंगे और रिंकू का नाम सूची में शीर्ष पर था।

चोपड़ा ने कहा, हर किसी ने रिंकू सिंह को देखा है और जानता है कि वह क्या करने में सक्षम है। टी20 विश्व कप 2024 में मैं उसे भारतीय टीम का हिस्सा बनते देखना चाहता हूं। उसने एशियाई खेलों में अच्छी पारी खेली थी। उससे पहले उन्होंने यूपी टी20 लीग में अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्हें जब भी मौका मिला है उन्होंने भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और आईपीएल में केकेआर के लिए असाधारण रूप से अच्छा खेला है। उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि उनका कद छोटा है, उनका शरीर उतना मजबूत नहीं है, लेकिन वह साफ-सुथरा हिट करते हैं और बहुत अच्छा अपनी कलाइयों का इस्तेमाल करते हैं।

पूर्व क्रिकेटर ने साई सुदर्शन को चुना और कहा, वह एक ऐसे बल्लेबाज का उदाहरण है जिसकी तकनीक उसे आजाद करती है और बंधनों में नहीं डालती है। सुदर्शन की एक खूबसूरत कहानी है। वह जो काम कर रहे हैं वह सराहनीय है। हम तिलक वर्मा के बारे में बहुत कुछ बोलते हैं लेकिन साई सुदर्शन के बारे में भूल जाते हैं। उन्होंने आईपीएल में स्कोर किया, फिर वह काउंटी क्रिकेट खेलने गए। उन्होंने ईरानी कप में स्कोर किया और हैं। जब बोर्ड पर रन बनाने की बात आती है तो बिल्कुल भी नहीं रुकना।

विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा इस सूची में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने कहा, वह हाल ही में एशियाई खेलों में खेले, लेकिन वहां वह उतने सफल नहीं रहे। जितेश एक अच्छे फिनिशर हैं। वह विकेटों के सामने बहुत अच्छा खेलते हैं। यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट होगा जहां आप उन्हें हावी होते देखना चाहेंगे।

चोपड़ा ने अपनी पसंद में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बल्लेबाज रजत पाटीदार पर भी प्रकाश डाला जो चोट के कारण 2023 आईपीएल से चूक गए थे। चोपड़ा ने कहा, रजत पाटीदार एक और खिलाड़ी हैं जिन्हें मैं सफल होते देखना चाहता हूं। वह एक सीजन चूक गए लेकिन उससे पहले सीजन में उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला। वह भारत के लिए खेलने के करीब थे लेकिन चोटों से जूझ रहे थे। यह टूर्नामेंट उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज नेहल वढेरा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए चोपड़ा की पांच खिलाड़ियों की सूची पूरी की। उन्होंने कहा, नेहल आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं और पंजाब से हैं। वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं। फिर उनके लिए चीजों को इतना अच्छा करना महत्वपूर्ण है कि उन्हें चीजों की योजना में लाया जाए। वह नंबर 4, 5 या 6 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए मैं उस पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।

128 साल बाद ओलिंपिक में क्रिकेट खेला जाएगा

2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में 5 नए खेलों को मंजूरी मिली

लॉस एंजिलिस (एजेंसी)। लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट भी खेला जाएगा। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) अध्यक्ष थॉमस बाक की अगुआई में सोमवार को मुंबई में हुई बैठक में इस पर अंतिम फैसला किया गया। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलिंपिक में खेला गया था। यानी 128 साल बाद क्रिकेट की ओलिंपिक में वापसी होगी।

आईओसी कार्यकारी बोर्ड के अधिकारियों की बैठक में क्रिकेट समेत पांच खेलों को शामिल करने के फैसले पर मुहर लगाई गई। इनमें क्रिकेट के अलावा बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वॉश और लेक्रोस शामिल हैं। इसी महीने 13 अक्टूबर को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (आईओसी) ने लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया था।

1900 के ओलिंपिक में था क्रिकेट – इससे पहले पेरिस ओलिंपिक (साल 1900) में भी क्रिकेट खेला जा चुका है। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने गोल्ड मेडल के लिए सिर्फ एक टेस्ट मैच खेला था, जिसमें ग्रेट ब्रिटेन की टीम 158 रन से जीत गई थी। क्रिकेट कॉमनवेल्थ गेम्स में भी 2 बार 1998 और 2022 में शामिल किया गया है। वहीं एशियन गेम्स में 2010, 2014 और 2023 में तीन बार क्रिकेट को जगह मिली। 1900 के पेरिस ओलिंपिक में एक टेस्ट मैच ही हुआ था। 2028 के ओलिंपिक में क्रिकेट टी-20 फॉर्मेट में शामिल होगा।

फ्लैग फुटबाल को भी एंट्री – लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 के लिए फ्लैग फुटबॉल को भी एंट्री दी गई है। फ्लैग फुटबाल में दोनों टीमों के पास पांच-पांच प्लेयर होते हैं और इसे फुटबॉल का अमेरिकन वैरिएंट कहा जाता है। अमेरिकन फुटबॉल में डिफेंड करने के लिए अटैकिंग प्लेयर को बॉल के साथ टच लाइन पर पहुंचने से पहले टैकल कर गिराना होता है, लेकिन फ्लैग फुटबॉल में प्लेयर की कमर पर लगे दो बेल्ट निकालने होते है। इसे अमेरिका में बहुत खेला जाता हैं।

स्क्वॉश पहली बार ओलिंपिक में शामिल – स्क्वॉश को पहली बार ओलिंपिक में शामिल किया गया है। स्क्वॉश को 1998 से कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में लगातार शामिल किया गया है। स्क्वॉश एक रैकेट-एंड-बॉल गेम है जो दो या चार खिलाड़ियों के बीच चार दीवारों के कोर्ट में एक छोटी रबर की बॉल से खेला जाता है। खिलाड़ी अपने रैकेट से बॉल को कोर्ट की चार दीवारों के बीच बारी-बारी से मारते हैं। खेल का उद्देश्य गेंद को इस तरह से मारना है कि अपोनेंट रिटर्न शॉट नहीं लगा सके।2023 एशियन गेम्स के स्क्वॉश इवेंट में भारत ने 2 गोल्ड 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज जीता।

लेक्रोस अमेरिका के पुराने खेलों में से एक – लेक्रोस एक टीम गेम है जो लैक्रोस स्टिक और लैक्रोस बॉल के साथ खेला जाता है। यह नॉर्थ अमेरिका में सबसे पुराने खेलों में से एक है, इसकी उत्पत्ति नॉर्थ अमेरिका के मूल निवासियों के बीच 12वीं शताब्दी में हुई थी। इस खेल को फुटबाल जैसे बड़े ग्रास वाले मैदान में खेला जाता है। लेक्रोस स्टिक के हेड पर एक नेट होती है जिससे बॉल को कैरी किया जाता है। इसमें खिलाड़ी लैक्रोस स्टिक के हेड को यूज कर बॉल को ले जाने, पास करने, पकड़ने और गोल में मारने के लिए करते हैं।

मेरे साथ ड्रेसिंग रूम में... पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने लगाया पाक क्रिकेटरों पर बड़ा आरोप

करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया जहां मैदान पर अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं तो वहीं मैदान के बाहर पाकिस्तन क्रिकेट बोर्ड के साथ तनातनी के लिए भी। कनेरिया पहले से आरोप लगाते आए हैं कि जब तक वह पाकिस्तान टीम के साथ खेलते रहे उन्हें धार्मिक तौर पर परेशान किया गया। उन्हें ताने दिए गए थे। अब एक बार फिर से दानिश कनेरिया ने पाकिस्तानी क्रिकेटरों पर बड़ा हमला बोला है। कनेरिया ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है जिसमें उन्होंने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उक्त वीडियो श्रीलंका बनाम पाकिस्तान मैच की है। जिसमें जीत के बाद श्रीलंकाई बल्लेबाज पवेलियन की ओर लौटते नजर आ रहे हैं।

विश्व कप

बाबर आजम को छोड़ देनी चाहिए कप्तानी, भारत से हार के बाद बोले शोएब मलिक

इस्लामाबाद (एजेंसी)। भारत के खिलाफ 14 अक्टूबर को वनडे विश्व कप 2023 में साल के सबसे बहुप्रतीक्षित मैचों में से एक में पाकिस्तान को करारी हार का सामना करना पड़ा। अहमदाबाद के विशाल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत ने 192 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 30.3 ओवर में 7 विकेट शेष रहते जीत हासिल की। मैच के बाद मलिक ने कहा कि बाबर आजम को कप्तानी छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह बल्लेबाजी में कमाल कर सकते हैं।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, देखो, मैं तुम्हें इस पर अपनी ईमानदार राय दूंगा। मैं पिछले इंटरव्यू में भी कह चुका हूं कि बाबर को कप्तानी छोड़ देनी चाहिए, ये सिर्फ मेरी राय है लेकिन इसके पीछे काफी होमवर्क है। एक खिलाड़ी के तौर पर बाबर खुद के साथ-साथ टीम के लिए भी चमत्कार कर सकते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरी व्यक्तिगत राय है और ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि हम आज (भारत के खिलाफ) मैच हार गए या हम बड़े अंतर से हार गए, नहीं यह (मेरी राय) उस पर आधारित नहीं है।

इसके अलावा शोएब मलिक ने बताया कि बाबर आजम ऐसे व्यक्ति हैं जो लंबे समय तक टीम का नेतृत्व करने के बावजूद दबाव में होने पर बॉक्स से बाहर नहीं सोचते हैं। हालांकि मलिक यह कहने से नहीं चूके कि उनका कोई व्यक्तिगत एजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बाबर एक नेता के रूप में, लीक से हटकर नहीं सोचता। किसी को अपने नेतृत्व को अपनी बल्लेबाजी कौशल के साथ नहीं मिलाना चाहिए क्योंकि वे दोनों अलग-अलग हैं। वह लंबे समय से कप्तान हैं, लेकिन वह खुद में सुधार नहीं कर पाए हैं।

वर्ल्ड कप 2023

फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका के सामने नीदरलैंड की चुनौती कमजोर

धर्मशाला (एजेंसी)। विश्व कप में अब तक शानदार फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका ने विरोधी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी है और मंगलवार को नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करके वह अपनी स्थिति और मजबूत करने उतरेगी। पिछले दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने दिखा दिया कि अब वह 'चोकर्स (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) का ठप्पा हटाने के इरादे से आए हैं।

दिल्ली में पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 428 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद उसने 102 रन से जीत दर्ज की। इसके बाद लखनऊ में पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराया। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें जहां अपने रसूख के अनुरूप नहीं खेल पा रही है, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में दमदार खेल दिखाया है। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्कराम ने प्रभावित किया है। तीनों ने श्रीलंका के खिलाफ शतक जमाए जबकि हेनरिच क्लासेन और डेविड मिलर ने भी उपयोगी पारियां खेली।

श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने उसके गेंदबाज उतने प्रभावी नहीं रहे लेकिन अगले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने वापसी की। डिकॉक ने लगातार दूसरा शतक जमाया जबकि गेंदबाजी में मार्को जेनसेन और कैगिसो रबाडा प्रभावी रहे। दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 177 रन से जीता। नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की नजरें बड़े अंतर से जीत दर्ज करने पर लगी होगी। नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप 2009 में इंग्लैंड को लॉर्डस पर हराकर उलटफेर किया था।

स्कॉट एडवर्डस की अगुवाई वाली टीम उस जीत से प्रेरणा लेना चाहेगी लेकिन टी20 और वनडे क्रिकेट में जमीन आसमान का अंतर है। वैसे क्रिकेट में चमत्कार होते हैं और दिल्ली में कल अफगानिस्तान ने मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड को हराकर इसकी बानगी दी।

टीमें

दक्षिण अफ्रीका – तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्ज़ी, क्विंटन डिकॉक, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कैगिसो रबाडा, तबरेज़ शम्सी, रासी वान डेर डुसेन , लिज़ाद विलियम्स

नीदरलैंड – स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), मैक्स ओडोड, बास डी लीडे, विक्रम सिंह, तेजा निदामानुरू, पॉल वैन मीकेरेन, कॉलिन एकरमैन, रोलोफ वान डेर मर्व, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, रेयान क्लेन, वेस्ली बारेसी, साकिब जुल्फिकार, शारिज अहमद और साइब्रांड एंजेलब्रेक्ट

समय – दोपहर दो बजे से।

इंडिया-पाकिस्तान मैच में रौतेला का गोल्ड प्लेटेड आईफोन गुम

सोशल मीडिया में लिखा- मेरा फोन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खो गया है, मेरी मदद करें

अहमदाबाद (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला शनिवार रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडिया-पाकिस्तान का मैच देखने पहुंची थी। इस दौरान उनका गोल्ड प्लेटेड आईफोन स्टेडियम में कहीं गुम हो गया। इसकी जानकारी उन्होंने अब खुद ही सोशल मीडिया के जरिए दी है। इस पोस्ट के साथ उर्वशी ने लोगों से उनकी मदद करने की अपील भी की. उर्वशी का ये पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है और लागातार लोग इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं। उर्वशी रौतेला ने ट्वीट कर लिखा- मेरा 24 कैरेट सोने का आईफोन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खो गया है। अगर किसी को मिला हो तो प्लीज मेरी मदद करें और जल्द से जल्द कॉन्टेक्ट करें। पोस्ट के साथ रौतेला ने कई सारे टैग का इस्तेमाल किया। ट्वीट के आखिर में लिखा- जो मदद कर सकते हों उन्हें प्लीज टैग भी करें।



अहमदाबाद पुलिस ने पोस्ट पर दिया रिएक्शन – वहीं, उर्वशी के इस पोस्ट पर अहमदाबाद पुलिस ने जवाब दिया है। अहमदाबाद पुलिस ने उनके पोस्ट पर कमेंट करते हुए गुम हुए फोन से जुड़ी सारी डीटेल्स मांगी है, जिससे कि फोन की तलाश की जा सके। बता दें, इसी स्टेडियम में एक बार इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का फोन भी खो गया था।

मैच के टिकट भी शेयर किया था – उर्वशी रौतेल का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यूजर्स भी जमकर कमेंट कर रहे है। रौतेला ने इस मैच के 5 टिकट खरीदे थे और इसका एक वीडियो भी शेयर किया था, उस समय भी उनकी पोस्ट चर्चा में रही थी।

2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट भी शामिल, आधिकारिक तौर पर हुई पुष्टि

लॉस एंजिल्स (एजेंसी)। लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के कार्यक्रम में क्रिकेट को आधिकारिक तौर पर शामिल कर लिया गया है। यह टी20 फार्मेट में खेला जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सोमवार को एलए गेम्स के लिए पुरुषों और महिलाओं की प्रतियोगिताओं के साथ-साथ चार अन्य खेलों को शामिल करने के लिए मतदान किया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने पिछले सप्ताह खेल को कार्यक्रम में शामिल करने के लॉस एंजिल्स खेल आयोजकों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। क्रिकेट के अलावा चार अन्य खेलों में बेसबॉल-सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वैश - मिश्रित शामिल हैं। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने पिछले हफ्ते कहा था कि क्रिकेट और चार अन्य खेलों को शामिल करना - केवल लॉस एंजिल्स गेम्स 2028 के लिए अमेरिकी खेल संस्कृति के अनुरूप था और नए एथलीटों और प्रशंसक समुदायों के साथ जुड़ने के लिए अमेरिका के साथ-साथ विश्व स्तर पर भी ओलंपिक आंदोलन को भी सम्मानित करेगा। बाख ने 13 अक्टूबर को दो दिवसीय कार्यकारी बोर्ड की बैठक के समापन के बाद मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा था, हम क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता देख रहे हैं, खासकर टी20 प्रारूप की।

लॉस एंजिल्स गेम्स आयोजन समिति ने पुरुष और महिला टी20 क्रिकेट दोनों में 6 टीमों के आयोजन का प्रस्ताव रखा था, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका मेजबान देश के रूप में मैदान में उतरेगा। लेकिन टीमों की संख्या और योग्यता प्रणाली पर अंतिम निर्णय बाद में लिया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष बाख ने कहा था, हम आईसीसी के साथ उसी तरह काम करेंगे जैसे हम सभी खेलों में करते हैं।

महिला पहलवानों के यौन शोषण केस में सुनवाई

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे बृजभूषण सिंह, चार्ज फ्रेम करने को लेकर होगी बहस

सोनीपत (एजेंसी)। महिला पहलवानों के यौन शोषण केस में सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हो रही है। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह कोर्ट में पहुंच गए हैं। कोर्ट में बृजभूषण पर दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के आधार पर चार्ज फ्रेम करने को लेकर बहस हो रही है। 7 अक्टूबर को पिछली सुनवाई में बृजभूषण के वकीलों ने दिल्ली पुलिस के चार्जशीट में लगाए आरोपों का विरोध किया था। उनका कहना था कि सिर्फ पहलवानों के बयान पर बृजभूषण के ऊपर चार्ज फ्रेम नहीं किए जा सकते। इस सुनवाई में बृजभूषण के वकील चार्ज फ्रेम करने के खिलाफ अपनी दलीलें रखेंगे। इससे वहली सुनवाई में बृजभूषण के वकील ने कहा कि सभी महिला पहलवानों ने एक ही तरह का आरोप लगाया है कि बृजभूषण सांस चेक करने के बहाने उन्हें गलत तरीके से छूते थे। इसको लेकर धरना दिया लेकिन किसी ने यह मांग नही की कि महिला पहलवानों के सांस चेक करने वाले नियम को ही खत्म कर देना चाहिए।

एक पहलवान ने बयान भी बदला – उन्होंने कहा कि आरोपी पर चार्ज फ्रेम करते समय आरोपों की जांच नहीं हो सकती। इनमें एक पहलवान ने बृजभूषण के खिलाफ अपने बयान भी बदले हैं। पहलवानों को लगता है कि उनके आरोपों के आधार पर चार्ज फ्रेम हो जाएंगे।

बृजभूषण को जमानत मिल चुकी – अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने 20 जुलाई को बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर को जमानत दे दी थी। दिल्ली पुलिस ने 15 जून को कोर्ट में 6 बार के सांसद बृजभूषण के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल), धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न), धारा 354 डी (पीछा करना) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप पत्र दायर किया था।

इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद राशिद खान ने कहा

यह जीत शायद भूकंप पीड़ितों के चेहरों पर थोड़ी मुस्कान ला सके

नईदिल्ली (एजेंसी)। अफगानिस्तान ने रविवार को वनडे वर्ल्ड कप 2023 का सबसे बड़ा उलटफेर किया। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए उसे 69 रन से हरा दिया। जीत के बाद अफगान टीम के स्टार ऑलराउंडर राशिद खान ने कहा, ये जीत शायद भूकंप पीड़ितों के चेहरों पर थोड़ा मुस्कान ला सके।

उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ जीत हमारे लिए बड़ी जीत है। घर (अफगानिस्तान) में लोगों को इस पर गर्व होगा। हाल ही में हमारे घर अफगानिस्तान में भूकंप आया था, जिसमें 3000 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। इस जीत से उनके चेहरे पर थोड़ी सी मुस्कान आएगी और वे उन कठिन दिनों को थोड़ा भूल पाएंगे।

अफगानिस्तान के स्पिनर्स गेमचेंजर रहे

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी, अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 49.5 ओवर में 284 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.3 ओवर में 215 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

अफगानिस्तान के स्पिनर्स गेमचेंजर रहे। मुजीब उर रहमान, मोहम्मद नबी और राशिद खान ने मिलकर 8 विकेट लिए। मुजीब और राशिद को 3-3 विकेट मिले, जबकि मोहम्मद नबी ने 2 विकेट झटके।

5वीं बार उलटफेर का शिकार हुआ इंग्लैंड

इंग्लैंड की टीम वनडे वर्ल्ड कप इतिहास में 5वीं बार उलटफेर का शिकार हुई। इससे पहले 1992 में टीम को जिम्बाब्वे ने 9 रन से हराया। 2011 में टीम को आयरलैंड ने 3 और बांग्लादेश ने 2 विकेट से हराया था। वहीं 2015 में भी इंग्लैंड को बांग्लादेश ने ही 15 रन से हराकर उलटफेर किया था।

अब 2023 में अफगानिस्तान ने 69 रन से हराकर इंग्लैंड को 5वीं बार वर्ल्ड कप में उलटफेर का कड़वा स्वाद चखाया। इतना ही नहीं, इंग्लैंड की टीम टी-20 वर्ल्ड कप में 2 बार नीदरलैंड से भी हार कर उलटफेर का शिकार हो चुकी है।

नवरात्रि उत्सव के दौरान दो गुटों के बीच झड़प, पथराव में एक; पटाखा फटने से चार लोग घायल

मुंबई एजेंसी। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में नवरात्रि उत्सव के दौरान देवी दुर्गा की मूर्ति ले जा रहे जुलूस में दो गुटों के बीच झगड़े के बाद पटाखे फोड़े जाने से चार लोग घायल हो गए। वहीं रविवार की रात नौ बजे हुई झड़प के दौरान पथराव में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया। देशभर में रविवार से नवरात्रि का उत्सव शुरू हो चुका है।

वागले एस्टेट के हनुमान नगर इलाके में देवी दुर्गा की मूर्ति ले जाने के दौरान पटाखे फोड़ने के लिए दो गुटों के बीच झड़प हो गई। श्रीनगर पुलिस स्टेसन के एक अधिकारी ने इस मामले पर एफआईआर दर्ज कर ली है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने लापरवाही से पटाखे फोड़े, जिसके कारण वहां मौजूद चार लोग झुलस गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ियों के शिकायत पर पुलिस ने 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 143 (गैरकानूनी सभा), 147 (दंगा), 337 (दूसरों के जीवन को खतरे में डालकर चोट पहुंचाना) और 283 (सार्वजनिक जगहों पर खतरा या रुकावट पैदा करना) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

तेलंगाना भाजपा नेता और पूर्व विधायक कुंजा सत्यवती का निधन, मौत की वजह साफ नहीं

हैदराबाद एजेंसी। भद्राचलम की पूर्व विधायक और भाजपा नेता कुंजा सत्यवती का आज निधन हो गया। हालांकि, निधन के पीछे का कारण अभी सामने नहीं आया है। वहीं, एक रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक को कल देर रात सीने में तेज दर्द उठा था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। आज तड़के हैदराबाद में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। बता दें, सत्यवती ने अपना राजनीतिक सफर सीपीएम से शुरू किया था। वह साल 2009 में सीपीएम उम्मीदवार सुन्नम राजैया के खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुनी गई थीं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई विकासात्मक कार्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला विधायक ने साल 2014 के चुनाव में कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, लेकिन सीपीएम उम्मीदवार सुन्नम राजैया से हार गई थीं। बाद में, वह भाजपा में शामिल हो गईं और 2018 का चुनाव लड़ीं, लेकिन तब भी वह असफल रहीं।

सीतामढ़ी में लगेगी मां सीता की 251 फीट ऊंची प्रतिमा, विहिप करेगा हरसंभव सहयोग

सीतामढ़ी एजेंसी। अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के बनने से उत्तर प्रदेश के पर्यटन में वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। उसी तरह सीतामढ़ी में माता सीता की 251 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित होने से इस क्षेत्र के पर्यटन में बड़ा विकास होने की उम्मीद लगाई जा रही है। अब रविवार को डुमरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में रामायण रिसर्च काउंसिल के तत्वावधान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

आलोक कुमार ने सीतामढ़ी में माता सीता की 251 फीट ऊंची प्रतिमा तथा संबंधित क्षेत्र को पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए काउंसिल के संकल्प को बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद इसका पूरा समर्थन करेगा और जहां भी जरूरत पड़ेगी सहयोग दिया जाएगा।

कुमार ने अयोध्या में राम मंदिर की तर्ज पर यहां भी काउंसिल के अंतर्गत माता सीता की भव्य प्रतिमा के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने के संकल्प को दोहराया और अयोध्या में अगले वर्ष 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर के लिए भव्य पूजन के अवसर पर सचों को शामिल होने का आमंत्रण भी दिया।

वहीं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के ट्रस्टी तथा रामायण रिसर्च काउंसिल के अध्यक्ष कामेश्वर चौपाल ने कहा कि वैसे तो वह स्वयं विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, लेकिन कुछ प्रोटोकॉल के तहत अभी तक विश्व हिन्दू परिषद का सहयोग इस पुनीत कार्य को प्राप्त नहीं पा रहा था। हालांकि, अब विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का सीतामढ़ी की धरती पर आकर रामायण रिसर्च काउंसिल के अंतर्गत माता सीता के कार्य में सहयोग की घोषणा करने से बिहार ही नहीं बल्कि पूरे भारत में श्रद्धालुओं के मन में बहुत प्रसन्नता होगी। श्री चौपाल ने कहा कि मां सीताजी की यहां न केवल भव्य प्रतिमा बनेगी, बल्कि 51 शक्तिपीठों से मिट्टी एवं ज्योत लाकर मां सीताजी को उसी रूप में स्थापित किया जाना है, जिस रूप में मां 51 शक्तिपीठों में विराजमान हैं।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि माता सीता को पहली बार यहां भगवती के रूप में स्थापित कर सीतामंदी क्षेत्र की शक्ति-स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। श्री चौपाल ने कहा कि जल्द ही बिहार के हर जिले में जन-जागरण अभियान के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर आमजन का साथ लिया जाएगा और फिर बिहार की ही तर्ज पर पूरे भारतवर्ष में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रेस वार्ता में मौजूद राघोपुर बखरी में भूमि के दाता महत रामलीला दास ने कहा कि उनके लिए यह सौभाग्य की बात है कि रामायण रिसर्च काउंसिल जैसी संस्था ने माता सीता के मंदिर निर्माण के लिए कई वर्षों से लगातार पहल की है और काउंसिल के सतत प्रयास को ही देखते हुए हम सब काउंसिल के साथ आए हैं। आशा है कि शीघ्र ही हम मंदिर के निर्माण कार्य को शुरू भी कर लेंगे। बता दें कि रामायण रिसर्च काउंसिल ने सीतामढ़ी स्थित राघोपुर बखरी में 12 एकड़ 43 डिसमिल जमीन प्राप्त कर ली है। साथ ही कुछ और भूमि का एग्रीमेंट भी कर लिया है।

अपने प्रचार के लिए सेना का इस्तेमाल करना घटिया प्रयास, कांग्रेस का सरकार पर हमला

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने सोमवार को सरकार पर अपने राजनीतिक प्रचार के लिए सेना का इस्तेमाल करने का घटिया प्रयास करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की।

बता दें, हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सेना देश भर में सरकारी योजनाओं के प्रचार में मदद करेगी। इसी पर कांग्रेस ने टिप्पणी की है।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि भारत की सेना पूरे देश की सेना है। हमें गर्व है कि हमारी बहादुर सेना कभी भी देश की आंतरिक राजनीति का हिस्सा नहीं बनी। उन्होंने आगे कहा कि पिछले साढ़े नौ साल के दौरान महंगाई, बेरोजगारी व अन्य सभी मोर्चों पर विफलता का सामना करने के बाद मोदी सरकार अब सेना से अपना राजनीतिक प्रचार पाने का बहुत घटिया प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि सेना का राजनीतिकरण करने का यह प्रयास एक बहुत ही खतरनाक कदम है। रमेश ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अनुरोध किया कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करके मोदी सरकार को इस गलत कदम को तुरंत वापस लेने का निर्देश दें।

पांच जजों की पीठ को भेजा गया इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दलों की फंडिंग का केस, 30 अक्टूबर को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा मिलने के मामले को अब सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ सुनवाई करेगी। सोमवार को ही इस मामले में याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह आदेश दिया। कोर्ट ने पांच जजों की पीठ द्वारा इस मामले पर सुनवाई के लिए 30 अक्तूबर की तारीख भी मुकर्रर कर दी।

कोर्ट ने कहा कि उसे इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर एक आवेदन मिला, जिसमें कहा गया था कि इस पर अंतिम निर्णय के लिए इसे बड़ी बेंच के पास भेजा जाए। गौरतलब है कि इससे पहले वकील प्रशांत भूषण ने बेंच के सामने कहा था कि 2024 के आम चुनाव के लिए यह योजना शुरू होने से पहले इसका न्यायिक परीक्षण जरूरी है।

इस मामले पर चार जनहित याचिकाएं लंबित हैं। इनमें से एक याचिकाकर्ता ने मार्च में कहा था कि चुनावी बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को अब तक 12,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है और इसकी दो-तिहाई राशि एक प्रमुख राजनीतिक दल को गई है। दावा किया जाता है कि राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत चुनावी बॉन्ड को दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया है।

गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश भूषण ने कहा, चुनावी बॉन्ड के जरिये अज्ञात स्त्रोतों से होने वाली फंडिंग भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है और भ्रष्टाचार मुक्त देश में रहने के नागरिकों के अधिकार का हनन कर रही है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है।

सिद्धारमैया ने भाजपा के आरोपों का किया खंडन

बेंगलुरु एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को उन आरोपों राजनीति से प्रेरित और आधारहीन बताते हुए खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि आयकर विभाग की ओर से छापेमारी में जब्त की गई नकदी का कांग्रेस पार्टी से संबंध है।

एक दिन पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि एक ठेकेदार और उसके बेटे से 42 करोड़ रुपये समेत नकदी जब्त की गई है, जिनका संबंध कांग्रेस से था। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया था कि सिद्धारमैया सरकार राज्य को एटीएम की तरह इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि जब्त की गई नकदी को पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में लगाया जाना था, सिद्धारमैया ने कहा, हमारा इससे (जब्त किए गए पैसे से) कोई संबंध नहीं है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उन्हें खुद की लड़ाई लड़नी चाहिए। जब हम चुनाव

लड़ते हैं तो अन्य राज्यों से धन के लिए कहते हैं? जनता ही आशीर्वाद देती है। हमारे राज्य का अन्य राज्यों के चुनाव से कोई संबंध नहीं है।

जब उसे सीटी रवि के आरोपों के बारे में पूछा गया कि विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कर्नाटक में कांग्रेस को एक हजार करोड़ रुपये का धन संग्रह करने का लक्ष्य दिया गया है, सिद्धारमैया ने कहा कि वह भाजपा नेता की आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे जो केवल झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा, क्या कोई भी कर्नाटक से एक हजार करोड़ रुपये इकट्ठा करने के लिए कह सकता है? पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अब तक पांच पैसे के लिए भी नहीं कहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एचडी कुमार स्वामी की आयकर विभाग की छापेमारी में जांच की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा कि हमें क्यों जांच करनी चाहिए? यह आयकर विभाग जांच करे। आयकर विभाग ने छापेमारी की है और उसे ही जांच करनी चाहिए। मेरी सरकार को क्यों करना चाहिए? (राज्य) सरकार के खिलाफ कहां आरोप हैं? मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति से प्रेरित बयानों के आधार प र कोई भी जांच नहीं की जा सकती।

सऊदी प्रिंस ने एंटनी ब्लिंकन को घंटों कराया इंतजार, इजरायल के चलते स को झेलना पड़ा अपमान

अबुधावी, एजेंसी। इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध ने अमेरिका के लिए भी कूटनीतिक मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सऊदी अरब और मिस्र जैसे करीबी देश भी अमेरिका पर भड़क गए हैं और इस मामले में उसके स्टैंड को लेकर नाराज हैं। इसी के चलते अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इन दिनों अरब देशों की यात्रा पर हैं। इस बीच खबर है कि सऊदी अरब पहुंचे एंटनी ब्लिंकन को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मुलाकात से पहले घंटों इंतजार कराया। इसके अलावा मिस्र के नेता अब्देल फतह अल-सीसी ने भी अमेरिका के रुख पर आपत्ति जताई है। माना जा रहा है कि इसी के बाद अमेरिका के तेवर थोड़े बदले हैं और उसने इजरायल से गाजा पर कब्जा करने से बचने की सलाह दी है। दरअसल रियाद पहुंचे एंटनी ब्लिंकन की शाम को ही सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से मुलाकात होनी थी। लेकिन उन्हें घंटों इंतजार कराया गया और फिर अगली सुबह ही मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात हो सकी। यही नहीं मीटिंग की शुरुआत में ही मोहम्मद बिन सलमान ने साफ कर दिया कि इजरायल के मामले में अमेरिका का स्टैंड गलत है। उन्होंने कहा कि इजरायल को गाजा में आक्रमण से बचना होगा और तुरंत अपनी फौजों को वह पीछे हटाए। सऊदी प्रिंस ने कहा कि इजरायल की आक्रामकता की कीमत बेगुनाह फिलिस्तीनी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा पट्टी में पानी और बिजली तक पर रोक है। इसके चलते लोग एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति को तुरंत कंट्रोल करना होगा अन्यथा पूरे अरब क्षेत्र में इसका असर दिखेगा। अरब देशों में सऊदी अरब की राय की हमेशा से अहमियत रही है। इस्लामिक मुल्कों के नेता के तौर पर पहचान रखने वाले सऊदी अरब की नीति बैलेंस की रही है, लेकिन फिलिस्तीन के मसले पर इस बार वह आंतरिक तौर पर दबाव में है। कहा जा रहा है कि सऊदी अरब की जनता मानती है कि उनके नेतृत्व को इस मसले पर फिलिस्तीन का ही साथ देना चाहिए।वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मेमो में सऊदी अरब की मीटिंग को लेकर जानकारी दी गई है। सऊदी अरब के अलावा मिस्र से भी अमेरिका के रिश्ते फिलहाल दांव पर लग गए हैं। बता दें कि अमेरिका ने शनिवार को बताया था कि उसने काहिरा के साथ एक डील कर ली है। इसके तहत मिस्र गाजा से लगा अपना बॉर्डर खोलेगा ताकि वहां से पलायन कर रहे लोगों को मदद मिल सके। हालांकि मिस्र ने ऐसा करने से मना कर दिया है। इसके चलते उन फिलिस्तीनियों को वापस लौटना पड़ा जो मिस्र में घुसना चाहते थे।

तालिबान को 120 देशों के साथ बिठाने जा रहा चीन, पहली बार मिलेगी इतनी अहमियत

बीजिंग/काबुल एजेंसी। चीन में अगले सप्ताह बेल्ट ऐंड रोड फोरम का आयोजन होना है, जिसमें 120 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेने वाले हैं। यही नहीं इसमें उसने अफगानिस्तान की सत्ता चला रहे तालिबान को भी बुलाया है। यह पहला मौका होगा, जब 2021 में सत्ता पाने के बाद वह किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर जगह पा जाएगा। एक आतंकी संगठन रहे तालिबान को इस तरह वैश्विक मंच पर जगह देने की चीन की क्या मंशा है, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि चीन चाहता है कि वह अफगानिस्तान को अपने करीब लाने के लिए पहले ही तालिबान से रिश्ते अच्छे कर ले ताकि भारत की पकड़ पड़ोस में कमजोर हो सके। पूरे मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए तालिबान सरकार के मंत्री और अधिकारी पहले भी दूसरे देशों की यात्रा कर चुके हैं। लेकिन यह पहला मौका होगा, जब हाईप्रोफाइल वैश्विक मंच पर तालिबान दिखेगा। इसके लिए उसे आधिकारिक तौर पर न्योता दिया गया है और वह दुनिया के 120 देशों के साथ मंच साझा करेगा। इस तरह तालिबान को पहली बार वैश्विक राजनीति की मुख्य धारा से जुड़ने के मौका मिलेगा।

युद्ध में लापता और बंधक बनाए गए लोगों के परिजनों से मिले नेतन्याहू, कहा- जल्द लौटेंगे

यरूसलम, एजेंसी। हमास और इजरायल के बीच युद्ध को आज तकरीबन 10 दिन हो गए हैं। युद्ध के दौरान 1300 से अधीक लोगों की मौत हो गई तो वहीं सैकड़ों लोग अभी तक लापता हैं। इतना ही नहीं कई लोगों को हमास के आतंकियों ने बंधक भी बना रखा है, एक खबर के अनुसार हमास के आतंकी लोगो को बंधक बना के गाजा ले गए हैं।

इजरायल और हमास के बीच की लड़ाई में अनेक परिवार बिछड़ गये है। इसी बीच इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने उनके सोशल मीडिया हैंडल पर ट्वीट करते हुए कहा की पीएम नेतन्याहू ने आज बंदी बनाए गए , लापता लोगों के परिवारों से मुलाकात की। इसी के साथ पीड़ित परिजनों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमें वादा किया है कि वे जल्द से जल्द हमें हमारे अपनों से मिलवाएंगे और सब को सही सलामत वापस लाएंगे

। इसके अलावा लोगों ने कहा कि नेतन्याहू ने यह भी स्वीकारा कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख तजाची हानेग्बी के द्वारा की गई टिप्पणी का समर्थन नहीं करते है।आपको बता दें की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख तजाची हानेग्बी ने कहा था कि इजरायल उस दुश्मन से कभी बात नहीं करेगा, जिसे हमने धरती से मिटाने की कसम खाई है।

शनिवार को तेल अवीव में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें लापता हुए व्यक्तियों के परिजनों ने हीसा लिया, जिसमें एक परिजन ने अपना दुख प्रकट करते हुए कहा कि मेरी चचेरी बहन और उसके नौ माह और चार साल के बच्चों को आतंकी उसके घर से उठा कर ले गए थे। उनका इसमें क्या गुनाह था, वे सब निर्दोष हैं। अब हम सब यहीं चाहते हैं कि हमरे परिजनों को जल्द से जल्द जिंदा वापिस लाया जाए।

हमास ने नेपाली छात्र को बनाया बंधक, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की मदद से ढूंढने के प्रयास

काठमांडू, एजेंसी। इजराइल के एक फार्म पर हमास के हमले के बाद लापता हुए एक नेपाली छात्र को इस फिलीस्तीनी चरमपंथी समूह द्वारा बंधक बना लिया गया है और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की मदद से उसे ढूंढने के प्रयास जारी हैं। नेपाल सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। हमास ने पिछले शनिवार को दक्षिणी इजराइल में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए थे, जिसमें 10 नेपाली छात्रों की मौत हो गई थी। छह छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया था, जबकि एक छात्र लापता है। ये 17 नेपाली छात्र लर्न एंड अर्न योजना के अंतर्गत फार्म में प्रशिक्षु के रूप में कार्य कर रहे थे।

विदेश मंत्री एन. पी. सउद ने यहां अपने आवास पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधियों के एक समूह को बताया कि बिपिन जोशी को आतंकवादी समूह द्वारा अगवा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बिपिन ने नेपाली छात्रों पर हमास द्वारा किए गए हथगोले से हमले में अन्य नेपाली छात्रों की जान बचाई थी। उन्होंने कहा, जोशी को हमास ने बंधक बनाया हुआ है। उनके (जोशी के) सहयोगियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर हमास ने जोशी और थाइलैंड के नागरिकों के एक समूह को बंधक बनाया हुआ है। नेपाल सरकार ने जोशी का पता लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों और राजनयिक मिशनों से

अनुरोध किया है। सउद ने कहा कि जोशी ने छात्रों पर हमास द्वारा फेंके गए दो हथगोलों में से एक को वापस फेंक दिया था। उन्होंने कहा, ''इजराइली सरकार ने आतंकी हमले में मारे गए 10 नेपाली छात्रों के शव अपने नियंत्रण में ले लिया है। सउद ने कहा, ''मैंने इस मसले पर इजराइल के विदेश मंत्री (एली कोहेन) से बात की है और हम शवों को जल्द से जल्द वापस लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इजराइल में नेपाली राजदूत ने भी जल्द से जल्द शवों को नेपाल वापस भेजने की प्रतिबद्धता जताई है। नेपाल सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श भी जारी किया है, जिसमें उनसे बहुत जरूरी न होने पर इजराइल की यात्रा से बचने का आग्रह किया गया है। परामर्श में बताया गया है कि अगर यात्रा बहुत ही जरूरी है तो विशेष सावधानी बरतें।

इजराइल-गाजा युद्ध के बीच चीन बीआरआई शिखर सम्मेलन को तैयार, निमंत्रण सूची में सबसे ऊपर पुतिन

बीजिंग, एजेंसी। इजराइल-गाजा युद्ध के बीच चीन बीआरआई शिखर सम्मेलन को तैयार है। चीन ने सोमवार को एक ऐसे मंच पर 130 देशों के प्रतिनिधियों की मेजबानी करने की तैयारी की, जिस पर इजरायल-गाजा युद्ध का साया होगा। तेजी से मुखर हो रहे बीजिंग से जंगी हिंसा को कम करने में मदद करने के लिए कहा गया है।उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेता चीन की बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक बैठक में भाग लेने के लिए बीजिंग पहुंच रहे हैं।

फोरम की निमंत्रण सूची में सबसे ऊपर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हैं, जो यूक्रेन पर हमले के बाद अपने शासन को अंतरराष्ट्रीय अलगाव में डालने के बाद किसी प्रमुख वैश्विक शक्ति की अपनी पहली यात्रा पर हैं। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सोमवार को बीजिंग पहुंचे। उनसे पहले चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन रविवार रात यहां पहुंचे थे। हंगरी की सरकारी समाचार एजेंसी 'एमटीआई (मग्यार तविराती इरोडा) ने बताया कि ओर्बन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री ली कियांग से रविवार को मुलाकात की। यह पहल जिनपिंग की अहम नीति है। इसके तहत चीनी कंपनियों ने व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए दुनिया भर में बंदरगाहों, सड़कों, रेलवे संबंधी सुविधाओं एवं बिजली संयंत्रों का निर्माण किया है, लेकिन इन परियोजनाओं के लिए चीन द्वारा दी गई ऋण की बड़ी रकम के कारण कुछ गरीब देश भारी कर्ज में डूब गए हैं। अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य एशिया और पश्चिम एशिया के अन्य नेता 'बेल्ट एंड रोड फोरम में भाग लेंगे। इसका मुख्य कार्यक्रम बुधवार को आयोजित होगा। इसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के प्रतिनिधियों के भाग लेने की भी संभावना है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह चीन के नेताओं से बीजिंग में मुलाकात कर सकते हैं। उनकी चीन यात्रा रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में चीन का रूस के लिए आर्थिक और राजनयिक समर्थन को रेखांकित करेगी।

दोनों देशों ने अमेरिका और अन्य लोकतांत्रिक देशों के खिलाफ एक औपचारिक गुट बना लिया है। वर्तमान में इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध ने स्थितियों को और जटिल बना दिया है। चीन इजराइल के साथ संबंधों में संतुलन बिठाने की कोशिश कर रहा है, साथ ही ईरान और सीरिया के साथ आर्थिक संबंधों में भी वह तालमेल बना रहा है। पुतिन की यात्रा बुनियादी ढांचे के निर्माण और चीन के विदेशी प्रभाव का विस्तार करने की चीनी नेता शी चिनफिंग की महत्वाकांक्षी 'बेल्ट एंड रोड योजना को भी एक प्रकार से उनका समर्थन दिखाती है। चीन के राष्ट्रपति ने करीब दस वर्ष पहले इस योजना की घोषणा की थी। योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होने वाले नेताओं में पुतिन सबसे अधिक हाई प्रोफाइल और चर्चित नेता होंगे। जांबिया और श्रीलंका जैसे देशों ने सड़क, हवाई अड्डे और अन्य आधारभूत ढांचों के निर्माण के लिए चीन की कंपनियों के साथ करार किए हैं और इसके साथ ही ये देश कर्ज में डूब गए हैं। पुतिन की यात्रा को लेकर अभी कोई पुष्टि नहीं की गई है लेकिन चीनी अधिकारियों ने कहा कि वह सोमवार रात को पहुंचेंगे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129